ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 18 जून 2024
वर्ष 2, अंक 298, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



इंग्लैंड ने सर्बिया को 1-0 से हराया 2

सूर्या की शूटिंग फिर से शुरू करेंगे सनी देयोल 14

# भीषण रेल हादसे में 9 की मौत, 41 लोग घायल

- पश्चिम बंगाल में दार्जिलिंग के जलपाईगुड़ी के पास हुआ हादसा
- राज्य और केंद्र की कई एजेंसियां युद्ध स्तर पर बचाव कार्य में जुटीं
- हादसे में जान गंवाने वालों में सात यात्री व दो रेल कर्मचारी शामिल

**न्यू जलपाईगुड़ी/कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल में दार्जिलिंग के जलपाईगुड़ी के पास भयानक रेल हादसा हुआ है। हादसे में कंचनजंघा एक्सप्रेस (13174) से एक मालगाड़ी भिड़ गई, जिसमें 9 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 41 लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों के मुताबिक मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। राज्य और केंद्र की कई एजेंसियां स्थानीय लोगों के साथ मिलकर उन यात्रियों को बचाने के लिए युद्ध स्तर पर काम कर रही हैं।

रेल मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक दुर्घटना में जान गंवाने वालों में सात यात्री व दो रेलवे कर्मचारी थे। हादसे में नौ लोगों को गंभीर चोटें आई हैं और 32 को मामूली चोटें आईं हैं। मंत्रालय ने कहा कि अप लाइन को ठीक करते हुए उस पर ट्रेन परिचालन शुरू कर दिया गया है। साथ ही कहा कि डाउन लाइन को भी जल्द ही ठीक कर दिया जाएगा। त्रिपुरा के अगरतला से पश्चिम बंगाल के सियालदह जा रही कंचनजंघा एक्सप्रेस डाउन लाइन पर थी और कोलकाता से लगभग 600 किलोमीटर दूर न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन के पास एक मालगाड़ी ने उसमें पीछे से टक्कर मार दी थी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दुर्घटना स्थल का मुआयना किया। सड़क संकरी होने की वजह से वह कुछ दूरी तक बाइक से भी गए। रेल मंत्री ने कहा कि कंचनजंघा एक्सप्रेस में एक मालगाड़ी के पीछे से टक्कर मारने के कारणों की जांच रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) ने शुरू कर दी है। दुर्घटना के लिए जिम्मेदार परिस्थितियों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए उपाय किए जाएंगे।

**रेलवे पूरी तरह लावारिस हो गया है : ममता-** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि रेलवे पूरी तरह लावारिस हो गया है और इसकी दिलचस्पी केवल किराया बढ़ाने में है, यात्री सुविधाओं में सुधार करने में नहीं है। उन्होंने दावा किया मंत्रालय वहां है, लेकिन पुराना गौरव गायब है। केवल सौंदर्यीकरण किया जा रहा है।

### मोदी ने जताया शोक मृतकों के परिजनों को देगा 10 लाख मुआवजा

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने इस दुर्घटना में मारे गये लोगों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये और गंभीर रूप से घायल यात्रियों को 2.5-2.5 लाख रुपये देने की घोषणा की है। मामूली रूप से घायल यात्रियों को 50-50 हजार रुपये देने की घोषणा की है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेल दुर्घटना में प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो दो लाख रुपये तथा 50-50 हजार रुपये की राशि देने की घोषणा की है। यह राशि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दी जाएगी। मोदी ने हादसे में मारे गए लोगों के प्रति शोक जताते हुए उन लोगों के प्रति संवेदना प्रकट की जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया। घायलों के जल्द से जल्द ठीक होने की कामना की।



पश्चिम बंगाल में दार्जिलिंग के जलपाईगुड़ी के पास हुए भीषण ट्रेन हादसे में मालगाड़ी के इंजन पर कंचनजंघा एक्सप्रेस की बोगी चढ़ गई। ● एजेंसी



दुर्घटनाग्रस्त ट्रेन के ऊपर चढ़कर बचाव कार्य करते कर्मचारी। ● एजेंसी

### राहुल और खरगे ने रेल मंत्रालय के घोर कुप्रबंधन को लेकर मोदी सरकार की आलोचना की

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे व राहुल गांधी ने ट्रेन दुर्घटना में यात्रियों की मौत पर शोक व्यक्त कर रेल मंत्रालय के घोर कुप्रबंधन के लिए नरेन्द्र मोदी सरकार की आलोचना की। खरगे ने कहा दुर्घटना के दृश्य हृदय विदारक हैं। खरगे ने आरोप लगाया कि पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार रेल मंत्रालय के घोर कुप्रबंधन में लिप्त रही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि एक जिम्मेदार विपक्ष के रूप में यह रेखांकित करना उनकी पार्टी का कर्तव्य है कि कैसे मोदी सरकार ने रेल मंत्रालय को व्यवस्थित रूप से कैमरा-संचालित स्व-प्रचार के मंच में बदल दिया है। आज की त्रासदी इस कटु वास्तविकता की एक और यादगार घटना है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि पिछले 10 वर्षों में रेल दुर्घटनाओं में वृद्धि मोदी सरकार के कुप्रबंधन और लापरवाही का प्रत्यक्ष परिणाम है। जिसके कारण रोजाना यात्रियों की जान-माल की हानि हो रही है। एक जिम्मेदार विपक्ष के रूप में हम इस घोर लापरवाही पर सवाल उठाना जारी रखेंगे और इन दुर्घटनाओं के लिए मोदी सरकार को जिम्मेदार ठहराएंगे।

### स्वचालित सिग्नल फेल होने की वजह से मालगाड़ी को सिग्नल पार कर आगे ले जाने की थी अनुमति

रेलवे अधिकारियों से मिली शुरुआती जानकारी के मुताबिक, यात्री ट्रेन पटरी पर खड़ी थी तभी पीछे से मालगाड़ी ने उसमें टक्कर मार दी। इस बीच, आंतरिक दस्तावेज़ों से पता चला कि मालगाड़ी को सभी लाल सिग्नलों को पार करने की अनुमति दी गई थी क्योंकि स्वचालित सिग्नलिंग विफल हो गई थी। रेलवे के एक सूत्र ने बताया कि दस्तावेज, टीए 912 नामक एक लिखित प्राधिकार, मालगाड़ी के चालक को रानीपत्रा के स्टेशन मास्टर द्वारा जारी किया गया था, जिसमें उसे सभी लाल सिग्नल पार करने के लिए अधिकृत किया गया था। सूत्र के अनुसार, रानीपत्रा और कैट के बीच स्वचालित सिग्नलिंग प्रणाली सुबह 5.50 बजे से खराब थी। ट्रेन नंबर 13174 (सियालदह-कंचनजंगा एक्सप्रेस) सुबह 8.27 बजे रंगापानी स्टेशन से रवाना हुई और आरएनआई और कैट के बीच रुकी।

### 2004 से देशभर में हुए कितने रेल हादसे, कितनों की हुई मौत

- 2 जून, 2023 : एक साल पहले जून के महीने में ही बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस से टकराने के बाद कोरोमंडल एक्सप्रेस बालासोर में एक मालगाड़ी टकरा गई थी। इस हादसे में 300 से अधिक लोगों की मौत हुई थी, जबकि 1,000 से अधिक लोग घायल हो गये थे।
- 29 अक्टूबर, 2023 : विशाखापट्टनम-पलासा पैसेंजर ट्रेन और विशाखापत्तनम-रायगडा पैसेंजर ट्रेन के बीच टक्कर हो गई थी। इस टक्कर में 14 लोगों की मौत हो गई थी।
- 11 अक्टूबर, 2023 : बिहार नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस पटरी से उतर गई थी. इस दुर्घटना में 70 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे।
- 25 अगस्त, 2023 : लखनऊ-रामेश्वरम भारत गौरव ट्रेन में आग लग गई थी। इस आग की वजह से 9 यात्रियों की मौत हो गई थी जबकि 20 अन्य घायल हो गए थे।
- 13 जनवरी, 2022 : बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस के 12 डिब्बे पटरी से उतर गए थे। इसमें 9 यात्रियों की मौत हो गई थी जबकि 36 अन्य घायल हो गए थे।
- 2004 से 2014 के बीच करीब 1853 रेल दुर्घटनाएं हुई हैं। 2004-14 की अवधि के दौरान प्रतिवर्ष 171 रेल दुर्घटनाएं हुई हैं, जबकि 2015 से 2023 तक 449 रेल दुर्घटना हुई हैं। 2014-23 की अवधि के दौरान प्रतिवर्ष 71 रेल दुर्घटनाएं हुई हैं।

## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने रविवार रात जिले के अरागाम इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। अंतिम रिपोर्ट मिलने तक अभियान जारी था। मारे गए आतंकवादी की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

### झारखंड के पश्चिम सिंहभूम में पुलिस मुठभेड़ में चार माओवादी ढेर

**झारखंड।** झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले में सोमवार तड़के पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में चार माओवादी मारे गए। यह मुठभेड़ टोंटो और गोइलकेरा इलाके में हुई। झारखंड पुलिस के प्रवक्ता और महानिरीक्षक (अभियान) अमोल वी होमकर ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान दो माओवादी को गिरफ्तार भी किया गया है। मारे गए चार माओवादियों में एक जोनल कमांडर, एक सब-जोनल कमांडर, एक एरिया कमांडर और संगठन का एक कार्यकर्ता है। एक महिला समेत दो माओवादियों को गिरफ्तार किया गया।

### सीआईडी ने येदियुरप्पा से पॉक्सो मामले में तीन घंटे तक पूछताछ की

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में सीआईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता बीएस येदियुरप्पा से पॉक्सो कानून के तहत उनके खिलाफ दर्ज एक मामले के संबंध में सोमवार को तीन घंटे तक पूछताछ की। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने 14 मार्च को दर्ज मामले के संबंध में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता की गिरफ्तारी पर शुक्रवार को रोक लगा दी थी। पुलिस के मुताबिक, 17 वर्षीय एक लड़की की मां की शिकायत के आधार पर येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की धारा 354 ए (यौन उत्पीड़न) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## राहुल गांधी वायनाड की सीट छोड़ेंगे वहां से प्रियंका वाड्रा लड़ेंगी चुनाव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केरल की वायनाड लोकसभा सीट छोड़ने की सोमवार को घोषणा की और कहा कि वहां से पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा चुनाव लड़ेंगी। कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी के आवास पर पार्टी की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका वाड्रा और पार्टी महासचिव के सी वेणुगोपाल उपस्थित थे।

राहुल ने पार्टी अध्यक्ष खड़गे और प्रियंका की उपस्थिति में मीडिया के समक्ष यह घोषणा करते हुए कहा कि उनके लिए यह निर्णय कोई आसान नहीं है। उनका रायबरेली और वायनाड दोनों निर्वाचन क्षेत्र से भावानात्मक रिश्ता है और वह वायनाड का दौरा करते रहेंगे। प्रियंका ने इस निर्णय पर खुशी जताई है। राहुल गांधी 18वीं लोकसभा के चुनाव में उत्तर प्रदेश की रायबरेली और केरल की वायनाड सीट, दोनों जगहों पर चुनाव लड़े थे और दोनों सीटों पर विजयी हुए। नियम के अनुसार किसी व्यक्ति को एक समय में लोकसभा में किसी एक सीट का ही प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिल सकता है। गांधी ने कहा कि वह वायनाड के हर व्यक्ति से प्यार करते हैं और उनके दरवाजे वहां के लोगों के लिए हमेशा खुले रहेंगे।



- सोनिया गांधी के आवास पर पार्टी की बैठक में लिया गया निर्णय

### बहुत खुश हूं कि वायनाड के लोगों का प्रतिनिधित्व करूंगी : प्रियंका

प्रियंका वाड्रा ने कहा मैं बहुत खुश हूं कि मैं वायनाड के लोगों का प्रतिनिधित्व कर सकूंगी। मुझे नहीं लगता कि वहां के लोगों को राहुल गांधी की कमी महसूस होगी क्योंकि जैसा कि उन्होंने कहा कि वह बीच-बीच में जाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि पूरी मेहनत के साथ वायनाड के लोगों की सेवा करने और उन्हें खुश रखने का प्रयास करेंगी। रायबरेली से मेरा पुराना रिश्ता है वहां मैंने पिछले 20 साल से काम किया है। उन्होंने कहा कि रायबरेली और अमेठी से उनका रिश्ता टूट नहीं सकता और यह कायम रहेगा।

## कानपुर-बुंदेलखंड में लू के कहर से 59 लोगों की मौत

**कानपुर।** लू के गर्म थपेड़ों ने जीना मुहाल कर दिया है। स्थिति यह है कि लू और हीट स्ट्रोक की वजह से सोमवार को कानपुर, बुंदेलखंड और आसपास के जिलों में 59 लोगों की मौत हो गई। बुंदेलखंड क्षेत्र में 32 लोगों ने लू व हीट स्ट्रोक की वजह से दम तोड़ दिया। वहीं कानपुर में 20, कानपुर देहात में 1 और औरैया में 2, उन्नाव में 3 व फतेहपुर 1 लोगों की मौत हुई। हमीरपुर में 17, महोबा और उरई में 3-3, चित्रकूट में 8 व बांदा में 1 व्यक्ति की मौत हो गई। हालांकि जिला प्रशासन लू से मौत होने से इंकार कर रहा है। कन्नौज में पेड़ों पर बैठे पक्षी भी गर्मी से नीचे गिरकर मर गए। कन्नौज में अधिकतम तापमान 46.2 डिग्री रहा। कानपुर में अधिकतम पारा 45.8 डिग्री रहा। हमीरपुर में अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस रहा।

## किसानों के खाते में आज आएंगे 20 हजार करोड़

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचारः** तीसरी बार देश की सत्ता संभालने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को वाराणसी पहुंचेंगे। इस दो दिवसीय दौरे में वह सेवापुरी विधानसभा स्थित मेंहदीगंज में किसान सम्मान सम्मेलन को संबोधित करेंगे। नरेंद्र मोदी काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे। साथ ही दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती में शामिल होंगे।

प्रधानमंत्री के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। मोदी वहां डीबीटी के माध्यम से लगभग 20 हजार करोड़ की किसान सम्मान निधि लगभग 9.26 करोड़ लाभार्थी किसानों के खाते में ट्रांसफर करेंगे। इसके अलावा स्वयं सहायता समूह की 30,000 महिलाओं को प्रमाण पत्र भी देंगे। भाजपा ने किसान सम्मेलन में 50 हजार किसानों की भागीदारी का लक्ष्य रखा है। प्रधानमंत्री अपने नामांकन के पहले बाबा विश्वनाथ और मां गंगा का दर्शन करने गये थे।

चुनाव जीतने और प्रधानमंत्री पद की हैट्रिक लगाने के बाद एक बार फिर मंगलवार को वे बाबा विश्वनाथ के दरबार में शीश नवाएंगे, साथ ही दशाश्वमेध पर माँ गंगा का दर्शन-आरती में भी शामिल होंगे।



- प्रधानमंत्री दो दिवसीय दौरे को लेकर आज पहुंचेंगे वाराणसी

## एयर इंडिया की इंटरनेशनल फ्लाइट में खाने में निकला ब्लेड

**मुंबई।** एअर इंडिया की इंटरनेशनल फ्लाइट में एक पैसेंजर के खाने में ब्लेड मिलने का मामला सामने आया है। पैसेंजर ने खुद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट शेयर कर इस बात की जानकारी दी। पोस्ट के बाद रविवार 16 जून को एअर इंडिया ने बयान जारी कर पैसेंजर के खाने में ब्लेड मिलने की बात को स्वीकार किया और माफी मांगी। एयरलाइन ने कहा कि यह वस्तु उसके खानपान साझेदार की सुविधाओं में इस्तेमाल की जाने वाली सब्जी प्रसंस्करण मशीन से आई थी। एयर इंडिया के मुख्य उपभोक्ता अनुभव अधिकारी राजेश डोगरा ने बयान में कहा कि एयरलाइन इस बात की पुष्टि करती है कि हमारे एक विमान में सवार यात्री के भोजन में ऐसी वस्तु मिली जो भोजन का हिस्सा नहीं थी।

## हर जिला रेंज और जोन स्तर पर भी शुरू हो जनता दर्शन

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के बाद लखनऊ और गोरखपुर में जनता दर्शन कर आमजन की समस्याओं को सुन रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अब इस कार्यक्रम को जिला स्तर पर भी आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को जारी एक निर्देश में योगी आदित्यनाथ ने कहा, हर जिला रेंज और जोन स्तर पर जनता दर्शन तत्काल शुरू हो। हर जिला, रेंज, जोन स्तर पर कौन सा अधिकारी, किस दिन कहां जनसुनवाई करेगा इसकी पूर्व जानकारी भी जनता को दी जाए।

मुख्यमंत्री के मुताबिक, जनसुनवाई की पूर्व सूचना होने से लोग अपनी समस्या लेकर जनता दर्शन में आ सकेंगे और उनकी समस्याओं का समाधान हो सकेगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि अधिकारीगण जनसमस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता व समय से करें क्योंकि आमजन की संतुष्टि ही आपके काम का मानक है। दरअसल, लोकसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता प्रभावी रहने के कारण से मार्च महीने में मुख्यमंत्री का जनता दर्शन कार्यक्रम रुक गया था। अब इस कार्यक्रम को एक बार फिर शुरू किया गया है।



- मुख्यमंत्री ने कहा- जनसमस्याओं को प्राथमिकता दें अधिकारी

## आईआईटी खड़गपुर की छात्रा का शव फंदे से लटका मिला

**कोलकाता।** आईआईटी खड़गपुर की तीसरे वर्ष की छात्रा का शव सोमवार को उसके छात्रावास में फंदे से लटकता पाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी (आईपीएस) ने बताया कि छात्रा देविका पिल्लई (21) का शव छात्रावास की इमारत की छत से फंदे पर लटका मिला। यह आत्महत्या है या कुछ और, इसका पता नहीं चल पाया है। हमने जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए खड़गपुर उप-मंडल अस्पताल भेज दिया गया है।

आईआईटी खड़गपुर ने मामले में बयान जारी कर कहा कि जैव प्रौद्योगिकी विभाग की तीसरी वर्ष की छात्रा देविका का शव सुबह सरोजिनी नायडू छात्रावास की छत से लटका मिला। छात्र, कर्मचारी और संकाय सदस्य देविका के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं।

## बाढ़ को लेकर 29 अतिसंवेदनशील जिलों पर नजर

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

### उप्र. में 20 से 25 जून के बीच मानसून आने की संभावना

**अमृत विचारः** भीषण गर्मी और लू से परेशान प्रदेशवासियों के लिए राहत की खबर है। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों के अनुसार राज्य में 20 से 25 जून के बीच मानसून आने की संभावना है। ऐसे में राज्य सरकार मानसून को लेकर सतर्क हो गयी है। मुख्यमंत्री ने उच्च स्तरीय बैठक कर मानूसन की सक्रियता के बाद बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए अधिकारियों को खाका तैयार करने का आदेश दिया था ताकि प्रदेशवासियों और उनके मवेशियों को समय रहते सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जा सके।

राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि बाढ़ की स्थिति से निपटने की तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। उन्होंने बताया कि बाढ़ से निपटने के लिए प्रदेश को तीन भागों में बांटा गया है। इसमें अतिसंवेदनशील श्रेणी में 29, संवेदनशील श्रेणी में 11 और सामान्य श्रेणी में 35 जनपद शामिल हैं। इन जिलों में विशेष निगरानी के लिए टीमों का गठन कर अलर्ट कर दिया गया है, जिसमें सिंचाई विभाग, कृषि विभाग और पशुपालन विभाग के अधिकारी के साथ कर्मचारी शामिल हैं।

इसके अलावा एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, पीएसी और मौसम विभाग भी सचेत है। राहत आयुक्त ने बताया कि बाढ़ से निपटने के लिए एनडीआरएफ की 7 टीमें, एसडीआरएफ की 18 टीमें और पीएसी की 17 टीमों की प्रीपोजीशनिंग की जा चुकी है। इसके साथ ही राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा बाढ़ की अवधि में मौसम विभाग, सिंचाई विभाग, कृषि विभाग और केंद्रीय जल आयोग से रिपोर्ट्स प्राप्त कर दैनिक समीक्षा का रोस्टर तैयार कर लिया गया है ताकि बाढ़ प्रबंधन के संबंध में आवश्यक कवायद की जा सके।



- शासन ने बाढ़ से निपटने के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश
- आपदा से निपटने के लिए प्रदेश को तीन भागों में बांटा गया

### आपदा मित्रों और वालंटियर्स को दिया गया प्रशिक्षण

बाढ़ से निपटने के लिए राज्य स्तरीय इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर को भी सतर्क कर दिया गया है, जहां चौबीसों घंटे राहत हेल्पलाइन 1070 के लिए 20 सीटर कॉल सेंटर संचालित कर दिया गया है। इमरजेंसी सेंटर के माध्यम से बाढ़ प्रभावित जिलों में फील्ड में तैनात अधिकारियों को एसएमएस और वॉयस कॉल के माध्यम से वास्तविक स्थिति से अपडेट किया जाएगा ताकि समय रहते स्थिति से निपटा जा सके। बाढ़ समेत अन्य आपदा से निपटने के लिए 400 आपदा मित्रों की तैनाती की है। इन्हे 15 दिन की ट्रेनिंग के साथ यूनीफार्म, आईडी कार्ड, सर्टिफिकेट तथा इमरजेंसी रिस्पांडर किट उपलब्ध करायी गयी है। इसके अलावा 10500 वालंटियर्स को प्रशिक्षण दिया गया है।



# पंड्या और पंत का प्रदर्शन सकारात्मक पहलू

## पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन बोले- पंड्या का बेहतर गेंदबाजी प्रदर्शन और पंत का बल्ले से योगदान टीम के लिए उपयोगी

नई दिल्ली, एजेंसी

टी-20 विश्व कप के ग्रुप चरण में भारत के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा कि हार्दिक पंड्या का उम्मीद से बेहतर गेंदबाजी प्रदर्शन और ऋषभ पंत का तीसरे नंबर पर बल्ले से उपयोगी योगदान टीम के लिए सबसे बड़ी सकारात्मक चीजों में शामिल हैं।

भारत ने आयरलैंड, पाकिस्तान और अमेरिका को हराकर सुपर आठ में अपनी जगह पक्की की। कनाडा के खिलाफ टीम का आखिरी मैच गीली आउटफील्ड के कारण रद्द हो गया था। हरभजन ने कहा टीम के लिए सबसे बड़ी सकारात्मक बात यह है कि हार्दिक पंड्या विकेट चटका रहे हैं। विश्व कप से पहले इंडियन प्रीमियर लीग में पंड्या का प्रदर्शन खराब था लेकिन उन्होंने अमेरिका में ग्रुप चरण के तीन मैचों में सात विकेट लेकर अच्छी वापसी की। पंत दिसंबर 2022 में एक भयानक कार दुर्घटना में गंभीर रूप से चोटिल हो गये थे। उन्होंने लंबे इलाज और रिहैबिलिटेशन के बाद इस साल आईपीएल से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की। टी-20 विश्व कप में उन्होंने तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए मुश्किल पिच पर 124.67 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। हरभजन ने कहा पंड्या के अलावा ऋषभ पंत ने तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी से प्रभावित किया। जब वह तीसरे नंबर पर खेलते है तो दाएं और बाएं हाथ के बल्लेबाजों का संयोजन बनता है। भारत सुपर आठ में अपने अभियान की शुरुआत 20 जून को बारबाडोस में अफगानिस्तान के खिलाफ करेगा। टीम के पास नई परिस्थितियों की चुनौती का सामना करने की क्षमता है। टीम के साथ बहुत सारी सकारात्मक चीजें हैं। बेशक, चुनौतियां और कठिनाई है, लेकिन चुनौतियां उनके सामने आती हैं जो बेखौफ होते हैं। यह निडर खिलाड़ियों की टीम है। उन्होंने अच्छा संघर्ष किया और बहुत अच्छा खेले। इस वजह से वे ग्रुप में शीर्ष पर रहे।



**7** विकेट ग्रुप चरण के तीन मैचों में लेकर हार्दिक पंड्या ने की है अच्छी वापसी



### रोहित के कोच ने ही मेरे करियर को दिया आकार : हरमीत सिंह

**नई दिल्ली।** अमेरिका में चल रहे टी-20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन कर रही अमेरिकी टीम का हिस्सा बाएं हाथ के स्पिनर हरमीत सिंह ने खुलासा किया है कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के कोच दिनेश लाड ने उनके करियर को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 31 वर्षीय हरमीत ने दो अंडर-19 विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व किया और अमेरिका जाने से पहले आयु वर्ग टूर्नामेंटों में मुंबई के लिए खेले। वह अब अमेरिकी टीम के सदस्य है जिसने टी-20 विश्व कप में अपने पहले ही प्रयास में सुपर आठ चरण में जगह बनाई। एक वीडियो में हरमीत ने कहा मैं इस यात्रा में मेरा साथ देने वाले सभी लोगों और विशेष रूप से दिनेश लाड सर को धन्यवाद देना चाहता हूं। मेरी प्रतिभा को सबसे पहले लाड सर ने पहचाना जो मेरे स्कूल के दिनों में कोच और मेंटर थे (रोहित शर्मा उसी स्कूल में पढ़ते थे)। उन्होंने कहा असल में उन्होंने ही मुझे अपने स्कूल में शामिल होने की सलाह दी थी। वहां उन्होंने मुझे वह सब कुछ दिया जो वह संभवत: दे सकते थे। हरमीत ने कहा कि लाड के बिना उनकी प्रगति संभव नहीं थी। मैंने स्वामी विवेकानंद स्कूल में दाखिला लिया।

## गंभीर ने गृह मंत्री अमित शाह से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटोर गौतम गंभीर ने सोमवार को गृह मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। गंभीर 2019 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर पूर्वी दिल्ली से सांसद बने थे। उन्होंने अपने क्रिकेट कोचिंग करियर पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सक्रिय राजनीति से ब्रेक ले लिया है।

गंभीर ने एक्स पर शाह के साथ तस्वीर साझा करते हुए लिखा हाल की चुनावी सफलता पर बधाई देने के लिए माननीय गृह मंत्री अमित शाह जी से मुलाकात की। गृह मंत्री के रूप में उनका नेतृत्व हमारे राष्ट्र की सुरक्षा और स्थिरता को और मजबूत करेगा। गंभीर टी-20 विश्व कप के बाद भारत के मुख्य कोच के रूप में राहुल द्रविड़ की जगह लेने के मजबूत दावेदार हैं। द्रविड़ ने पुष्टि की है कि वह मौजूदा टी-20 विश्व कप के बाद भारतीय टीम के कोच का पद छोड़ देंगे। बीसीसीआईई के सचिव जय शाह ने संभावित नई नियुक्ति पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है। यह पता चला है कि अशोक मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली सीएसी ने अभी तक किसी भी इच्छुक उम्मीदवार का साक्षात्कार नहीं लिया है।

## विश्वकप में हम अच्छी टीम की तरह नहीं खेले : बाबर

लॉडरहिल, एजेंसी



पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम ने कहा कि टीम हर किसी का अपनी एक भूमिका होती है और हम टी-20 विश्वकप में एक टीम के तौर पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके। टी-20 विश्वकप में टीम के प्रदर्शन के बारे में उन्होंने कहा मैंने आपको जैसा कि पहले भी कहा कि हम एक व्यक्ति की वजह से नहीं हारे हैं, हम एक टीम के तौर पर जीतते या हारते हैं। आप कप्तान होने के संदर्भ में मेरे से यह सवाल कर रहे हैं लेकिन मैं हर खिलाड़ी की जगह नहीं खेल सकता।

टीम में 11 खिलाड़ी होते हैं और हर किसी का अपना रोल होता है। हम यह स्वीकारते हैं कि हम एक टीम के तौर पर अच्छा नहीं खेले। जिस तरह की टीम हमारे पास थी उससे बेहतर परिणाम की अपेक्षा थी। एक कप्तान के तौर पर मैं किसी एक खिलाड़ी के ऊपर उंगली नहीं उठा सकता। कमी सभी 15 खिलाड़ियों में थी। हम समीक्षा करेंगे। हम एक टीम के तौर पर अच्छा नहीं खेले। हम भी प्रशंसकों जितना ही हताश हैं। यह किसी एक की गलती नहीं है। जब मैंने कप्तानी छोड़ी थी, तब मुझे यही लगा था कि मुझे आगे कप्तानी नहीं करनी चाहिए और इसीलिए मैंने स्वयं ही कप्तानी छोड़ने की घोषणा कर दी थी। इसके बाद मुझे वापस कप्तानी दे दी गई और यह पीसीबी का फैसला था। जब मैं वापस जाऊंगा तब जो भी चीजे यहां घटित हुई हैं अगर मुझे कप्तानी छोड़नी पड़ी तो मैं सार्वजनिक तौर पर इसकी घोषणा करूंगा। लेकिन मैंने इस बारे में नहीं सोचा है। इस पर फैसला पीसीबी को करना है।

### मैंने ऐसी स्थिति कभी नहीं देखी: कर्स्टन

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम की तीखी आलोचना करते हुए मुख्य कोच गैरी कर्स्टन ने कहा कि टीम में कोई एकता नहीं है और उन्होंने अपने लंबे कोचिंग करियर में ऐसी स्थिति कभी नहीं देखी। कर्स्टन की आलोचना अमेरिका और वेस्टइंडीज में चल रहे टी-20 विश्व कप से पाकिस्तान टीम के ग्रुप चरण से बाहर होने के बाद आई है। पाकिस्तान के एक वरिष्ठ पत्रकार ने कर्स्टन के हवाले से कहा पाकिस्तान की टीम में कोई एकता नहीं है। वे इसे एक टीम कहते हैं, लेकिन यह एक टीम नहीं है।

## पावो नूरमी खेलों से तैयारियों की शुरुआत करेंगे नीरज

तुर्कू (फिनलैंड), एजेंसी



मामूली चोट से उबरने के लिए कुछ समय तक आराम करने वाले ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा मंगलवार को पावो नूरमी खेलों में भाग लेकर पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए अपनी तैयारियों की शुरुआत करेंगे। चोपड़ा इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं।

इस 26 वर्षीय खिलाड़ी को जर्मनी के किशोर एथलीट मैक्स डेहनिंग की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है जो 90 मीटर तक भाला फेंकने वाले खिलाड़ियों की सूची में सबसे युवा खिलाड़ी हैं। इस 19 वर्षीय खिलाड़ी को ओलंपिक में चोपड़ा के लिए कड़ा प्रतिस्पर्धी माना जा रहा है। उनके अलावा इस एक दिवसीय प्रतियोगिता में स्थानीय खिलाड़ी ओलिवर हेलेंडर भी अपनी चुनौती पेश करेंगे जिन्होंने यहां 2022 में चोपड़ा को पीछे छोड़कर स्वर्ण पदक जीता था।

भारतीय खिलाड़ी ने 2022 में 89.30 मीटर भाला फेंक कर रजत पदक जीता था। यह उनका तब व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी था। उन्होंने उसी वर्ष डायमंड लीग के स्टोकहोम चरण में 89.94 मीटर भाला फेंक कर इसमें सुधार किया था। ग्रेनेडा के दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स और त्रिनिदाद एवं टोबैगो के 2012 ओलंपिक चैंपियन केशोर्न वालकॉट भी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। चोपड़ा जांघ की मांसपेशियों में हल्के दर्द के कारण पिछले महीने ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक प्रतियोगिता से हट गए थे। दोहा डायमंड लीग से अपने सत्र की शुरुआत करने वाले चोपड़ा पावो नूरमी खेलों के बाद सात जुलाई को पेरिस डायमंड लीग में भाग लेंगे।

# सुपर-8 : आखिरी टिकट पर बांग्लादेश का कब्जा

किंग्सटाउन (सेंट विंसेंट), एजेंसी

युवा तेज गेंदबाज तंजीम हसन साकिब ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सात रन देकर चार विकेट लिए जिससे बांग्लादेश ने बल्लेबाजों की नाकामी के बावजूद नेपाल को 21 रन से हराकर टी-20 विश्व कप के सुपर आठ में अपनी जगह पक्की की।



नीदरलैंड को हराने के बाद जश्न मनाते बांग्लादेश के खिलाड़ी। ● एजेंसी



पिछले मैच में दक्षिण अफ्रीका को हैरत में डालने वाले नेपाल के गेंदबाजों ने फिर से अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने बांग्लादेश की टीम को 19.3 ओवर में 106 रन पर आउट कर दिया। इसके जवाब में नेपाल का स्कोर एक समय 5 विकेट पर 78 रन था लेकिन उसने सात रन के अंदर अपने बाकी बचे 5 विकेट गंवा दिए और उसकी पूरी टीम 19.2 ओवर में 85 रन पर आउट हो गई। बांग्लादेश की तरफ से तंजीम ने कसी गेंदबाजी की। उन्होंने अपने चार ओवर में 21 गेंद ऐसी की जिन पर रन नहीं बने। उनके अलावा मुस्तफिजुर रहमान ने सात रन देकर तीन और शाकिब अल हसन ने नौ रन देकर दो विकेट लिए। यह पहला अवसर है जबकि बांग्लादेश ने टी-20 विश्व कप में तीन मैच जीते। तंजीम ने शानदार गेंदबाजी करके नेपाल का शीर्ष क्रम झकझोर दिया। नेपाल का स्कोर एक समय पांच विकेट पर 26 रन था लेकिन कुशल मल्ला (27) और विश्व रिकॉर्ड धारक दीपेंद्र सिंह ऐरी (25) ने छठे विकेट के लिए 52 रन जोड़कर अपनी टीम की उम्मीद जगा दी। मुस्तफिजुर ने कुशल को आउट करके यह साझेदारी तोड़ी। इसके बाद उन्होंने दीपेंद्र को भी आउट किया जिनके नाम पर टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 9 गेंद पर अर्धशतक बनाने का रिकॉर्ड दर्ज है। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने मैच के बाद कहा हमने इस चरण में जिस तरह का प्रदर्शन किया उससे हम काफी खुश हैं। मुझे उम्मीद है कि हम गेंदबाजी में अपना ऐसा ही प्रदर्शन जारी रखेंगे। आशा है अगले दौर में हमारे बल्लेबाज भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। बांग्लादेश के बल्लेबाजों ने बेहद लचर प्रदर्शन किया। उसका कोई भी बल्लेबाज 20 रन तक नहीं पहुंच पाया। उसकी तरफ से शाकिब ने सर्वाधिक 17 रन बनाए।

नेपाल की तरफ से सोमपाल कामी, संदीप लामिछाने, दीपेंद्र सिंह ऐरी और कप्तान रोहित पौडेल ने दो-दो विकेट लिए। नेपाल के कप्तान पौडेल ने कहा कि अगर उनके बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया होता तो परिणाम उनके अनुकूल रह सकता था। हमारे बल्लेबाजों विशेष कर शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना चाहिए था। बांग्लादेश के गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी की और हम पर दबाव बना दिया। हमें यह सीखना होगा कि भिन्न क्षेत्रों में रन बनाने हैं। हमें परिस्थितियों से तालमेल बिठाना सीखना होगा।

**21** रन से बांग्लादेश ने नेपाल को हराया तंजीम और मुस्तफिजुर ने बिखेरी चमक

### टी-20 विश्वकप अंक तालिका

| ग्रुप ए | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट | रद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत (क्वा) | 4 | 3 | 0 | 7 | 1.137 | 1 |
| अमेरिका (क्वा) | 4 | 2 | 1 | 5 | 0.127 | 1 |
| पाकिस्तान (बा) | 4 | 2 | 2 | 4 | 0.294 | 0 |
| कनाडा (बा) | 4 | 1 | 2 | 3 | -0.493 | 1 |
| आयरलैंड (बा) | 4 | 0 | 3 | 1 | -0.594 | 1 |
| **ग्रुप बी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| ऑस्ट्रेलिया (क्वा) | 4 | 4 | 0 | 8 | 2.791 | 0 |
| इंग्लैंड (क्वा) | 4 | 2 | 1 | 5 | 3.611 | 1 |
| स्कॉटलैंड (बा) | 4 | 2 | 0 | 5 | 2.164 | 1 |
| नामीबिया (बा) | 4 | 1 | 3 | 2 | -2.529 | 0 |
| ओमान (बा) | 4 | 0 | 4 | 0 | -3.062 | 0 |
| **ग्रुप सी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| अफगानिस्तान (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 4.230 | 0 |
| वेस्टइंडीज (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 2.596 | 0 |
| न्यूजीलैंड (बा) | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.241 | 0 |
| युगांडा (बा) | 4 | 1 | 3 | 2 | -4.510 | 0 |
| पापुआ न्यू गिनी (बा) | 3 | 0 | 3 | 0 | -0.886 | 0 |
| **ग्रुप डी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| द. अफ्रीका (क्वा) | 4 | 4 | 0 | 8 | 0.470 | 0 |
| बांग्लादेश (क्वा) | 4 | 3 | 1 | 6 | 0.616 | 0 |
| श्रीलंका (बा) | 4 | 1 | 2 | 3 | 0.863 | 1 |
| नीदरलैंड (बा) | 4 | 1 | 3 | 2 | -1.358 | 0 |
| नेपाल (बा) | 4 | 0 | 3 | 1 | -0.542 | 1 |

## अपने करियर की सर्वोच्च रैंकिंग पर पहुंचे सुमित नागल



**नई दिल्ली।** भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल एटीपी एकल रैंकिंग में सुधार जारी रखते हुए 71वें स्थान पर पहुंच गए हैं जो उनके करियर की सर्वोच्च रैंकिंग है। ओलंपिक की तैयारी में लगे नागल पिछले सप्ताह 77वें स्थान पर थे। वह पेरुगिया एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट में उपविजेता रहने के कारण छह पायदान आगे बढ़ने में सफल रहे।

पेरिस ओलंपिक के पुरुष एकल के ड्रा में जगह बनाने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी नागल के अब 777 एटीपी अंक हैं। नागल ने हाल में अच्छा प्रदर्शन करके न सिर्फ अपनी रैंकिंग में सुधार किया बल्कि इससे वह ओलंपिक खेलों के पुरुष एकल में जगह बनाने में भी सफल रहे। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में जगह बनाई लेकिन फ्रेंच ओपन में वह पहले दौर में बाहर हो गए थे। नागल ने इस साल की शुरुआत में जर्मनी में हीलब्रोन नेकरकप 2024 चैलेंजर प्रतियोगिता और फरवरी में चेन्नई ओपन में खिताब जीता था।

## इंग्लैंड ने सर्बिया को 1-0 से हराया

गेल्सेकिर्चेन (जर्मनी), एजेंसी

जूड बेलिंगहैम के गोल की मदद से इंग्लैंड ने सर्बिया को 1-0 से हराकर यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में अपने अभियान की जीत से शुरुआत की। रियल मैड्रिड की तरफ से खेलने वाले बेलिंगहैम ने 13वें मिनट में बुकायो साका के क्रॉस पर हेडर से गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ।



गेंद के लिए जद्दोजहद करते इंग्लैंड और सर्बिया के खिलाड़ी। ● एजेंसी

इस मैच से पहले दोनों टीम के प्रशंसकों के बीच आपस में झड़प हो गई थी जिसके कारण सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी। बेलिंगहैम के शुरू में गोल करने के बाद इंग्लैंड के प्रशंसक जश्न में डूब गए। सर्बिया ने इसके बाद कुछ मौके बनाए, लेकिन वह अपने समर्थकों को जश्न मनाने का मौका नहीं दे पाया। बेलिंगहैम ने मैच के बाद कहा यह व्यक्तिगत तौर पर मेरे लिए शानदार शुरुआत है और इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है लेकिन टीम को जीत दिलाना अधिक महत्वपूर्ण है। इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन दूसरे हाफ में बढ़त दोगुनी करने के करीब पहुंच गए थे लेकिन सर्बिया के गोलकीपर प्रेड्रैग राजकोविच ने उनका हेडर गोल के अंदर नहीं जाने दिया। केन का किसी बड़े टूर्नामेंट में यह 23वां मैच था जो इंग्लैंड की तरफ से नया रिकॉर्ड है।

केन ने मैच के बाद कहा यह बेहद कड़ा मैच था। उनके पास कुछ अच्छे खिलाड़ी हैं और उनकी टीम को हराना आसान नहीं है। इस मैच से तीन अंक हासिल करना अच्छा रहा। इस जीत से इंग्लैंड ग्रुप सी में शीर्ष पर पहुंच गया। इस ग्रुप में इससे पहले डेनमार्क और स्लोवेनिया का मैच 1-1 से ड्रॉ रहा था। इंग्लैंड अपना अगला मैच गुरुवार को फ्रैंकफर्ट में डेनमार्क के खिलाफ खेलेगा।

## बादशाहत के लिए भिड़ेंगी वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान

**ग्रोस आइलेट (सेंट लूसिया)।** शानदार प्रदर्शन कर रही अफगानिस्तान और मेजबान वेस्टइंडीज मंगलवार को जब टी20 विश्व कप के अपने अंतिम ग्रुप चरण मैच में एक-दूसरे से भिड़ेंगे तो उनकी कोशिश इसे जीतकर सुपर आठ चरण से पहले आत्मविश्वास को मजबूत करने की होगी।

ग्रुप सी में दोनों टीमें तीन मैचों में तीन जीत के साथ पहले ही सुपर आठ में पहुंच चुकी हैं और ऐसे में दोनों के लिए ऐसे मुकाबला आत्मविश्वास हासिल करने के नजरिये से अहम है। पापुआ न्यू गिनी पर मुश्किल जीत के साथ शुरुआत करने के बाद वेस्टइंडीज ने युगांडा और न्यूजीलैंड पर प्रभावशाली जीत दर्ज की तो वहीं दूसरी ओर, अफगानिस्तान के अब तक के अभियान में कोई कमजोर कड़ी नहीं दिखी है। राशिद खान की अगुवाई वाली टीम कैरेबियन पिचों और यहां की परिस्थितियों का लुत्फ उठा रही है। यह मैच भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे से होगा।

# श्रीलंका ने नीदरलैंड को 83 रनों से हराया

ग्रॉस आइलेट, एजेंसी

कुसल मेंडिस (46), चरिथ असलंका (46) की शानदार पारियों और उसके बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर श्रीलंका ने टी-20 विश्वकप के 38वें मैच में नीदरलैंड को 83 रनों से हराते हुए टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज की।

डैरन सैमी नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में नीदरलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ओवर की दूसरी गेंद पर पथुम निसंका (शून्य) का विकेट गवां दिया। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए कामिंडु मेंडिस (17) भी छठें ओवर में पवेलियन लौट गए। इसके बाद कुसल मेंडिस ने 29 गेंदों में (46), चरिथ असलंका ने 21 गेंदों में (46), धनंजय डी सिल्वा ने 26 गेंदों में (34) और एंजेलो मैथ्यूज नाबाद 15 गेंदों में (30) ने बेहतरीन बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में टीम का स्कोर छह विकेट पर 201 पहुंचाया। नीदरलैंड की ओर से लोगन वैन बीक ने दो विकेट लिये। विवियन किंगमा, आर्यन दत्त, पॉल वैन मीकरेन ओर टिम प्रिंगल ने एक-एक विकेट लिया।

202 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नीदरलैंड की माइकल लेविट और मैक्स ओ''डाउड की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिये 45 रन जोड़े। मैक्स ओ''डाउड (11) और माइकल लेविट (31) रन बनाकर आउट हुये। श्रीलंकाई गेंदबाजों के आगे नीदरलैंड के बल्लेबाज टिक नहीं सके और उसके लगातार विकेट गिरते रहे। विक्रमजीत (7), साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट (11), स्कॉट एडवर्ड (15), एडवर्ड्स (31) और आर्यन दत्त (10) रन बनाकर आउट हुये। छह बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। श्रीलंका के गेंदबाजों ने नीदरलैंड की पूरी टीम को 16.4 ओवर में 118 पर ढ़ेर कर मुकाबला 83 रनों से जीत लिया और टूर्नामेंट में अपना सफर समाप्त किया।

### साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट ने क्रिकेट से लिया संन्यास

ग्रोस आइलेट। नीदरलैंड के मध्यक्रम के बल्लेबाज साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। 35 वर्षीय एंगेलब्रेक्ट ने रविवार को श्रीलंका के मिली हार के बाद टूर्नामेंट में अपनी टीम का अभियान समाप्त होने पर अपने संन्यास की घोषणा की है। साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट का यह आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच था। उन्होंने इस मैच में शानदार क्षेत्ररक्षण करते हुए ब्राउंड्री का बचाव किए जाने का वीडिया सोशल मीडिया पर वायरल है इसे इंस्टाग्राम रील्स पर दस लाख से ज्यादा बार देखा गया। दक्षिण अफ्रीका में जन्मे एंगेलब्रेक्ट ने वर्ष 2023 में नीदरलैंड की टीम में पदार्पण किया था। उन्होंने अपने करियर मे 12 एकदिवसीय और 12 टी-20 मैच खेले।



चरिथ असलंका 46 रन

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक- शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

**आज का मौसम**

अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के आसार हैं वर्षा की कोई संभावना नहीं हैं

45.8° अधिकतम तापमान | 30.8° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:16 | सूर्यास्त 07:04

**शहर में आज**

- **जलयोग** : अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में विवि की ओर से योगोत्सव पखवाड़े में जलयोग प्रतियोगिता विवि तरणताल में सुबह आठ बजे से।
- **शरबत वितरण** : अखिल भारतीय ब्राह्मण चेतना संघ की ओर से शर्बत वितरण शारदानगर बाजपेई आटा चक्की के पास सुबह 11 बजे।

**एक नजर**

### ऑल यूपी स्टांप वेंडर्स की हड़ताल आज

**कानपुर।** नगर, नर्वल, घाटमपुर और बिल्हौर व किदवईनगर, लालबंगला, बिरहाना रोड के सभी स्टांप वेंडरों की 18 जून मंगलवार को हड़ताल रहेगी। ऑल यूपी स्टांप वेंडर्स एसोसिएशन के दिलीप दीक्षित ने बताया कि स्टॉक होल्डिंग कारपोरेशन की मनमानी के खिलाफ एक दिवसीय हड़ताल का निर्णय लिया गया है। एसोसिएशन के आह्वान पर हड़ताल घोषित की गई है। मंगलवार सुबह 11 बजे एआईजी को ज्ञापन दिया जाएगा, इसके बाद पूरे दिन हड़ताल रहेगी।

### ऑटो ने टक्कर मारकर वृद्ध को घसीटा, मौत

**कानपुर।** महाराजपुर थानाक्षेत्र के तिलसहरी निवासी 70 वर्षीय राजेंद्र दिवाकर की ऑटो की टक्कर से मौत हो गई। बेटे सुजीत ने बताया कि वह चकेरी के सफीपुर में किराए पर रहकर कपड़ों में प्रेस करते थे। रविवार शाम वह सब्जी लेने घर से निकले थे। लौटते समय रामादेवी चौराहे के पास ऑटो ने टक्कर मार दी। इससे वह गिर पड़े। ऑटो चालक भागने के प्रयास में उन्हें 50 मीटर तक घसीटता ले गया। पुलिस ने अस्पताल भेजा, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के परिवार में पत्नी रामश्री, बेटे सुजीत और अजीत हैं।

# भीषण गर्मी और हीट स्ट्रोक से जिले में 20 लोगों की मौत

## कानपुर कमिश्नरेट के अलग-अलग थानाक्षेत्रों में मिले शव, कई की नहीं हो सकी पहचान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सोमवार को कानपुर कमिश्नरेट के अलग-अलग थानाक्षेत्रों में 20 लोगों की लू और हीट स्ट्रोक से जान चली गई। कुछ ज्ञात हैं तो कई अज्ञात शव भी सड़कों पर पड़े पाए गए। सेंट्रल स्टेशन पर भी दो शव पड़े मिले।

चकेरी थानाक्षेत्र के श्याम नगर बाईपास पर सड़क किनारे सिल्वर अपार्टमेंट के सिक्योरिटी गार्ड का शव पड़ा मिला। फतेहपुर के डब्सोरा निवासी 68 वर्षीय सिक्योरिटी गार्ड राम सिंह श्याम नगर के छप्पन भोग के पास परिवार के साथ रहते थे। परिवार में पत्नी शशिवाला व दो बच्चे है। रविवार सुबह वह ड्यूटी पर गये थे। देर रात तक जब वह घर वापस नहीं आए तो परिजन अपार्टमेंट पहुंचे जहां से पता चला कि वह आठ बजे ड्यूटी खत्म करके जा चुके हैं। रात भर कुछ भी पता नहीं चला। सोमवार तड़के वह श्याम नगर बाईपास पर सड़क किनारे पड़े मिले। उनकी मौत हो चुकी थी। चकेरी प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि गर्मी के चलते मौत की आशंका है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा। इसी प्रकार जाजमऊ थानाक्षेत्र में टेनरी कर्मी की मौत हो गई। मूलरूप से बिहार के अड़रिया जिले के निवासी मोहम्मद मुजाहिद का 24 वर्षीय बेटा अब्दुल दो माह पहले जाजमऊ के संजय नगर स्थित एमएमजेड टेनरी में काम करने के लिए आया था। साथी कर्मियों ने बताया कि सोमवार को बकरीद के त्योहार के चलते वह साथियों के साथ घूमने गया था। दोपहर को वह लौटकर जैसे ही टेनरी के गेट पर पहुंचा वैसे ही वह गश खाकर गिर गया। हैलट अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि उसने शराब पी रखी थी। आशंका है कि तेज धूप और हीटस्ट्रोक से उसकी मौत हुई है। वहीं सचेंडी थानाक्षेत्र में चकरपुर मंडी में सोमवार दोपहर फेरी लगाकर नमकीन बेचने वाले 55 वर्षीय गिरजा शंकर पांडेय की मौत हो गई। सोमवार दोपहर में फेरी लगाते हुए मंडी में रोड नंबर 6 पर स्थित एक आढ़त के बाहर पड़े तख्त पर बैठ गए और थोड़ी देर में वहीं उनकी मौत हो गई। सचेंडी थाना प्रभारी जसवंत सिंह ने बताया कि गर्मी से मौत की आशंका लग रही है। इसी तरह रावतपुर थानाक्षेत्र में हलवाई का काम करने वाले 54 वर्षीय सुनील वर्मा उर्फ भाटिया का दो दिन पुराना शव घर पर चारपाई पर पड़ा मिला। रावतपुर थाना प्रभारी अशोक सरोज ने बताया कि गर्मी से मौत की आशंका है। रावतपुर थानाक्षेत्र में नमक फैक्ट्री स्थित ऐश्वर्या अपार्टमेंट शराब ठेके के पास सड़क पर 55 वर्षीय वृद्ध मृत अवस्था में पड़ा मिला। उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। बाबूपुरवा थानाक्षेत्र में जंगली देवी मंदिर के पास 50 वर्षीय अज्ञात अधेड़ का शव सड़क किनारे पड़ा मिला। पुलिस ने हीट स्ट्रोक के कारण मौत की आशंका जताई है। वहीं गोविंद नगर थानाक्षेत्र में शास्त्री नगर के रहने वाले 42 वर्षीय अरविंद विश्वकर्मा साइकिल चलाते-चलाते गिर गए। उन्हें हैलट अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बांसमंडी में 43 वर्षीय विष्णुकांत तिवारी सिक्योरिटी गार्ड थे। भाई विकास तिवारी ने बताया कि किराये के कमरे में वह मृत मिले। पुलिस ने गर्मी से मौत की आशंका जाहिर की। नौतनवा महराजगंज निवासी 46 वर्षीय रवि त्रिपाठी गोरखपुर धाम एक्सप्रेस से दिल्ली से लौट रहे थे। सेंट्रल आने पर वह उतर गए और जाकर विश्राम गृह में बैठ गए। वहीं उन्होंने दम तोड़ दिया। इसी प्रकार हरबंश मोहाल थानाक्षेत्र में 25 वर्षीय युवक का शव पश्चिम वाली गली में पड़ा मिला। शैलेंद्र कुमार साहू निवासी सुतरखाना ने पुलिस को सूचना दी। वहीं तात्याटोपे नगर में छत्तीरतन सोसाइटी में 64 वर्षीय बुजुर्ग गार्ड धर्मपाल की मौत हो गई। आशंका है कि हीट स्ट्रोक से जान गई है।



चटक धूप में चेहरा ढकना मजबूरी।

### भीतरगांव में चार बुजुर्गों की मौत

- भीतरगांव निवासी 76 वर्षीय राजाराम, पालपुर निवासी 74 वर्षीय रामचरण यादव और 65 वर्षीय श्रीराम यादव की भी लू लगने से मौत हो गई। वहीं ग्राम पंचायत इटर्रा के मजरा कल्याणपुर निवासी 75 वर्षीय छेदालाल गांव से बाहर जानवरों को देखने गए थे। घर आते वक्त अचानक उलझन होने लगी और चक्कर आने लगे। परिजन घाटमपुर सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### शिवराजपुर में एक बुजुर्ग की जान गई

- शिवराजपुर थानाक्षेत्र में भैसऊ गांव निवासी 80 वर्षीय दुलरा अपने खेतों पर काम करने के लिए गई थीं। वह अपने खेतों पर पहुंची ही थीं कि अचानक वह चक्कर आने पर अचेत हो गईं। परिजनों ने अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### स्टेशन पर दो की मौत

- प्लेटफार्म 8 व 9 पर 40 वर्षीय युवक का शव पड़ा मिला। उसकी पहचान नहीं हो सकी। वहीं प्लेटफार्म 4 व 5 पर 55 वर्षीय महिला का शव पड़ा मिला। उसकी भी पहचान नहीं हो सकी। जीआरपी ने आशंका जताई है कि हीटस्ट्रोक के कारण दोनों की मौत हुई है।



रावतपुर में सिपाही गर्मी से बचाव करते दिखे। अमृत विचार

## घाटमपुर थानाक्षेत्र में भी तीन की जान गई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर थानाक्षेत्र में एक व्यापारी की लू से मौत हो गई। 60 वर्षीय राजेश कुमार शुक्ल निवासी सरोजनी नगर फजलगंज में टायर, क्लच प्लेट के थोक व फुटकर व्यापारी थे। सोमवार को वसूली करने घाटमपुर बाजार गए थे। घाटमपुर चौराहे पर वह गश खाकर गिर गए।

पुलिस ने सीएचसी घाटमपुर पहुंचाया जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि गर्मी से मौत की आशंका है।

घाटमपुर के भदरस गांव निवासी 40 वर्षीय कल्लू बाजपेई बकरियां चराने खेत में गया था। देर शाम घर लौटा तो उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन सीएचसी घाटमपुर ले गए जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घाटमपुर के वीरपुर गांव के पास एक व्यक्ति सीमेंट फैक्ट्री के पास मृत मिला। उसकी पहचान जनपद बांदा के जसपुरा निवासी 40 वर्षीय राजकुमार के रूप में हुई।



नौबस्ता में एक मां अपने बच्चों को यूं छाया करके ले गई। अमृत विचार

# पारा 45.8 पर पहुंचा, हीट वेव का कहर जारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अधिकतम पारा सामान्य से 5.2 डिग्री ऊपर दर्ज किया गया
- आज भी हीट वेव का रेड अलर्ट, कल से कुछ सुधार

**अमृत विचार।** सूरज की तपिश से शहर तप रहा है। सोमवार को कानपुर नगर में अधिकतम पारा सामान्य से 5.2 डिग्री ऊपर चढ़कर 45.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। बीते एक सप्ताह से जारी हीट वेव का कहर मंगलवार भी जारी रहेगा। हीट वेव में बुधवार से कुछ सुधार की उम्मीद मौसम विभाग जता रहा है।

सोमवार सुबह 10 बजे ही पारा 35 डि.से. के पार था वहीं हीट वेव भी अपना रंग दिखा रही थी। दो घंटे के भीतर ही दोपहर 12 बजे पारा 40 डिग्री सेल्सियस के ऊपर पहुंच गया। दिन में जैसे-जैसे पारा चढ़ रहा था वैसे-वैसे ही सड़कों पर राहगीरों की संख्या घट रही थी। दोपहर 2 बजे हाई क्लाउड्स के बाद भी पारा 44 डि.से. के ऊपर था। सड़कों पर सन्नाटा था। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए उत्तर प्रदेश में गर्मी का रेड अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक कानपुर मंडल समेत पूरे राज्य में भीषण गर्मी की स्थिति बनी रहेगी। 20 जून से तपिश की तीव्रता में धीरे-धीरे गिरावट आएगी। अभी दो दिन कानपुर मंडल में भीषण गर्मी रहेगी।

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डा. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि भीषण और चिलचिलाती गर्मी से तुरंत राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। सोमवार को कानपुर नगर में अधिकतम पारा सामान्य से 5.2 डिग्री ऊपर चढ़कर 45.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 3.6 डिग्री ऊपर चढ़कर 30.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। दिन में औसतन 10 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चली गर्म हवाओं से राहगीर परेशान रहे। अगले दो दिनों में हल्के बादल छाए रहने के आसार हैं किन्तु वर्षा की कोई संभावना नहीं हैं तथा दिन और रात के तापमान सामान्य से अधिक रहने के आसार हैं।

### 25 से 30 जून के बीच मानसून की दस्तक

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम विभाग और भारत मौसम विभाग के अनुसार मानसून के यूपी में समय से आने के आसार बनने लगे हैं। माना जा रहा है कि 25 से 30 जून के बीच कानपुर मंडल और पश्चिम यूपी में भी बारिश हो सकती है। सीएसए के मौसम वैज्ञानिक डा. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि बंगाल से अगले चार से पांच दिनों में मानसून पश्चिम बंगाल के रास्ते बिहार होते हुए 20 जून तक प्रदेश के पूर्वी इलाकों से दाखिल हो सकता है। यूपी में मानसून के दस्तक देते ही वाराणसी, गोरखपुर, देवरिया, गाजीपुर और बलिया में बारिश हो सकती है।

# आतंकी हमले में घायल युवक ने मांगी मदद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- वीडियो जारी किया, कटरा के अस्पताल में भर्ती है
- डॉक्टरों ने आंख के इलाज को दूसरे अस्पताल जाने को कहा

**अमृत विचार।** जम्मू के रियासी में 10 जून को हुए आतंकवादी हमले में घायल शहर के सीसामऊ टूटी रेलवे लाइन निवासी दिनेश कुमार गुप्ता ने वीडियो वायरल कर सरकार से मदद मांगी है।

पीड़ित ने वीडियो जारी कर बताया कि वह जिस अस्पताल में भर्ती है वहां के डॉक्टरों ने आंख दिखाने के लिये किसी अन्य अस्पताल में जाने को कहा है। वहां के डॉक्टरों ने कह दिया है कि जितना इलाज कर सकते थे उतना किया। अब आंख ठीक कराने के लिये उसे किसी और अस्पताल में जाना होगा। पीड़ित ने सरकार से मांग की है कि उसके पास पैसा नहीं है। वह ही अकेला घर का कमाने वाला है। सरकार उसे बेहतर इलाज के लिये मदद मुहैया कराए। घायल के मुहल्ले के रहने वाली ज्योति श्रीवास्तव ने बताया मामले की जानकारी शहर के वरिष्ठ नेताओं को दी गई है। उनसे मदद का आश्वासन भी मिला है। दस जून को शिवखोड़ी से लौटते समय रियासी में आतंकवादियों ने तीर्थ यात्रियों की बस पर फायरिंग कर दी थी। इसमें 10 यात्रियों की मौत हो गई थी और कई घायल हो गए थे। कानपुर का दिनेश भी घायल हुआ था। वह कटरा स्थित अस्पताल में भर्ती है। हमले में उसकी आंख, पैर, सिर में चोटें आईं हैं। दिनेश ठेला लगाकर परिवार पालता था।

## राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए आवेदन शुरू

- 10 जुलाई तक ऑनलाइन हो सकेंगे आवेदन, 25 जुलाई तक जांच

**कानपुर।** राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए आवेदन शुरू हो गए हैं। शिक्षक यह आवेदन 10 जुलाई तक कर सकेंगे। आवेदनों की जांच 25 जुलाई तक होगी। जूनियर हाई स्कूल स्तर तक की कक्षाओं में पढ़ाने वाले शिक्षक यह आवेदन प्रेरणा पोर्टल के जरिए कर सकेंगे।

बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने बताया कि 25 जुलाई तक जांच के साथ ही जिले के चयनित शिक्षकों के नामों को पोर्टल के माध्यम से राज्य चयन समिति को भेजा जाएगा। 26 से 10 अगस्त के बीच राज्य स्तरीय चयन समिति की ओर से दोबारा मूल्यांकन किया जाएगा।

# विद्युत बिल से गृहकर का मिलान नहीं होगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नगर निगम अधिकारियों ने इस काम से खड़े किये हाथ
- ढाई लाख संपत्तियों के गृहकर बिल अब मोबाइल पर जाएंगे

**अमृत विचार।** गृहकर से विद्युत बिलों का मिलान करने में समस्या खड़ी हो गई है। अधिकारियों के अनुसार एक-एक संपत्ति में कई-कई मीटर कनेक्शन होने की वजह से मिलान करने में दिक्कत आ रही है। जीआईएस सर्वे के जरिये 85 हजार संपत्तियों का मिलान हो गया है। नगर निगम ने ढाई लाख से अधिक गृहकर बिल अब मोबाइल पर भेजना शुरू कर दिया है।

गृहकर वसूली बढ़ाने के लिए नगर आयुक्त ने नगर निगम और केस्को के बिल के मिलान को कहा है। कई संपत्तियों में व्यावसायिक गतिविधियां संचालित हो रही हैं इसके बावजूद संपत्तियों से आवासीय गृहकर ही लिया जा रहा है। इससे नगर निगम को हो रही हानि को दूर करने के लिये सर्वे शुरू किया गया। लेकिन, इस कार्य में समस्या खड़ी हो गई।

जोनल अधिकारियों ने बताया है कि नगर निगम के 110 वार्ड एवं विद्युत विभाग के 43 संबस्टेशन हैं। जो नगर निगम के वार्ड परिसीमन से विद्युत विभाग के सबस्टेशनवार कनेक्शन मैच नहीं करते हैं। इनसे प्रत्येक गृहकर एवं विद्युत कनेक्शनों से मिलान करना संभव नहीं है। अधिकारियों ने उच्च अधिकारियों को बताया कि एक ही संपत्ति में कई-कई विद्युत कनेक्शन हैं, जिससे संपत्तियों की सही संख्या नहीं मिल पा रही है।

# केटीएल वर्कशॉप में भीषण आग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चुन्नीगंज में सोमवार सुबह शार्ट सर्किट से हुआ हादसा
- दमकल की छह गाड़ियों ने आग पर काबू पाया

**अमृत विचार।** कर्नलगंज थानाक्षेत्र में सोमवार सुबह ट्रांसफार्मर में हुए शार्ट सर्किट के चलते केटीएल की वर्कशॉप में भीषण आग लग गई। वहां सो रहे कर्मचारियों ने भाग कर जान बचाई। दमकल की छह गाड़ियों ने आग पर बाद काबू पाया। वर्कशॉप में खड़ी 15 कारें खाक हो गईं। लाखों के नुकसान का अनुमान है। चुन्नीगंज चौराहे पर वर्कशॉप के जनरल मैनेजर गौरव ने बताया कि सोमवार सुबह करीब 5 बजे वर्कशॉप के बगल में स्थित ट्रांसफार्मर में शार्ट सर्किट हुआ और चिंगारी वर्कशॉप के अंदर तारों से पहुंच गई। वहां पर 50 के आसपास कारें खड़ी थीं। आग सबसे पहले कारों को पेंट करने वाले स्थान पर पहुंची। इसके बाद देखते ही देखते पास में खड़ी कारों को अपनी चपेट में ले लिया। जब कारें चपेट में आना शुरू हुईं तो एक के बाद एक धमाके शुरू हो गए। जिससे आसपास बस्ती में रहने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। कर्मचारियों ने दमकल कंट्रोल रूम और कर्नलगंज पुलिस को सूचना दी। दमकल की गाड़ियों ने डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा ने बताया कि मेट्रो का कार्य होने से दमकल गाड़ियों को 500 मीटर पहले खड़े करके कर्मचारियों ने हौज पाइप को जोड़कर वर्कशॉप तक पानी पहुंचाया।



केटीएल वर्कशॉप में धू-धूकर जलती कारें। अमृत विचार

**हेल्थ जोन** — हार्ट अटैक या सीने में सामान्य दर्द एक फोन कॉल से चल जाएगा पता

# घर पर ही शुरू होगा हार्ट अटैक का इलाज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- लक्ष्मीपति सिंहानिया कार्डियोलॉजी संस्थान में बनेगा सिटी कमांड सेंटर
- चार जोन में बंटेगा शहर, अलग-अलग जारी किए जाएंगे टोल फ्री नंबर

**अमृत विचार।** हार्ट अटैक है या सीने में सामान्य दर्द, अक्सर लोग इस बात को समझ नहीं पाते हैं और पीड़ित को लेकर कार्डियोलॉजी संस्थान पहुंच जाते हैं। इस समस्या के समाधान के लिए कार्डियोलॉजी संस्थान में कार्डियक कमांड सेंटर बनाने का फैसला लिया गया है। इसकी तैयारी भी तेजी से शुरू कर दी गई है।

कमांड सेंटर पीड़ितों को घर बैठे सही सलाह उपलब्ध कराएगा। मरीज या उसके तीमारदार से सेंटर में बैठे डॉक्टर कुछ सवाल पूछने के बाद ऑनलाइन इलाज शुरू कर देंगे। इससे न सिर्फ हार्ट अटैक के मरीजों को समय से इलाज मिलना सुनिश्चित होगा, बल्कि सीने का सामान्य दर्द होने पर संस्थान तक दौड़ लगाने से राहत मिलेगी।

रावतपुर स्थित एलपीएस कार्डियोलॉजी संस्थान में प्रतिदिन ऐसे कई मरीज पहुंचते हैं, जिनको सीने में दर्द होता है, लेकिन वह जल्दबाजी में उसे दिल का दर्द समझ लेते हैं।

यहां जांच कराने पर सब कुछ नॉर्मल आता है तो मरीज या उसके तीमारदारों को लगता है कि बेकार ही पूरे दिन परेशान हुए। लेकिन हार्ट अटैक की स्थिति होने पर कई लोगों को जानकारी नहीं होती कि इसके क्या लक्षण हैं और ऐसे में जटिलताओं को कम करने के लिए क्या करना है। इसी समस्या को दूर करने के लिए कार्डियोलॉजी संस्थान में कार्डियक कमांड सेंटर बनाया जाएगा। इसके लिए शहर को चार जोन में बांटा जाएगा। चारों जोन में अलग-अलग टोल फ्री नंबर जारी किए जाएंगे। टोल फ्री नंबर पर कॉल या वीडियो कॉल आने पर हृदय रोग विशेषज्ञ मरीज या तीमारदार से बीमारी से संबंधित 10 अहम सवाल पूछेंगे और लक्षणों के आधार पर डॉक्टर पता लगाएंगे कि मरीज को हार्ट अटैक है या सीने में सामान्य दर्द। हार्ट अटैक की स्थिति में मरीज का घर पर ही इलाज शुरू करके उसे कॉर्डियोलॉजी संस्थान में शिफ्ट कर दिया जाएगा।



### आधुनिक तकनीक से लैस चार एंबुलेंस मांगी

कार्डियोलॉजी संस्थान के निदेशक प्रो. राकेश वर्मा ने बताया कि इस सुविधा को शुरू करने के लिए शासन से आधुनिक तकनीक से लैस चार एंबुलेंस मांगी गई थीं, जिनमें तीन एंबुलेंस आ चुकी हैं। एंबुलेंस में आईसीयू की तरह मरीज को सुविधा मिलेगी। इसमें जीवनरक्षक दवाओं के साथ सभी जरूरी उपकरण मौजूद हैं। एक और एंबुलेंस आने के बाद कमांड सेंटर की सुविधा शुरू कर दी जाएगी।

### हाइब्रिड ओटी का भी प्रस्ताव भेजा

कार्डियोलॉजी संस्थान में प्रतिदिन शहर के साथ ही आसपास के जिलों से सैकड़ों की संख्या में मरीज इलाज के लिए आते हैं, इनमें से कई मरीजों को जल्दी ही ऑपरेशन की जरूरत होती है, लेकिन ऑपरेशन थियेटर खाली न होने से उन्हें इंतजार करना पड़ता है। इस दिक्कत को दूर करने के लिए संस्थान में हाईब्रिड ओटी के निर्माण के लिए निदेशक ने बीते दिनों शासन को प्रस्ताव भेजा है।

## अंडर-14 हॉकी टूर्नामेंट में भिड़ेंगी चार टीमें

- कानपुर नगर व देहात, इटावा, फर्रुखाबाद की टीमें दिखाएंगी दमखम

**कानपुर।** अंडर-14 हॉकी टूर्नामेंट में मंडल की चार टीमों, कानपुर नगर व देहात, इटावा व फर्रुखाबाद का चयन हुआ है। खेल विभाग के माती स्टेडियम में मुकाबला होगा। प्रतियोगिता के मैच लीग कम नॉकआउट आधार पर खेले जाएंगे।

माती स्टेडियम पर प्रथम 5-ए साइड अंडर-14 बालक हॉकी टूर्नामेंट शंभूनाथ ट्रॉफी का आयोजन 22 और 23 जून को होना है। आयोजन सचिव पॉल देवेंद्र ने बताया कि टूर्नामेंट में कानपुर मंडल के चार जिलों की टीमें प्रतिभाग करेंगी। स्टेडियम की स्पोर्ट्स ऑफीसर नीलम की देखरेख में प्रतियोगिता होगी। सभी मैच लीग कम नॉकआउट आधार पर खेले जाएंगे।

# कुर्सी फैक्ट्री में लगी आग, सामान खाक

- भन्नानापुरवा के कृष्णा मिल कंपाउंड में हुआ हादसा
- दमकल की चार गाड़ियों ने आग पर काबू पाया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रायपुरवा थानाक्षेत्र के भन्नानापुरवा में कृष्णा मिल कंपाउंड में स्थित कुर्सी बनाने की फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। दमकल की चार गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। फैक्ट्री में रखी कुर्सियां, फोम और अन्य लाखों रुपये कीमत का सामान जलकर खाक हो गया।


संगीत टॉकीज के पास रहने वाले सूफियान की भन्नानापुरवा स्थित कृष्णा मिल कंपाउंड में कुर्सियां बनाने की फैक्ट्री है। बकरीद के चलते कारखाना बंद था लेकिन पहले से तैयार माल कहीं पर जाना था तो सूफियान कारखाने पर पहुंचे और कर्मचारियों की मदद से लोडर में कुर्सियां लदवा रहे थे। अभी मजदूर बाहर ही खड़े थे कि ऊपर के गोदाम में आग लग गई। इससे अफरातफरी मच गई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा, एफएसएसओ लाटूश रोड कैलाश चंद्रा चार दमकल की गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचे। आग के कारण प्रथम तल में धुआं भरा हुआ था। अग्निशमन कर्मियों ने लैडर से चढ़कर खिड़कियों के शीशे तोड़े। इसके बाद दूसरे की फैक्ट्री से चढ़कर पीछे से फैक्ट्री में लगी आग को बुझाना शुर किया। मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टया शार्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आई है। सूफियान ने बताया कि बकरीद के कारण कर्मचारियों ने फैक्ट्री में पूरी रात काम किया था। बताया कि आग से लाखों रुपये का सामान बर्बाद हो गया।



कुर्सी फैक्ट्री में सारा सामान जल गया। अमृत विचार

## एक नजर

### पत्र वितरक को मातृ शोक



**कानपुर।** जरीब चौकी सेंटर के वरिष्ठ समाचार पत्र वितरक गांधी नगर निवासी कृष्ण कुमार द्विवेदी व शिव कुमार द्विवेदी की माता श्रीदेवी द्विवेदी का सोमवार को निधन हो गया। वह 84 वर्ष की थीं। उनके निधन पर समाचार पत्र विक्रेताओं ने शोक जताया है।

### गंगाबैराज पर मिला युवक का शव

**कानपुर।** गंगा बैराज की कोहना चौकी के पास सड़क किनारे पेड़ के नीचे युवक का शव पड़ा मिला। जिसकी पहचान मैगजीन घाट निवासी 23 वर्षीय राहुल उर्फ कल्लू कश्यप के रुप में हुई। कोहना थाना प्रभारी अवधेश कुमार ने बताया वह शराब का लती था।

### 12 शवों का पोस्टमॉर्टम

**कानपुर।** पोस्टमॉर्टम हाउस में सोमवार को 12 अज्ञात शवों का पोस्टमॉर्टम किया गया। ये वो लावारिस शव थे जो कमिश्नरेट के अलग-अलग थानाक्षेत्रों में मिले थे।

# 30 हजार करोड़ से आगे निकला कानपुर का म्यूचुअल फंड एयूएम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शहर का म्यूचुअल फंड एयूएम उत्तराखण्ड राज्य से ज्यादा
- उत्तर प्रदेश का म्यूचुअल फंड निवेश मध्य प्रदेश से तीन गुना

**अमृत विचार।** कानपुर ने म्यूचुअल फंड में निवेश के मामले में नया रिकार्ड बनाया है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के अनुसार कानपुर का म्यूचुअल फंड एयूएम (एसेट अंडर मैनेजमेंट) पहली बार 30,000 करोड़ का आंकड़ा पार कर गया है। म्यूचुअल फंड में निवेश करने वालों में प्रदेश में कानपुर दूसरे स्थान पर है। देश में कानपुर का स्थान 14वां है।

प्रदेश में म्यूचुअल फंड में पैसा लगाने में लखनऊ पहले स्थान पर है। लखनऊ का म्यूचुअल फंड एयूएम 41,237 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर गया है। इसके मुकाबले कानपुर का म्यूचुअल फंड एयूएम 30,634 करोड़ रुपये है।

अगर आंकड़ों की बात करें तो अकेले लखनऊ का म्यूचुअल फंड में कुल निवेश छत्तीसगढ़ राज्य के कुल म्यूचुअल फंड एयूएम से ज्यादा है तो इसी तरह कानपुर का म्यूचुअल फंड एयूएम उत्तराखण्ड राज्य से ज्यादा है। छत्तीसगढ़ का कुल म्यूचुअल फंड एयूएम 36,577 करोड़ रुपये है, वहीं उत्तराखंड का कुल एयूएम 27,020 करोड़ रुपये है।

**02** नंबर पर है कानपुर प्रदेश में म्यूचुअल फंड में पैसा लगाने में

**14** वां स्थान है कानपुर का म्यूचुअल फंड में निवेश के मामले में देश में

**11** शहर उत्तर प्रदेश के हैं म्यूचुअल फंड निवेश में देश के टॉप 100 शहरों में

### दो साल में बढ़े 8.60 करोड़ फोलियो

- म्यूचुअल फंड उद्योग ने मई 2021 के महीने के दौरान पहली बार 10 करोड़ फोलियो का मील का पत्थर पार सकया था। 31 मई, 2024 तक फोलियो की कुल संख्या बढ़कर 18.60 करोड़ हो चुकी है।

### देश में उत्तर प्रदेश अब पहुंचा छठे स्थान पर




- देश भर में 2,71,155 करोड़ रुपये के निवेश के साथ म्यूचुअल फंड निवेश में उत्तर प्रदेश छठे नंबर है। हाल ही में उत्तर प्रदेश ने तमिलनाडु को पीछे छोड़ा है। अब तमिलनाडु सातवें नंबर पर है। देश भर में महाराष्ट्र 23,90,459 करोड़ रुपये के निवेश के साथ प्रथम स्थान पर काबिज है, तो 4,86,051 करोड़ रुपये के निवेश के साथ दूसरे नंबर पर नई दिल्ली है। कर्नाटक तीसरे, गुजरात चौथे और पश्चिम बंगाल पांचवें नंबर पर है।

### शहर का म्यूचुअल फंड एयूएम 24 प्रतिशत की दर से बढ़ा



- आर्थिक मामलों के विशेषज्ञ राजीव सिंह का कहना है कि आने वाले महीनों में कानपुर का म्यूचुअल फंड निवेश असम राज्य से आगे निकल सकता है। अभी असम का म्यूचुअल फंड एयूएम 31,183 करोड़ रुपये है। उनके अनुसार देश के टॉप 100 शहरों में उत्तर प्रदेश के 11 शहर शामिल हैं। टॉप 20 में लखनऊ 12 वें तो कानपुर 14 वें स्थान पर है। उत्तर प्रदेश का कुल म्यूचुअल फंड निवेश मध्य प्रदेश से तीन गुना, उड़ीसा से पांच गुना है। उनके अनुसार यूपी का म्यूचुअल फंड निवेश वर्ष 2027-28 में 5 लाख करोड़ और वर्ष 2031-32 तक 11 लाख करोड़ पार कर सकता है। उन्होंने बताया कि पिछले 10 वर्षों में शहर का म्यूचुअल फंड एयूएम औसतन 24 प्रतिशत की दर से बढ़ा है।

### प्रदेश के पांच प्रमुख शहरों का म्यूचुअल फंड में निवेश (करोड़ में)

| देश में रैंक | शहर | हिस्सेदारी (%) | एयूएम |
|---|---|---|---|
| 12 | लखनऊ | 0.70 | 41,238 |
| 14 | कानपुर | 0.52 | 30,634 |
| 28 | वाराणसी | 0.23 | 13,550 |
| 30 | आगरा | 0.21 | 12,371 |
| 31 | प्रयागराज | 0.21 | 12,371 |

### 10 साल में 6 गुना बढ़ा म्यूचुअल फंड कारोबार



- मई 2024 के महीने में भारतीय म्यूचुअल फंड उद्योग की औसत एयूएम (एसेट अंडर मैनेजमेंट) 58,59,951 करोड़ रुपये रही। देश के म्यूचुअल फंड उद्योग का एयूएम 31 मई, 2014 के 10.11 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 31 मई, 2024 को 58.91 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जो 10 वर्षों की अवधि में लगभग 6 गुना बढ़ोत्तरी है।

### निवेश में आधी हिस्सेदारी युवा महिलाओं की



- म्यूचुअल फंड निवेश के कारोबार में लगभग 50% महिला निवेशक 25 से 44 वर्ष आयु वर्ग में आती हैं। म्यूचुअल फंड उद्योग में महिला निवेशकों की हिस्सेदारी गोवा में सबसे ज्यादा 40% है, इसके बाद उत्तर-पूवी राज्यों में लगभग 30% है। चंडीगढ़, महाराष्ट्र और नई दिल्ली में भी महिलाओं की भागीदारी 30% से अधिक है।

# सुपरफास्ट का इंजन खराब डेढ़ घंटा खड़ी रही ट्रेन

## यात्रियों के हंगामा करने पर दूसरा इंजन लगाकर ट्रेन रवाना की

कठिन सफर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सेंट्रल स्टेशन पर सोमवार को बीकानेर-हावड़ा सुपरफास्ट 22308 का इंजन खराब हो गया। तकनीकी स्टाफ ने इंजन को ठीक करने का काफी प्रयास किया, लेकिन सही नहीं हो सका। इस कारण करीब डेढ़ घंटे तक ट्रेन खड़ी रही। गर्मी से बेहाल यात्रियों के हो-हल्ला करने पर दूसरा इंजन लगाकर ट्रेन को रवाना किया गया।

बीकानेर से चलकर हावड़ा जाने वाली बीकानेर-हावड़ा सुपरफास्ट सोमवार दोपहर 1.07 बजे सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर छह पर पहुंची। ट्रेन निर्धारित समय पर चलने के लिए तैयार थी, लेकिन इंजन में खराबी आ गई। कुछ ही देर में रेलवे अधिकारी और लोकोशेड का स्टाफ मौके पर पहुंचा। तकनीकी स्टाफ ने काफी देर तक प्रयास किया, लेकिन इंजन ठीक नहीं हो सका। गर्मी से बेहाल यात्री हो-हल्ला करने लगे तो नया इंजन लगाकर ट्रेन को दोपहर 2.40 बजे रवाना किया गया।

### स्वर्ण शताब्दी का एसी फेल, यात्री नाराज

**कानपुर।** सोमवार को स्वर्ण शताब्दी और मऊ-जोधपुर एक्सप्रेस के एसी कोच में कूलिंग प्रभावित रही। स्टेशन पर मऊ एक्सप्रेस की कूलिंग ठीक की गई, जबकि स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस के एसी फर्स्ट कोच में मैकेनिक भेजा गया। लखनऊ से दिल्ली जाने वाली शताब्दी एक्सप्रेस 12003 जैसे ही लखनऊ से चली, कुछ ही देर में एसी फर्स्ट कोच में एसी के कूलिंग न करने की समस्या आ गई। इस पर यात्रियों ने नाराजगी जताते हुए कोच अटेंडेंट को जानकारी दी। कोच अटेंडेंट की सूचना पर सेंट्रल पर पहले से ही एसी मैकेनिक और तकनीकी स्टाफ को बुला लिया गया था। ट्रेन शाम 4.56 बजे जैसे ही सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर नौ पर आई। एसी मैकेनिक को ट्रेन के साथ रवाना कर दिया गया। वहीं मऊ से जोधपुर जा रही 04824 एक्सप्रेस के थर्ड एसी कोच में एसी काम नहीं कर रहा था। यह ट्रेन दोपहर 3.38 बजे सेंट्रल पर आई। एसी मैकेनिक और तकनीकी स्टाफ ने एसी कूलिंग सही की और 20 मिनट बाद 3.58 बजे ट्रेन को रवाना किया गया।

### रिजर्व कोच में घुसे 207 यात्रियों को उतारा

**कानपुर।** सोमवार शाम सेंट्रल स्टेशन पर क्राउड मैनेजमेंट अभियान चलाया गया। एसीएम सेंट्रल संतोष त्रिपाठी ने स्टेशन से चलने वाली ट्रेनों में चेकिंग की। श्रमशक्ति, राजधानी सहित पांच ट्रेनों के रिजर्व कोचों में घुसे 207 यात्रियों को उतारकर दूसरे डिब्बों में भेजा गया। क्राउड मैनेजमेंट अभियान में एसीएम सेंट्रल संतोष कुमार त्रिपाठी, आरपीएफ की टीम रही। सेंट्रल स्टेशन से चलने और गुजरने वाली पांच ट्रेनों में ओवर क्राउडिंग, वाटरिंग, खानपान की व्यवस्था को चेकिंग टीम ने देखा। श्रमशक्ति के जनरल कोच में लाइन लगवाकर यात्रियों को बैठाया गया। ट्रेनों में 61 यात्री बिना टिकट पकड़े गए। जिनसे 32 हजार से अधिक का जुर्माना भी लिया गया।

## हेड कांस्टेबल की मौत की गुत्थी नहीं सुलझी

**कानपुर।** फीलखाना थानाक्षेत्र में गुप्तार घाट पर नाले में मिले हेड कांस्टेबल खेमचंद की मौत की गुत्थी उलझती जा रही है। उनका बेटा जीतेंद्र जहां हत्या किए जाने की बात कह रहा है वहीं विभाग पोस्टमार्टम रिपोर्ट की बात को लेकर चल रहा है। पुलिस अफसर इसे हादसा मान रहे हैं। मौत की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस मेडिकोलीगल सलाह लेगी।

14 जून को उनका शव गुप्तार घाट के पास स्थित नाले में पड़ा मिला था। चेहरा समेत कुछ हिस्सा जानवरों ने नोच खाया था। प्रकरण में फीलखाना पुलिस ने मृतक के बेटे जीतेंद्र की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या की धारा में रिपोर्ट दर्ज की थी।

एसीपी कोतवाली अर्चना सिंह ने बताया कि अब तक की जांच में हेड कांस्टेबल का किसी से विवाद होना नहीं पाया गया है। वहीं उनकी सीडीआर भी निकलवाई गई है। लेकिन दो दिन पहले से उनका फोन खराब होने के चलते बंद था। पुलिस सीडीआर में जिन नंबरों पर ज्यादा बात होती है उनसे पूछताछ करेगी। बिसरा रिपोर्ट आने के बाद मेडिकोलीगल एडवाइस भी ली जाएगी। एसीपी के अनुसार हर पहलू की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# जीएसवीएम को मिले 108 नॉन पीजी जूनियर डाक्टर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




- मेडिकल कॉलेज में हैं 200 सीटें, मरीजों को मिलेगा लाभ

**अमृत विचार।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में पहली बार सरकारी सेवा बांड के तहत 108 नॉन पीजी जूनियर डॉक्टरों की तैनाती की गई है।

एमबीबीएस की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद शासन के निर्देश पर पहली बार सरकारी सेवा बांड की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके तहत जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में शासन स्तर से 108 जूनियर डॉक्टरों की तैनाती की गई है। इस प्रक्रिया के तहत एमबीबीएस पूरा करने वाले डॉक्टरों को बांड के तहत जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। यह डॉक्टर झांसी, आगरा, गोरखपुर समेत आदि शहरों से आए हैं, जो दो साल तक कॉलेज में तैनात रहेंगे। उप प्राचार्य प्रो.रिचा गिरी ने बताया कि अभी तक सरकारी सेवा बांड के तहत एमडी और एमएस करने वालों को ही मेडिकल कॉलेजों में तैनात किया जाता रहा है। लेकिन पहली बार 2018 बैच के एमबीबीएस करने वाले छात्रों और 2024 में इंटर्नशिप करने वाले डॉक्टरों को मेडिकल कॉलेज बांड के तहत शासन की ओर से भेजा गया है। यह सभी डॉक्टर काउंसिलिंग के जरिए आए हैं, जो दो साल तक निशुल्क सेवाएं देंगे। यह सभी जूनियर डॉक्टर मेडिकल कॉलेज में चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य के गुण सीखेंगे। मरीजों का इलाज भी करेंगे। इसके अलावा वह मरीजों व तीमारदारों के प्रति व्यवहार करना भी सीखेंगे। कॉलेज में दो सौ सीटें हैं, अगर और डॉक्टर मिलते हैं तो दिक्कत नहीं है।

# ट्रैफिक सिपाही का वीडियो बनाने पर टीएसआई ने दी धमकी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सचेंडी का मामला, डीसीपी ने दिया जांच का आदेश

**अमृत विचार।** सचेंडी थानाक्षेत्र के किसान नगर में ट्रैफिक पुलिसकर्मी का कार सवार से अभद्रता और गालीगलौज करने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिसकर्मी को लाइन हाजिर कर दिया गया था। सोमवार को एक ऑडियो वायरल हुआ जो टीएसआई का बताया जा रहा है। वह सिपाही का वीडियो बनाने वाले मीडिया कर्मी को मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहा है। डीसीपी ने जांच के आदेश दिए हैं। अमृत विचार वायरल आडियो की तस्दीक नहीं करता है।

59 सेकेंड के ऑडियो में टीएसआई कह रहा है कि वीडियो काहे बनाया। जिस पर दूसरी तरफ से युवक कह रहा है कि उनसे पूछो न भाई उसने काहे वीडियो बनाया। टीएसआई कह रहा है कि तो ठीक है उनको बता देना हम फोन किए थे। रानू है, टीएसआई रानू है कोई (गाली) नहीं हैं हम। उनको बता देना कि जो यह गुमटी रोड पर भीख मांगते हैं न कि भीख दे दो हमको। हम उनको सही कर देंगे एकदम। अब हम मारना चालू करेंगे उनको। हम उनको सही कर देंगे एकदम। एक मुकदमा लिखवाएंगे तो साबित करने में सारी पत्रकारिता समझ आ जाएगी। और सुनो तुम भी हमारे यहां आना मत, तुमने भी भरोसा तोड़ा है। धमकी का ऑडियो वायरल होने के बाद डीसीपी ट्रैफिक आरती सिंह ने बताया कि टीएसआई को सचेंडी से हटा दिया गया है। एसीपी ट्रैफिक को जांच के आदेश दिए हैं।

## गश खाकर गिरे बुजुर्ग की मौत

**रनियां।** कस्बे के चीटिकपुर चौराहे के समीप 60 वर्षीय बुजुर्ग गर्मी के चलते गश खाकर हाईवे पर गिर पड़े। पुलिस ने एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

रनियां निवासी शशिकांत त्रिवेदी उर्फ बेटन (60) किसी काम से चीटिकपुर चौराहे आए थे। घर लौटते समय तेज धूप में गश खाकर हाईवे पर गिर पड़े। पुलिस ने उन्हें जिला अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी महेंद्र सिंह पटेल ने बताया कि पुत्र शिवम ने अपने पिता के रूप में शिनाख्त की।

## 104 कैमरों की मदद से चोर गिरफ्तार

**कानपुर।** गुजैनी बाईपास के पास से चोरी हुए ऑटो को गुजैनी पुलिस ने 104 कैमरे खंगालकर बरामद कर लिया है। पुलिस ने चोर को भी गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी विनय तिवारी ने बताया कि 22 मई को दामोदर नगर निवासी सुरेश सक्सेना ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका ड्राइवर जब गुजैनी बाईपास के पास शराब खरीदने गया था तो किसी ने उसका ऑटो चोरी कर लिया। पुलिस ने जब ऑपरेशन त्रिनेत के तहत लगवाए गए 104 कैमरों को चेक करना शुरू किया तो एक सुराग मिला। इसके बाद पुलिस ने गुजैनी बाईपास अंडरपास के पास से फतेहपुर के बिंदकी खजुआ निवासी नरेश कंजड़ को ऑटो सहित गिरफ्तार किया।

# गंगा में डूबे छात्र का शव उन्नाव के पास मिला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- ग्वालटोली थानाक्षेत्र के परमट घाट पर डूबा था

**अमृत विचार।** परमट घाट पर सोमवार को गंगा में डूबे नाबालिग यशराज सिंह का शव उन्नाव बार्डर पर उतराता मिला। गोताखोरों ने शव बरामद कर पुलिस को सूचना दी।

नौबस्ता दामोदर नगर निवासी धीरेंद्र सिंह का 17 वर्षीय पुत्र यशराज सिंह तीन दोस्तों के साथ रविवार दोपहर परमट घाट पर गंगा में नहाने गया था। दोस्तों ने बताया कि बेरीकेडिंग फांद जाने पर एक नाविक उसे पकड़कर गहरे पानी में घसीट ले गया था और वहां छोड़ दिया था। जिससे वह डूब गया था। उस नाविक ने एक अन्य दोस्त अर्थव को भी गाली देते हुए पीटा था। डर के मारे तीनों दोस्त करीब तीन घंटे तक घटना छुपाए रहे। दोपहर में परिजनों को जानकारी दी। इसके बाद दस गोताखोरों के साथ पुलिस ने देर रात तक गंगा में तलाश की लेकिन यशराज का कोई सुराग नहीं लग सका। मंगलवार सुबह ग्वालटोली एसओ पवन कुमार नाव से गोताखोरों संग गंगा में उतरे तो यशराज का शव डूबने वाले स्थान से करीब तीन किलोमीटर दूर उन्नाव बॉर्डर के पास पानी में उतराता मिला। पुलिस ने परिजनों से शिनाख्त कराई और उसे पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।



नारायणा एपीएल के आयोजन में शामिल लोगों को समारोह में स्मृति चिह्न दिए गए। अमृत विचार

# टूर्नामेंट के सफल आयोजन पर टीमों ने मनाया जश्न

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नारायणा एपीएल के सफल आयोजन पर टीमों ने सोमवार को जश्न मनाया। राहुल स्वीट्स व बैंक्वेट हॉल में कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें टूर्नामेंट की सभी टीमें, उनके स्पॉन्सर्स व पदाधिकारी मौजूद रहे।

टूर्नामेंट में आठ टीमों ने प्रतिभाग किया था। जिसमें राहुल स्वीट्स विजेता व आरएलबी केशवपुरम उप विजेता रही। आयोजन एपीएल के सचिव और प्रमुख कोच नीरज शर्मा ने डायरेक्टर सुशील मिश्रा, वाइस प्रेसीडेंट प्रदीप सालवानके मार्गदर्शन में किया। एपीएल की कोआर्डिनेटर इति चतुर्वेदी का सहयोग रहा। कार्यक्रम में निर्णय लिया गया कि अगला संस्करण बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा।

# महिला का शव फेंकने वाले संदिग्धों की तलाश

फालोअप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कांशीराम अस्पताल परिसर में शव मिलने का मामला

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में कांशीराम अस्पताल के परिसर में मिले महिला के शव की दो दिन बाद भी शिनाख्त नहीं हो सकी है। अब पुलिस बीटीएस की मदद से वारदात के समय वहां एक्टिव रहे संदिग्ध नंबरों को तलाश में जुट गई है।

15 जून की सुबह कांशीराम अस्पताल में निर्माणधीन एमआरआई बिल्डिंग के पास झाड़ी में महिला का शव पड़ा मिला था। पुलिस ने अस्पताल के अलावा रामादेवी चौराहे से लेकर पीएसी मोड़ तक के सीसीटीवी फुटेज देख डाले लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग सका। अस्पताल के आसपास के इलाकों में पूछताछ में भी कुछ नहीं निकला। दो दिन बाद भी महिला की पहचान न होने के बाद अब पुलिस बीटीएस यानि बेस्ड ट्रांसीवर स्टेशन की मदद से अस्पताल में घटना वाले दिन के मोबाइल नंबरों को चेक कर रही है। जिससे संदिग्ध नंबरों की जांच कर आरोपियों को पकड़ने में मदद मिल सके। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि टीमें आरोपियों के बारे में जानकारी करने का प्रयास कर रही हैं।

# डॉक्टर के परिजन कार्रवाई करने से कर रहे इन्कार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- डॉ. दीक्षा तिवारी की मौत का मामला

**अमृत विचार।** मेडिकल कॉलेज परिसर में स्थित परीक्षा भवन की पांचवीं मंजिल से संदिग्ध परिस्थितियों में गिरकर एमबीबीएस डॉक्टर दीक्षा तिवारी की मौत के मामले में पुलिस हादसे की ओर इशारा कर रही है। पुलिस का कहना है कि दीक्षा के परिजनों से बात की गई मगर वह अभी किसी तरह की कार्रवाई से इन्कार कर रहे हैं।

डॉक्टर दीक्षा तिवारी की मौत के बाद पुलिस ने उनके साथी डॉक्टर हिमांशु और डॉक्टर मयंक को हिरासत में लेकर लंबी पूछताछ की थी। परिजनों के तहरीर न देने पर दूसरे दिन दोनों को छोड़ दिया था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि फोरेंसिक टीम को सबूत और लोगों से पूछताछ व घटनास्थल और आर्यनगर स्थित घर की जांच करने पर हादसे का संकेत ही मिल रहा है। पुलिस को आर्यनगर स्थित दीक्षा के किराये के घर से रजिस्टर के पन्नों पर एक पत्र और कुछ और दस्तावेज मिले थे। पुलिस का मानना है कि दीक्षा की हर गतिविधि की जानकारी परिवार को थी। इस मामले में एडिशनल सीपी हरीश चन्दर ने बताया कि परिवार वालों से पुलिस की बात हुई है। उन्होंने अब तक कोई तहरीर नहीं दी है। पुलिस हर एंगल पर जांच कर रही है। अभी तक मामला हादसे का ही लग रहा है।

पढ़ो, आगे बढ़ो

कालेजों से विषय विशेषज्ञों को चुनकर बनाई जाएगी टीम

# ई-कंटेंट से पढ़ेंगे जिले के 21 जीआईसी के छात्र

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**21** राजकीय इंटर कॉलेज शहर में मौजूद

**37** हजार बच्चे इन स्कूलों में कर रहे पढ़ाई

**05** हजार परीक्षार्थी कर रहे बोर्ड की तैयारी

**140** शिक्षक इन स्कूलों में करा रहे पढ़ाई

- पाठ्यक्रम के बेहतर नोट्स और सामग्री बच्चों को होगी उपलब्ध
- मोबाइल फोन पर भी बच्चे हासिल कर सकेंगे नोट्स

**अमृत विचार।** जिले के 21 राजकीय इंटर कालेजों (जीआईसी) में नए सत्र से बच्चों को कोर्स की तैयारी में ई-कंटेंट की सुविधा मिलेगी। अपने अभिभावक के मोबाइल फोन पर बच्चे पाठ्यक्रम से जुड़े नोट्स हासिल कर सकेंगे। शिक्षा विभाग की ओर से इसके लिए विषय विशेषज्ञों की टीम बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। इस टीम के लिए जीआईसी से विषय विशेषज्ञों का चुनाव हो रहा है।

शिक्षा विभाग की ओर से इस बार राजकीय इंटर कालेजों में नया प्रयोग किया जा रहा है। विभाग बच्चों के लिए ई-कंटेंट तैयार करा रहा है। यह ई-कंटेंट स्कूल के शिक्षक ही छात्रों के लिए तैयार करेंगे। हाईस्कूल और इंटर की तैयारी करने वाले परीक्षार्थियों के लिए यह विशेष प्रयास होगा। इनमें विज्ञान, हिंदी, अंग्रेजी, गणित, अर्थशास्त्र, इतिहास जैसे विषयों को शामिल किया गया है। शिक्षा अधिकारियों ने बताया कि यह कंटेंट परीक्षार्थियों को हर सप्ताह उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा शिक्षकों की ओर से दिए गए कंटेंट से परीक्षार्थियों को विशेष तैयारी भी कराई जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि परीक्षा की तैयारी करने वाले बच्चों को ई-कंटेट की सुविधा पर काम चल रहा है। जीआईसी से विषय विशेषज्ञों के नाम मांगे गए हैं। नए सत्र के पहले सप्ताह से इसकी सुविधा बच्चों को मिलनी शुरू हो जाएगी।

### अन्य स्कूलों को लाभ

जीआईसी के लिए बनाए गए इ-कंटेंट को यदि अन्य स्कूल मांगेंगे तो उन्हें भी उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा ऐसे स्कूल जहां पर किसी विषय के शिक्षक की कमी है वहां पर भी टीम की ओर से उपलब्ध कराए गए इन नोट्स से बच्चों को सुविधा मिल सकेगी। अन्य कक्षाओं में इस सुविधा का लाभ दिए जाने के लिए स्कूलों से रिपोर्ट मांगी गई है। स्कूल जिन विषय की अधिक मांग करेंगे, उस पर कंटेंट बनाने का काम किया जाएगा।

# अगले सत्र से शुरू होगी अक्षय पात्र रसोई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 1.70 लाख विद्यार्थियों की सेहत अक्षय पात्र रसोई सुधारेगी

**अमृत विचार।** भौंती के कपली गांव में निर्माणाधीन केंद्रीयकृत किचन अगले वर्ष जुलाई तक बनकर तैयार हो जाएगा। इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से अब तक 4.50 करोड़ रुपये जारी किया गया है। इस धन से रसोई में चावल व दाल बनाने के लिए कोल ड्रन, रोटी बनाने की मशीन सहित अन्य उपकरण लगाए जाएंगे। मशीन से एक घंटे में करीब एक लाख रोटियां बन सकेंगी। सब्जी काटने, छीलने व धोने का यंत्र भी लगेगा। अक्टूबर से रसोई का ट्रायल शुरू हो जाएगा।

जिले के परिषदीय स्कूलों में आठवीं कक्षा तक में पढ़ने वाले 1.70 लाख विद्यार्थियों को अगले साल से अक्षय पात्र रसोई से गर्म भोजन मिल सकेगा। इस रसोई से इंसुलेटेड वैन के जरिये स्कूलों तक भोजन पहुंचाया जाएगा। बेसिक शिक्षा विभाग ने अक्षय पात्र फाउंडेशन को जिले के सरकारी स्कूलों में एमडीएम वितरण की जिम्मेदारी सौंपी है।

बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने बताया कि केंद्रीयकृत किचन का निर्माण कार्य चल रहा है। अगले साल तक पूरी तरह से फाउंडेशन की ओर से एमडीएम वितरण शुरू कर दिया जाएगा। तब बच्चों को और बेहतर गुणवत्ता का भोजन मिल सकेगा।



बगाही बाबूपुरवा ईदगाह में बकरीद की नमाज पर दुआ मांगते नमाजी। अमृत विचार


फेथफुलगंज ईदगाह में नमाज अदा करतीं महिलाएं। अमृत विचार

बकरीद की नमाज में मुल्क के अमन-ओ-अमान की दुआ ○ ऐ खुदा, हम तुम्हारे इम्तेहान के लायक नहीं, गर्मी से निजात दें

# गैर मुस्लिमों से मधुर संबंध बनाएं, खूब पौधे लगाएं

**ईद-उल-अजहा**

कार्यालय संवाददाता,कानपुर

**अमृत विचार।** ईद-उल-अजहा यानी बकरीद की नमाज में सोमवार को मुल्क के अमन-ओ-अमान के साथ ही पैगाम दिया गया कि अगर हर कोई एक एक पौधा भी लगाए तो पूरा मुल्क हराभरा हो जाएगा और भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों को निजात मिल जाएगी। दुआ की गई कि ऐ खुदा हम तुम्हारे इम्तेहान के लायक नहीं हैं, हम सबको गर्मी से निजात दे दो। गैर मुस्लिम भाइयों से गहरा रिश्ता बनाने की भी अपील की गई।

सोमवार को पूरे शहर की ईदगाहों और मस्जिदों में ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गई। बड़ी ईदगाह बकरमंडी में पेशइमाम मौलाना मोहम्मद शकील ने नमाज अदा कराई। उन्होंने मुल्क के अमन-ओ-अमान की दुआ के साथ कहा कि या अल्लाह, हमारे मुल्क के भाईचारा, अमन-ओ-अमान को तबाह करने की कोशिश करने वालों को नेस्तनाबूद कर दो।

उधर गद्दियाना ईदगाह में पेशइमाम मौलाना हाशिम अशरफी ने दुआ कराई कि ऐ खुदा, हम तेरे इम्तेहान के लायक नहीं हैं, हमसब के गुनाहों के माफ कर दो, गर्मी से निजात दे दो। पेशइमाम ने लोगों का आह्वान किया कि सारे कामों की तरह ये तय कर लीजिए कि हर कोई एक-एक पौधा लगाएगा और उसकी देखभाल भी करेगा। मुल्क को हराभरा बनाएं क्योंकि गर्मी जानलेवा साबित हो रही है। फिलिस्तीन के मजलूमों के लिए भी दुआ कराई। उधर बगाही ईदगाह में मौलाना सैयद मोहम्मद फैजान ने नमाज अदा कराई। उन्होंने लोगों को आह्वान किया कि गैर मुस्लिम भाइयों से गहरा रिश्ता बनाएं और उनके दुख-सुख में शिरकत करें। मसवानपुर ईदगाह में पेशइमाम मौलाना मुश्ताक मुशाहिदी ने नमाज अदा कराई और अमन-ओ-अमान की दुआ की।

### फेथफुलगंज-सुजातगंज में महिलाओं ने पढ़ी नमाज

ईदगाह हाजी मास्टर अब्दुल करीम फेथफुलगंज में पेशइमाम अब्दुल समी नदवी ने नमाज अदा कराई। उन्होंने दुआ में भाईचारा की दुआ कराई। यहां महिलाओं ने भी पर्दे के पीछे से नमाज अदा की। ऐसे ही सुजातगंज ईदगाह में मौलाना रजा उल्लाह सलफी ने नमाज अदा कराई। यहां भी महिलाओं ने नमाज पढ़ी। दोनों ही ईदगाह में मुल्क के भाईचारा को मजबूत करने की बात हुई जिसपर नमाजियों ने आमीन कहा। इसी प्रकार उसमानपुर ईदगाह, मछरिया ईदगाह, रावतपुर ईदगाह, जाजमऊ ईदगाह में भी नमाज अदा की गई। जामा मस्जिद शफियाबाद चमनगंज में मौलाना कारी कासिम हबीबी इलाहाबादी ने दो बार नमाज अदा कराई। शहर की मस्जिदों में भी नमाज पढ़ी गई। उधर शिया जामा मस्जिद ग्वालटोली मकबरा, नवाब दूल्हा हाता पटकापुर, गम्मू खां हाता, मछली वाला हाता, जूही लाल कालोनी, बेगमपुरवा, बाबूपुरवा समेत शहर की सभी शिया मस्जिदों में नमाज अदा की गई।

### ईदगाह में मुबारकबाद देने पहुंचे लोग

- बड़ी ईदगाह में लगे प्रशासनिक कैंप में पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार, एडिशनल सीपी हरीश चन्दर, डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम, एडीसीपी एलआईयू राजेश श्रीवास्तव, एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार आदि मौजूद रहे। कांग्रेस के कैंप में आलोक मिश्रा, पूर्व विधायक संजीव दरियाबादी, नरेंद्र चंद्र त्रिपाठी, नौशाद मंसूरी, कमल शुक्ल बेबी आदि थे। सपा के कैंप में विधायक अमिताभ वाजपेयी, फजल महमूद आदि थे। अन्य कैंपों में डॉ. अब्दुल हलीम खां, डॉ. मुबारक अली, मसरुर भाई, हसीब, एआर. जौहरी,डॉ. चांद, हाफिज जमील आदि थे। मसवानपुर ईदगाह में डॉ. निसार अहमद सिद्दीकी, वकील पहलवान, नफीस, अतीक अहमद, इसराइल, अकील, सद्दाम हुसैन आदि थे। फेथफुलगंज ईदगाह में मुतवल्ली सरवर जहां, मोहम्मद इकबाल, खुर्शीद अहमद, मोहम्मद् सऊद, मोहम्मद मुबीन आदि थे। बगाही ईदगाह कैंप में विधायक रुमी हसन, पूर्व पार्षद इजहारुल अंसारी के अलावा खुर्शीद अनवर,हसीन मंसूरी, एहतेशाम सिद्दीकी, मोहम्मद कैसर,पूर्व पार्षद मोहम्मद शाहिद, निशात मलिक आदि थे।

### बेरीकेडिंग से लोग परेशान, नमाज छूटी

- इस बार बड़ी ईदगाह में भीड़ को रोकने के लिए पुलिस ने ऐसी घेराबंदी की थी कि तमाम लोग ईदगाह तक नहीं पहुंच सके और उनकी नमाज छूट गई। दरअसल पी रोड, 80 फिट रोड, हर्ष नगर, ईदगाह कालोनी के अंदर, चुन्नीगंज, ऊंची सड़क की ओर पुलिस-प्रशासन की ओर से तगड़ी बेरीकेडिंग की गई थी। पिछले सालों में इतनी कड़ी बेरीकेडिंग नहीं होती थी। इस कारण जो लोग दिए गए नमाज के समय के अनुसार सुबह 7 .30 बजे से पांच दस मिनट पहले ईदगाह पहुंचना चाहते थे, वे ईदगाह तक नहीं पहुंच सके। उन्हें दूसरी जगह मस्जिदों में नमाज पढ़नी पड़ी।

### कई जगह बंद रहीं मस्जिदें

- फुथफुलगंज और सुजातगंज में मुसलमानों ने ईदगाह में ही नमाज पढ़ी जबकि मस्जिदें बंद रहीं। इस संबंध में जमीअत अहले हदीस के प्रवक्ता मोहम्मद इकबाल का कहना है कि अहले हदीस के लोग ईद और बकरीद की नमाज ईदगाह में ही पढ़ते हैं।


### ईदगाह खाली, मस्जिदें फुल रहीं

- हर साल बड़ी ईदगाह हो या बगाही ईदगाह या फिर जाजमऊ ईदगाह, सभी ईदगाह में दो से तीन लाख नमाजी होते थे लेकिन इस बार बकरीद की नमाज में ईदगाह पूरी नहीं भर सकीं। लोगों ने क्षेत्र की मस्जिदों में ही नमाज पढ़ना मुनासिब समझा। इसके पीछे का कारण ये रहा कि ईदगाह के बाहर नमाज पढ़ने पर पाबंदी लगाई गई थी जिससे लोगों ने क्षेत्र की मस्जिदों में नमाज पढ़ी।

## मुसलमान नफरत और द्वेष की भावना छोड़ें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ऐतिहासिक बस्ती मकनपुर में ईद उल अजहा का त्योहार कुर्बानी और ईसार के जज्बे से मनाया गया। ईदगाह में नमाजियों को संबोधित करते हुए मौलाना सैयद नुरूल अराफात जाफरी ने कहा कि बकरीद में जानवरों की कुर्बानी के अलावा मुसलमानों को द्वेष एवं नफरत की भावना को भी तिलांजलि देनी चाहिए। उन्होंने देशहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की सलाह दी। शाही मस्जिद में इमाम सैय्यद महजर अली ने हजरत इब्राहिम व उनके बेटे की मिसाल देकर युवाओ को वालदैन की इताअत करने की सलाह दी। हैदरी मस्जिद में पेशइमाम मौलाना सय्यद अजीम रिजवी ने कुर्बानी के गोश्त वितरण में गरीबों को तरजीह (वरीयता) देने की हिदायत दी। ग्राम प्रधान मजाहिर हुसैन जाफरी, इंस्पेक्टर अरौल अखिलेश पाल,चौकी प्रभारी मकनपुर राजन मौर्या, अल्तमश जाफरी ने शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार के संपन्न होने में प्रमुख भूमिका निभाई।



मकनपुर में नमाजियों को संबोधित करते मौलाना सैयद नुरूल अरफात।

### पहले दिन दो लाख से अधिक जानवर कुर्बान

बकरीद तीन दिनों तक मनाई जाती है, सोमवार को पहले दिन कानपुर शहर में करीब दो लाख जानवर कुर्बान किए गए। सुबह फजिर (भोर की नमाज) के बाद से ही बकरीद की नमाज मस्जिदों व ईदगाह में अदा की गई। कुर्बानी जिनके नाम से होना था, उन्होंने रोजा रखा और कुर्बानी होने के बाद रोजा खोला। कर्नलगंज,बेकनगंज, कंघी मोहाल, चमनगंज, बाबूपुरवा, बेगमपुरवा, मछरिया, रोशन नगर, रावतपुर, जाजमऊ, केडीए कालोनी समेत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कुर्बानी कराई गई। हलीम ग्राउंड पर अभी भी जानवरों की बाजार लगी है।

## भाजपा मनाएगी योग और बलिदान दिवस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 21 जून से 6 जुलाई तक विशेष पखवाड़ा माह

**अमृत विचार।** भाजपा 21 जून से लेकर 6 जुलाई तक कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के सभी जिलों में विशेष पखवाड़ा माह चलाएगी। क्षेत्रीय कार्यालय में पदाधिकारियों के साथ बैठक कर क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सभी जिलों के मंडलों में आयोजित होगा। जिसमें कार्यकर्ताओं के अतिरिक्त समाजसेवी संगठन भी भाग लेंगे। इस अभियान को क्षेत्रीय महामंत्री संत विलास शिवहरे, क्षेत्रीय मंत्री सुनील तिवारी एवं क्षेत्रीय मंत्री संजीव उपाध्याय देखेंगे।

उन्होंने बताया कि 23 जून को जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर सभी जिलों के सभी बूथों पर चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए गोष्ठियां की जाएंगी, उसी दिन वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ होगा। बूथ पर रहने वाले प्रमुख कार्यकर्ता एक पेड़ मां के नाम लगाकर 6 जुलाई तक अभियान चलाएंगे। इस अभियान की जिम्मेदारी क्षेत्रीय महामंत्री पूनम




द्विवेदी, क्षेत्रीय मंत्री पवन प्रताप सिंह एवं आलोक शुक्ला संभालेंगे। 25 जून को आपातकाल पर गोष्ठियां आयोजित कर कांग्रेस के अत्याचार को जन-जन तक पहुंचाया जायेगा। आपातकाल में जेल गए लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान समारोह भी आयोजित करेगी। इस कार्यक्रम को क्षेत्रीय महामंत्री राम किशोर साहू, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनीता गुप्ता एवं क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव गुप्ता देखेंगे। माह के आखिरी रविवार 30 जून को पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इस अभियान का क्षेत्रीय इंचार्ज एक बार फिर से क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी को बनाया गया है।

## पत्नी और प्रेमी पर पीटने का आरोप

**कानपुर।** बर्रा निवासी युवक ने पुलिस को बताया कि तीन साल से उसकी पत्नी प्रेमी के साथ काकादेव में रह रही है। रविवार शाम वह वहां गया तो पत्नी व प्रेमी और साले ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोप है कि चारों ने उसकी अंगूठी, मोबाइल, चेन, एटीएम और 2200 रुपये लूट लिए। इस संबंध में काकादेव थाना प्रभारी केपी गौड़ ने बताया कि लूट और हत्या के प्रयास में रिपोर्ट दर्ज की है।

## हाजी बनते ही जिंदगीभर का ख्वाब पूरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आज तक हाजी बनने के शरई नियम का पालन करेंगे
- कंकरी मारने, खान-ए-काबा का तवाअफ की रस्म पूरी

**अमृत विचार।** आखिर वह दिन आ ही गया, जब देश के 1 लाख 75 हजार हाजी और यूपी के 35 हजार मुसलमान हाजी बन जाएंगे। मक्का में 14 जून से 18 जून तक हाजी बनने के शरई नियम का पालन करते हाजी बनने का ख्वाब पूरा हो जाएगा।

हर मुसलमान का ख्वाब होता है कि एक बार वह पैगंबर मोहम्मद साहब के रौजे पर हाजिरी जरूर लगाए और अपने गुनाहों से तौबा करके हाजी बन जाए। मीना में तीनों शैतानों को कंकरी मारने के साथ ही, सिर के बाल कटाने, कुर्बानी कराने, खान-ए-काबा का तवआफ (परिक्रमा) करने जैसे महत्वपूर्ण अरकान पूरे हो चुके हैं। अब मंगलवार को हाजी हजरात के लिए कोई विशेष नियमों का पालन नहीं करना है। वहां मौजूद सभी लोग हाजी बन जाएंगे। हज कमेटी के मास्टर ट्रेनर हाजी शारिक अलवी का कहना है कि हाजी हजरात के लिए हज के दौरान कई ऐसे मौके होते हैं, जिसमें वह अपने गुनाहों से तौबा करके ऐसे हो जाते हैं जैसे उन्होंने कभी कोई गुनाह किए ही नहीं हैं। उन्होंने बताया कि हाजी हजरात आसमान के नीचे ये संकल्प लेते हैं कि अब वह जिंदगी में कभी कोई गुनाह नहीं करेंगे।

## वृद्धा को पोते ने पीटा और बाल नोचे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बेटे पर भी आरोप, मारपीट और धमकाने की रिपोर्ट
- किदवईनगर थाना क्षेत्र के साकेत नगर का मामला

**अमृत विचार।** किदवई नगर थानाक्षेत्र के साकेतनगर निवासिनी 89 वर्षीय की विधवा वृद्धा ने अपने पोते के खिलाफ मारपीट और धमकाने की शिकायत दर्ज कराई है। वृद्धा का आरोप है कि उसके पोते ने गाली देते हुए उसके बाल पकड़कर नोचे और फिर उसे तमाचे जड़ दिए। पुलिस ने उसके बड़े बेटे और पोते के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

डब्लू वन साकेत नगर निवासी माया देवी पांडेय ने पुलिस को बताया कि उनके पति राम गोपाल पांडेय की कुछ वर्ष पहले मौत हो गई थी। बेटी ने तय किया कि उन्हें चारों बेटों के पास तीन-तीन माह रहना चाहिए। इसके नाते वह बड़े लड़के के पास रह रहीं हैं। प्रापर्टी के लालच में पोते साहिल पांडेय उर्फ विकास ने एक माह के अन्दर चार बार गाली-गलौज की। 30 मई को रात 10:30 बजे जब वह अपने कमरे में थीं तो साहिल आया और बाल पकड़कर गाली गलौज करने के बाद गाल पर तमाचे जड़ दिए। वह कहता है, पहले तुमको और तुम्हारे छोटे लड़के को मार देंगे। इसके बाद बाकी लड़कों को मारेंगे। बड़ा लड़का भी अपने बेटे का ही पक्ष लेता है। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि वृद्धा की तहरीर पर उसके बेटे और पोते के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## हमले के तीन आरोपी गिरफ्तार

**कानपुर।** हरबंशमोहाल पुलिस ने सुतरखाना निवासी अमित राठौर पर हमला करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर हरबंशमोहाल विक्रम सिंह राठौर ने बताया कि अमित राठौर ने 15 जून को मनीष, हिमांशु, नितिन, पिंटू, सार्थक, सत्यम व उनके 10 अन्य साथियों पर पुरानी रंजिश में पीटने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने नितिन हिमांशु और एक बाल अपचारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बाकी की तलाश जारी है।

## सार-संक्षेप


मेट्रो ने किदवईनगर में कार्य के दौरान हरा पेड़ काट दिया। अमृत विचार

### पेड़ तो काट रहे पर लगा कहां रहे, मंत्री से शिकायत

**कानपुर।** कानपुर मेट्रो की ओर से निर्माण के दौरान पेड़ों को काटने के मामले में वार्ड 14 की पार्षद शालू सुनील कनौजिया ने पर्यावरण वन और जलवायु केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव से लिखित शिकायत की है। उन्होंने कहा कि मेट्रो और हाईवे जैसे तमाम कार्यों में पेड़ों को काटने की अनुमति वन विभाग और उद्यान विभाग ने दी है। लेकिन पेड़ काटने की अनुमति लेने वाले विभागों में कहां और कितने पेड़ लगाए इसकी सूचना या जानकारी शहर को नहीं दी जाती। इससे शहर में पेड़ों की संख्या लगातार कम हो रही है। ग्रीन बेल्ट के पेड़ों को भी काटा जा रहा है। विभागों ने कहां कितने पेड़ लगाए, इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिये।


रामराज परिषद के सदस्यों ने धरना दिया। अमृत विचार

### आतंकवाद के खिलाफ अब हो निर्णायक युद्ध

**कानपुर।** आतंकी हमलों को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आतंकवाद के खिलाफ अब निर्णायक युद्ध होना चाहिए। सोमवार को सरसैयाघाट चौराहा पर विरोध में निर्जला उपवास-धरना दे रहे रामराज परिषद के सदस्यों ने यह मांग की। भारत सरकार से मांग की कि हमलों के खिलाफ कठोरता पूर्वक कार्रवाई की जानी चाहिए। रामराज परिषद के अध्यक्ष अजय कुमार मिश्रा, सरनाम सिंह ने कहा कि अत्याचारी का सिर कुचल देना हिंसा नहीं अहिंसा है। इस मौके पर महंत राम गोविंद दास, मुकेश माधव, टुनटुन गुप्ता, राजीव अग्निहोत्री, रमेश चंद्र पांडे, विनीत मिश्रा, रमेश चंद्र दीक्षित, हरिओम, बृजेश कुमार दीक्षित आदि रहे।

## प्रभु की भक्ति के लिए मिली है देह

**कानपुर।** मानव देह 84 लाख योनियों में सर्वश्रेष्ठ और क्षण भंगुर है। यह देह मनुष्य को प्रभु की भक्ति के लिए मिली है। मनुष्य मात्र भक्ति से अपने लक्ष्य की प्राप्ति कर सकता है। यह बात त्रिभुवन पैलेस में चल रहे प्रवचन में डॉ. कुंजेश्वरी ने कही।


डॉ. कुंजेश्वरी।

डॉ. कुंजेश्वरी ने कहाकि भक्ति मन से करनी चाहिए। संसार से मन हटाकर श्रीराधा-कृष्ण में लगाएं। हम श्याम सुंदर को सदा अपने साथ मानकर चलें। जहां मन जाए वहां श्याम सुंदर को देखें। इससे ध्यान पक्का हो जाएगा। शरणागति मिलेगी और मन निर्मल हो जाएगा। गुरु की कृपा से हमें प्रभु की प्राप्ति होगी। प्रवचन के बाद भक्तों ने श्रीराधा-कृष्ण का कीर्तन किया।

करो योग, रहो निरोग | विश्व रिकार्ड बनाने के लिए पार किया लक्ष्य, राजभवन के अभियान में प्रदेश के 34 विश्वविद्यालय शामिल

## 21 लाख से अधिक लोग ले चुके योग की ऑनलाइन शपथ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून से पहले योग की ऑनलाइन शपथ का विश्व रिकार्ड बनाने में जुटे राजभवन ने अभियान के पांचवें दिन ही लक्ष्य पार कर लिया। प्रदेश स्तर पर यह अभियान चल रहा है। 17 जून को 21 लाख से अधिक शपथ आनलाइन भरी जा चुकी थीं। पोर्टल 18 जून की रात्रि 12 बजे तक खुला रहेगा।

ऑनलाइन शपथ का विश्व रिकार्ड बनाने के संबंध में 12 जून से प्रक्रिया शुरू करके 17 लाख शपथ पत्र का लक्ष्य रखा गया था। छात्र-छात्राएं एवं प्रदेश वासी ऑनलाइन शपथ लेकर विश्व रिकार्ड बनाने में अपना सहयोग दे रहे हैं। 16 जून की शाम तक ऑनलाइन शपथ के


कैलाश सरस्वती इंटर कालेज में योग करते शहरी। अमृत विचार

पोर्टल पर 17 लाख 75 हजार से अधिक शपथ पत्र हासिल किए जा चुके थे।

सीएसजेएम विश्वविद्यालय योग की ऑनलाइन शपथ में बढ़-चढ़कर भागीदारी सुनिश्चित कर रहा है, यह जानकारी देते हुए कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक ने बताया कि कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से ऑनलाइन योग संबंधी शपथ का गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड बनेगा। इस अभियान में प्रदेश के 34 विवि शामिल हैं। ऑनलाइन योग संबंधी शपथ के लिए लिंक https://rajbhawanyogapledge.in/ पर जाकर ऑनलाइन शपथ सबमिट करके संबद्ध महाविद्यालयों के वर्तमान और पुरातन छात्र-छात्राओं के अलावा शिक्षक, अधिकारी व कर्मचारी विश्व रिकार्ड का हिस्सा बन सकते हैं।

### सूर्य नमस्कार, अनुलोम-विलोम और भ्रामरी करें किशोर

**कानपुर।** सीएसजेएमयू के तत्वावधान में सोमवार को कैलाश सरस्वती इंटर कालेज, कल्याणपुर में हुई कार्यशाला में मधुमेह, कमरदर्द, जोड़ों के दर्द, थायरायड, उच्च और निम्न रक्तचाप के रोगियों ने योग का अभ्यास किया। किशोरों के लिए सूर्य नमस्कार, अनुलोम-विलोम और भ्रामरी प्राणायाम सर्वाधिक उपयोगी है, क्योंकि इन अभ्यासों से अन्त :स्रावी तन्त्र संतुलित मात्रा में हारमोन्स रिलीज करता है। सहायक आचार्य डॉ. रामकिशोर ने बताया कि मधुमेह नियंत्रण और बचाव के लिए अर्ध मत्स्येन्द्रासन, मण्डूकासन, भुजंगासन और धनुरासन का नियमित अभ्यास करना चाहिए। जोड़ों के दर्द के बचाव और प्रबंधन के लिए संधिसंचालन के अभ्यास करने चाहिए। कमर दर्द के रोगियों को पवनमुक्तासन, सेतुबंधासन, मेरुदण्डासन, मकरासन, भुजंगासन और धनुरासन का अभ्यास करना चाहिए। इस मौके पर प्रेम चन्द्र अग्निहोत्री, ओमकार मिश्रा, आकृति त्रिपाठी, पीहू सिंह, पूजा देवी आदि मौजूद रहे। उधर सीएसएजेएमयू कैंपस में आयोजित शिविर में सूक्ष्म व्यायाम, ग्रीवा संचालन आदि क्रियायें, आसान में वृक्षासन, पर्वतासन आदि, अनुलोम विलोम एवं भ्रामरी और अंत में ध्यान एवं शांतिपाठ का अभ्यास योग प्रशिक्षिका सोनाली धनवानी ने करवाया।

## अविरल-निर्मल गंगा की मौजूदगी से कलयुग उत्तम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सतयुग, त्रेता और द्वापर से उत्तम है कलयुग, क्योंकि धरा पर देवलोक से आईं गंगा हैं। अगर कोई हर हर गंगे का आह्वान करे तो मां गंगा उसकी सारी मनोकामनाएं पूरी करती हैं। उसी प्रकार अगर हम रोज कथा रूपी सरोवर में डुबकी लगाएं तो जीवन सहज, सरल और सुगम हो जाएगा। यह बात मोतीझील गंगा समग्र के महोत्सव में व्यासपीठ प्रेमभूषण महाराज ने कही।


प्रेमभूषण महाराज।

प्रेमभूषण महाराज ने सुंदरकांड, लंकाकांड और राज्याभिषेक से जुड़े प्रसंगों का गायन करते हुए कहा कि मनुष्य दो काम से हमेशा बचने का प्रयास करता है। एक भजन व दूसरा दान। जबकि सत्य यही है कि जब मनुष्य धरा से जाता है तो उसके साथ दो यही चीजें पुण्य के रूप में जाती हैं। कहा कि भगवत प्रसाद का रस खुद प्राप्त नहीं होता है। प्रयास करना पड़ता है।

# केडीए के खाली पड़े फ्लैट हो रहे खंडहर, नहीं मिल रहे खरीदार

## केडीए की 14 योजनाओं में वीरान पड़े हैं 7 हजार से ज्यादा फ्लैट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केडीए की 14 योजनाओं में अभी भी 7322 फ्लैट खाली पड़े हैं। इनको खरीदार नहीं मिल रहे हैं। इन खाली फ्लैट्स को बेचने के लिये केडीए लगातार मशक्कत कर रहा है, लेकिन लोगों की दिलचस्पी इन फ्लैट्स को खरीदने में नहीं दिखाई पड़ रही है। यहां तक कि लगातार रेट फ्रीज करने और चौथाई तथा आधी कीमत चुकाने पर ही कब्जा देने के बाद भी केडीए फ्लैट नहीं बेच पा रहा है, जबकि केडीए की इन्हीं योजनाओं के आसपास बने निजी बिल्डरों के अपार्टमेंट धड़ल्ले से बिक रहे हैं।

केडीए ने शहर में विभिन्न योजनाओं में 11,304 फ्लैट बनाए हैं। लेकिन इनमें से सिर्फ 3,982 फ्लैट ही बिक पाए हैं। 7,332 फ्लैटों को अभी भी खरीदारों का इंतजार है। इन फ्लैट्स को कमीशन एजेंट भी नहीं बेच पा रहे हैं। वर्ष 2023-24 में इन खाली फ्लैट्स में सिर्फ 122 फ्लैट ही बिक सके थे। अभी भी 179 श्री बीएचके फ्लैट खाली पड़े हैं। अन्य योजनाओं में बड़ी संख्या में टू और वन बीएचके फ्लैट्स खाली हैं। थ्री बीएचके फ्लैट सिग्नेचर ग्रींस विकास नगर, केडीए हाईट कल्याणपुर-बिठूर रोड और केडीए ग्रींस मैनावती मार्ग पर हैं।

**7,332** फ्लैटों को खरीदारों का इंतजार

**122** फ्लैट ही पिछले एक साल में बिके

**179** थ्री बीएचके के फ्लैट खाली पड़े

**25** प्रतिशत कीमत अदा करके ईडब्ल्यूएस फ्लैट पर ले सकते कब्जा

**50** प्रतिशत कीमत देकर एलआईजी या उससे बड़े फ्लैट में रह सकते



शताब्दी नगर योजना में अपार्टमेंट की हालत खंडहर सी हो गई है।

● रेट फ्रीज और कई रियायतों के बाद भी शहरवासी फ्लैट लेने को तैयार नहीं

### कीमतें फ्रीज फिर भी तीन साल में 700 फ्लैट नहीं बिक सके

- केडीए की रिपोर्ट के अनुसार साल 2020-21 में 252 और 2021-22 में 324 फ्लैट बिके थे। 2022-23 में फ्लैट्स बिक्री का आंकड़ा 100 की संख्या भी नहीं छू सका। 2023-24 में सिर्फ 122 फ्लैट ही बिके। 2015 में केडीए ने पहले आओ पहले पाओ स्कीम लागू की थी। वर्ष 2019 में फ्लैटों के रेट फ्रीज कर दिए गए थे, तब से रेट नहीं बढ़ाए गए हैं। रेट फ्रीज हैं, पर खरीदार नहीं मिल रहे हैं।

### लुभावने आफर के बाद भी 14 अरब से ज्यादा फंसे

- केडीए के बहुमंजिली इमारतों में फ्लैट्स बनाने की योजनाओं पर 14 अरब रुपये से ज्यादा फंसे हुए हैं। आठ साल से केडीए लगातार लुभावने ऑफर निकाल रहा है, पर लोग हैं कि आकर्षित नहीं हो रहे हैं। अब केडीए ने एक बार फिर से फ्लैट बेचने के लिए नए सिरे से कोशिश शुरू की है। ईडब्लूएस श्रेणी में 25 फीसदी और एलआईजी और एमआईजी में 50 फीसदी पैसा देकर कब्जा देने की घोषणा की है।

### फ्लैट न बिकने की ये वजहें

- पर्याप्त सुविधाओं के अभाव में आबादी से दूर निर्माण
- सन्नाटा, सीवर भराव, मुख्य मार्गों से कनेक्टिविटी नहीं
- किसी भी योजना में शापिंग काम्पलेक्स या सोसायटी नहीं होना
- कूड़ा उठाने वाले समय से नहीं पहुंचते, पेयजल की भी समस्या
- 10 वर्षों से खड़े भवनों के शीशे टूट चुके, दीवारों में सीलन
- यातायात सुविधा का अभाव, अपने साधनों से ही पहुंच सकते

"योजनाओं में बने फ्लैट बेचने में जो समस्या आ रही है उसको प्राथमिकता पर दूर करने का प्रयास है। इस संबंध में लोगों के सुझाव भी मांगे हैं। इसीलिये दाम भी फिर से फ्रीज किये गये हैं।

– मदन सिंह गर्ब्याल, उपाध्यक्ष

# 50 हजार से अधिक बकाया तो कटेगा कनेक्शन

**कानपुर।** 50 हजार रुपये से अधिक बिजली के बिल के बकायेदारों के खिलाफ केस्को अभियान चलाकर कनेक्शन काटने का काम करेगा।

● चुनाव के समय बिल जमा न होने पर दी गई थी रियायत

शहर में केस्को के करीब सात लाख से अधिक उपभोक्ता हैं। चुनाव के दौरान बिजली के बिल का भुगतान नहीं करने पर भी केस्को ने कोई कार्रवाई नहीं की थी, लेकिन अब चुनाव खत्म होने के बाद केस्को ने ऐसे उपभोक्ताओं पर कार्रवाई की तैयारी की है।

केस्को के अधिकारी ऐसे उपभोक्ताओं की सूची तैयार कर रहे हैं, जिनका बिल का बकाया 50 हजार रुपये से अधिक है। तय समय तक भुगतान न होने पर इन उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे जाएंगे। एक बार कनेक्शन कटने के बाद अगर वह बिल का भुगतान कर देता है तो उसे दोबारा कनेक्शन जुड़वाने में दिक्कत हो सकती है क्योंकि वह केस्को की डिफॉल्टर की श्रेणी में शामिल हो जाएगा। डिफॉल्टर की भी सूची अलग से तैयार की जाएगी। इस संबंध में केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत रंगीला ने बताया कि केस्को कार्रवाई की तैयारी कर रहा है।

# जागते बीत रही रात, नहीं आती बिजली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● 10-12 मोहल्लों में पूरी रात नहीं रही बिजली

● दिन में भी 40 मोहल्लों में गुल थी बिजली

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में बिजली संकट शहरवासियों पर कहर बनकर टूट रहा है। आलम ये है कि लोगों को पूरी रात जागकर बितानी पड़ रही है। समय पर फाल्ट तक नहीं बन पा रहे। रविवार रात शास्त्री नगर, पोखरपुर मक्का कंपाउंड, अर्रा, गुजैनी, दबौली, आवास-विकास तीन, पुराना कानपुर, श्याम नगर, रावतपुर सैय्यद नगर, सिंचाई विभाग कॉलोनी व मालरोड समेत एक दर्जन से अधिक क्षेत्रों में पूरी रात बिजली का संकट रहा।

सोमवार सुबह विकास नगर, जवाहर नगर, रावतपुर, बसंत विहार, अशोक नगर, लाजपत नगर, आवास-विकास हंसपुरम, पशुपति नगर, मॉलरोड समेत 40 से अधिक क्षेत्रों में बिजली का संकट रहा। इसके अलावा कई क्षेत्रों में लो वोल्टेज और ट्रिपिंग की समस्या रही।

### बोले लोग



कल्याणपुर निवासी एडवोकेट विक्रम सिंह राजावत ने बताया कि ट्रांसफार्मरों की संख्या कम है और लोड अधिक है, जिस वजह से फाल्ट हो रहे हैं। केस्को के पास गैंग की भी कमी है, जिस वजह से फाल्ट समय पर नहीं बन रहे हैं।

–विक्रम सिंह राजावत



आईटी सोसाइटी निवासी मेहंदी कुशवाहा ने बताया कि भीषण गर्मी में रात को घंटों तक बिजली नहीं आने से परेशानी हो रही है। केस्को के हेल्पलाइन नंबरों पर कॉल करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।

– मेहंदी कुशवाहा



अशोक नगर निवासी पुनीत उपाध्याय ने बताया कि क्षेत्र में बिजली लगातार काटी जा रही है, जितनी देर आ भी रही है तो लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। मुख्यमंत्री के निर्देश के बावजूद बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा है।

– पुनीत उपाध्याय



पीरोड निवासी शिवम पोरवाल ने बताया कि भीषण गर्मी में प्रतिदिन सुबह से लेकर दोपहर तक बिजली कटौती की जा रही है। इसके बाद रात को भी बिजली संकट रहता है, जिस कारण लोग परेशान हैं। पानी की भी समस्या हो जाती है।

– शिवम पोरवाल

### केस्को का दावा : 23 घंटे 42 मिनट रही बिजली




शहर में एक महीने से बिजली को लेकर हाहाकार मचा है और ऐसे में केस्को अधिकारियों का दावा है कि 16 जून को शहर में 23 घंटे 42 मिनट विद्युत आपूर्ति रही। अधिकतम लोड 631 मेगावाट रहा। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत के मुताबिक मेट्रो वर्कशॉप में आग लगने की सूचना पर सुरक्षा की दृष्टि से बकरमंडी फीडर की आपूर्ति सुबह साढ़े छह बजे से सात बजे तक और लोड बैलेंस व अनुरक्षण कार्य की वजह से दबौली फीडर की आपूर्ति दोपहर साढ़े 12 बजे से दो बजे तक नहीं थी।

### आज यहां नहीं रहेगी बिजली

केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत के मुताबिक मंगलवार को जरीबचौकी विवेकानंद पार्क एक, कंपनीबाग चौराहा, पीरोड, सीसामऊ मार्केट, भैरमपुर गांव, सुजातगंज के डीआईजी पार्क, हंसपुरम के काली मंदिर क्षेत्र, आंबेडकरपुरम सेक्टर आठ, केशवपुरम के नीलम मेमोरियल व रावतपुर में बिजली गुल रहेगी। इन क्षेत्रों में बिजली सुबह आठ बजे से दोपहर 12 बजे तक नहीं रहेगी।

# पालतू जानवरों के खिलौने भी ट्रेड शो का हिस्सा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ग्रेटर नोएडा में लगने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में इस बार शहर के लेदर कारोबारी लेदर ज्वैलरी के साथ पालतू जानवरों के खिलौने भी प्रदर्शित करेंगे। 25 से 29 सितंबर के बीच आयोजित होने वाले ट्रेड शो के लिए कारोबारी नए और आकर्षक उत्पाद तैयार करने में जुट गए हैं। इस बार ट्रेड शो में शहर से 40 चमड़ा कारोबारियों के शामिल होने की संभावना है।

शहर में सैडलरी के साथ ही घरेलू पालतू जानवरों के उपयोग में आने वाले चमड़े के उत्पादों और लेदर ज्वैलरी का बड़े स्तर पर निर्माण और निर्यात होता है। खास तौर पर फ्रांस, ब्रिटेन, जर्मनी सहित 27 देशों में ऐसे उत्पाद भेजे जाते हैं।

कारोबारियों के अनुसार पालतू जानवरों के इस्तेमाल में आने वाले लेदर के उत्पादों का बाजार लगभग 8 सौ करोड़ रुपये है। शहर में चमड़े की डॉग कैट बेल्ट, बर्तन, ज्वैलरी और सिक्योरिटी आइटम बनाए जाते हैं।



### राजस्थानी डिजाइन में हाथ से बनाई जा रही लेदर ज्वैलरी

सना इंटरनेशनल के एमडी डॉ. जफर नफीस और एचएन लेदर के निदेशक मोहम्मद हशीमुद्दीन ने बताया कि इस बार वे लोग हाथ के बने उत्पादों को एक्सपो में लेकर जाएंगे। विदेशों की मांग के अनुसार राजस्थानी डिजाइन में लेदर ज्वैलरी के उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। इसमें मोटे धागे की हाथ की सिलाई गुणवत्ता बढ़ाती है।

### खिलौने जानवर जल्दी खराब नहीं कर पाते

कारोबारियों ने बताया कि मेले में इस बार पालतू कुत्तों, बिल्ली और खरगोश आदि के लिए खिलौने प्रदर्शित किए जाएंगे। चमड़े के खिलौनों को पालतू जानवर जल्द खराब नहीं कर पाते।

### 80 देशों के खरीदार होंगे शामिल

उपायुक्त उद्योग सुधीर कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि ग्रेटर नोएडा में होने वाले ट्रेड शो में 25 सौ से अधिक एग्जिबिटर्स को शामिल किया जाएगा, जबकि सवा लाख से ज्यादा बिजनेस लीड्स को आमंत्रित किया जाएगा। एक लाख बी2बी (बिजनेस टू बिजनेस) विजिटर्स के साथ ही 80 देशों के 6 सौ से ज्यादा ओवरसीज बायर्स इस इवेंट का हिस्सा बनेंगे। 3 .5 लाख बी2सी (बिजनेस टू कस्टमर्स) विजिटर्स आमंत्रित होंगे।

# यूजीसी नेट आज, 10 हजार अभ्यर्थी होंगे शामिल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की ओर से आयोजित नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट यानी यूजीसी-नेट का आयोजन मंगलवार 18 जून को होगा। कानपुर में 12 केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा अपरान्ह तीन बजे से शाम छह बजे तक होगी। जिसमें जिले के साथ ही आसपास के जिलों के अभ्यर्थी भी शामिल होंगे। जिले में पहली पाली में करीब 4,800 अभ्यर्थी और दूसरी पाली में करीब 5,800 अभ्यर्थी नेट में हिस्सा लेंगे।

दोनों पाली में विषयवार अलग-अलग अभ्यर्थी होंगे। शहर में गुरु नानक माडर्न स्कूल, फ्लोरेट्स, हरमिलाप, केंद्रीय विद्यालय कैंट, केंद्रीय विद्यालय आईआईटी, दीन दयाल इंटर कालेज समेत 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा केंद्र पर आधा घंटा पूर्व पहुंचना अभ्यर्थियों के लिए अनिवार्य है।

### यह है प्रतिबंधित

- किसी भी तरह की खाद्य सामग्री। मोबाइल फोन, कैमरा, ब्लूटूथ उपकरण, इयरफोन, माइक्रोफोन, पेजर, हेल्थ बैंड आदि। प्रिंट या लिखित सामग्री, पेपर, ज्योमेट्री या पेंसिल बॉक्स, प्लास्टिक पाउच, कैलकुलेटर, पेन, स्केल, राइटिंग पैड, पेन ड्राइव आदि। हाथ की घड़ी, अंगूठी, ईयरिंग, पर्स, काला चश्मा, हैंडबैग, हेयर पिन, हेयर बैंड, बेल्ट, कैप, एटीएम, डेबिट या क्रेडिट कार्ड, प्लास्टिक पहचान पत्र आदि।

ज्ञान - विज्ञानं विमुक्तये
UNIVERSITY GRANT COMMISSION

### यह ले जा सकते हैं

- परीक्षा केंद्र पर पारदर्शी पानी की बोतल, पासपोर्ट साइज फोटो लगा हुआ एडमिट कार्ड अटेंडेंस शीट पर लगाने के लिए एक पासपोर्ट साइज फोटो, आईडी (पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर आईडी, पासपोर्ट, आधार कार्ड) आदि ले जा सकते हैं।

### पेन-पेपर मोड में टेस्ट

- अभ्यर्थियों को अपने साथ पेन भी लेकर नहीं जाना है। पेन एनटीए की ओर से प्रदान किया जाएगा। अभ्यर्थी अपने साथ केवल एडमिट कार्ड, फोटोयुक्त पहचान पत्र और एक फोटो लेकर ही जाएंगे। परीक्षा केंद्रों पर हर अभ्यर्थी की गहन तलाशी ली जाएगी। उसके बाद परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश मिलेगा।



रावतपुर गांव में राहगीरों को शर्बत पिलाया। अमृत विचार

# शर्बत वितरण किया

**कानपुर।** निर्जला एकादशी पर भागीरथ सेवा संस्थान द्वारा रावतपुर गांव में शर्बत का वितरण किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने जल का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर संस्थान के अध्यक्ष डीएन द्विवेदी, अज्जू सेंगर, आयुष शुक्ला, रोहित द्विवेदी, फारुख सिद्दीकी, अंकुर सिंह, शानू शेख, रवि कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

# स्कूलों के दक्ष खिलाड़ियों का ब्योरा पोर्टल पर

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

● माध्यमिक व परिषदीय स्कूलों में खेलकूद को मिलेगा बढ़ावा

● स्कूलों के खिलाड़ी बच्चों का तैयार किया जाएगा डाटा

**अमृत विचार।** माध्यमिक व परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को खेलकूद में बढ़ावा देने के लिए स्पोर्ट फॉर स्कूल कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। इसमें ऐसे छात्रों को चुना जाएगा, जो खेलकूद में बेहतर हैं। इनका ब्योरा पोर्टल पर अपडेट किया जाएगा।

परिषदीय व राजकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों के बीच खेलकूद को लेकर संयुक्त अभ्यास की तैयारी हो रही है। इसके लिए शिक्षा विभाग ने स्पोर्टस फॉर स्कूल कार्यक्रम शुरू किया है। जिसके तहत परिषदीय स्कूलों और माध्यमिक विद्यालयों के बच्चों का डाटा तैयार होगा। जिसमे खिलाड़ी बच्चों से जुड़ी हर जानकारी होगी। इस के तहत उनके प्रशिक्षक, स्पोर्ट किट, खेलकूद की सुविधा आदि से जुड़ी जानकारी पोर्टल पर दर्ज की जाएगी। खिलाड़ियों को मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहने के लिए प्रयास होगा। पोर्टल पर उन्हीं खिलाड़ियों का नाम अंकित होगा, जो खेल में बेहतर होंगे।

# 652 स्कूलों में 50 से भी कम है छात्र संख्या

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● प्रधानाचार्यों से मांगा स्पष्टीकरण, छात्र संख्या बढ़ाने का आदेश

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग के 652 स्कूलों में 50 से कम छात्र संख्या है। विभाग की ओर से इन स्कूलों के प्रधानाचार्यों से छात्र संख्या कम होने पर स्पष्टीकरण मांगा गया है। स्कूल में बच्चों की संख्या बढ़ाने के लिए भी प्रयास करने का आदेश दिया गया है।

जिले के परिषदीय स्कूलों में हाल ही में समीक्षा की गई थी। इस समीक्षा में पाया गया कि जिले में 652 स्कूलों में छात्रों की संख्या 50 से कम है।

कई स्कूल ऐसे भी हैं जहां पर एक शिक्षक पर सिर्फ तीन ही बच्चे हैं। इस स्थिति को देखते हुए निदेशालय ने स्कूलों में बच्चे बढ़ाने का आदेश दिया है। प्रधानाचार्यों ने इसकी वजह पूछी गई है। इस संबंध में बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने बताया कि छात्र संख्या बढ़ाने के लिए इन स्कूलों में पूरे शैक्षणिक सत्रों में विशेष अभियान चलाए जाएंगे।

नए सत्र की शुरुआत से ही स्कूल चलो अभियान सहित अन्य अभियान चलाए जाएंगे। शिक्षक घर-घर जाकर भी बच्चों को स्कूल में प्रवेश कराएंगे। स्कूलों के आस-पास के अभिभावकों को भी जागरूक किया जाएगा। विभाग की ओर से रैलियां भी निकाली जाएंगी।

### मशहूर होने के लिए बीसीए छात्र ने किया था स्टंट

**कानपुर।** स्वरुप नगर थानाक्षेत्र में मोतीझील में स्पोर्ट्स बाइक से स्टंट करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि मशहूर होने के लिए उसने रील बनाकर सोशल मीडिया पर डाली थी। पुलिस ने आरोपी पर शांतिभंग की कार्रवाई करते हुए 15 हजार रुपये का चालान किया है। रविवार दोपहर मोतीझील पिंक चौकी के सामने स्पोर्ट्स बाइक सवार युवक ने जमकर स्टंट किया था। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। स्वरूपनगर नगर पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगाए गए सीसीटीवी खंगाले और बाइक नंबर की पहचान कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक राजेश शर्मा ने बताया कि आरोपी की पहचान कल्याणपुर नानकारी निवासी सतीश चंद्र के बेटे 19 वर्षीय आदित्य कुमार के रूप में हुई है। आरोपी बीसीए कर रहा है। एमवी एक्ट के तहत 15 हजार रुपये का चालान करते हुए बाइक को सीज किया गया है।



छात्र आदित्य।

**हिसाब-किताब** भाजपा आज से शुरू करेगी विधानसभा वार चुनाव नतीजे की समीक्षा

# बंद लिफाफे में सौंपे जा सकते भितरघातियों के नाम

अभिषेक वर्मा, कानपुर

● शहर की पांच और अकबरपुर की एक विधानसभा क्षेत्र पर होगा बिंदुवार मंथन

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में कानपुर सीट पर कांटे की टक्कर में भाजपा ने जीत दर्ज की थी। लेकिन जीत का मार्जिन घटकर महज 20 हजार रह गया था। यह साल 2019 के चुनाव में मिली जीत के मुकाबले 14 फीसदी ही है। ऐसे में भाजपा ने समर्थन के घटते ग्राफ और विधानसभाओं में वोट प्रतिशत गिरने की बिंदुवार समीक्षा का फैसला लिया है। मंगलवार से विधानसभा वार भाजपा चुनाव नतीजों की समीक्षा करेगी। इस दौरान चुनाव में मदद न करने वालों, और भितरघातियों की भी पहचान की जाएगी। माना जा रहा है कि समीक्षा करने आने वाले प्रदेश स्तरीय नेताओं व पदाधिकरियों को बंद लिफाफे में भितरघातियों के नाम सौंपे जा सकते हैं।

भाजपा उत्तर जिला अध्यक्ष दीपू पांडे के अनुसार मंगलवार को जिला कार्यालय नवीन मार्केट में शाम 6 बजे अकबरपुर लोकसभा के अंतर्गत कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र की समीक्षा बैठक होगी। प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा एवं पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष उन्नाव राजकिशोर रावत इस बैठक में उपस्थित रहेंगे। 20 जून को कानपुर लोकसभा के अंतर्गत आर्य नगर, सीसामऊ एवं गोविंद नगर विधानसभा क्षेत्र की समीक्षा बैठक दोपहर 12 बजे से शुरू होगी। इसमें हर विधानसभा को एक घंटा समय दिया जाएगा। बैठक में लोकसभा चुनाव की रिपोर्ट तो मांगी ही जाएगी, इसके साथ ही कहां चूक हुई, आगे चुनाव में क्या और कर सकते हैं तथा चुनाव में मदद नहीं करने वालों के नाम भी मांगे जा सकते हैं। गुरुवार को होने वाली समीक्षा बैठक में 12 से 1 बजे तक आर्यनगर, 1 से 2 बजे तक सीसामऊ और 2 से 3 बजे तक तक गोविंद नगर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के प्रदर्शन की समीक्षा होगी। कानपुर लोकसभा सीट की समीक्षा बैठक में भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सदस्य अमरपाल मौर्य एवं हर्ष आर्य उपस्थित रहेंगे। जिला मीडिया प्रभारी अंकित वाजपेई के अनुसार बैठक में विधानसभा के संयोजक, प्रभारी और मंडल अध्यक्ष शामिल रहेंगे। भाजपा दक्षिण जिला मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि 18 जून को पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा महाराजपुर विधानसभा एवं 20 जून को प्रदेश के महामंत्री एवं राज्यसभा सदस्य अमरपाल मौर्य किदवई नगर और छावनी विधानसभा की समीक्षा बैठक करेंगे।



### अजय कपूर फैक्टर का प्रभाव रहा कितना

- गोविंद नगर और किदवई नगर विधान सभा क्षेत्र में भाजपा को बड़ी लीड मिली, जिसकी वजह से भाजपा कानपुर की सीट जीत सकी। लेकिन इसमें कांग्रेस नेता अजय कपूर के शामिल होने से क्या प्रभाव पड़ा, इस पर भी समीक्षा बैठक में चर्चा होगी। प्रत्याशी चयन से नाराज होकर कई भाजपा नेताओं ने प्रचार से दूरी बनाई थी। ऐसे नामों पर भी बैठक में विचार होगा जो पूरे चुनाव गायब रहे।

### गोविंद नगर व किदवई नगर ने बचाई थी लाज

- कानपुर संसदीय सीट पर भाजपा सीसामऊ, आर्यनगर और कैंट विधानसभा क्षेत्र में हार गई थी। सिर्फ गोविंद नगर और किदवई नगर की वजह से भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी को जीत मिली। कैंट में तो भाजपा 43 हजार से ज्यादा वोटों से पीछे रही। सीसामऊ में 26 हजार और आर्यनगर 11 हजार वोटों से भाजपा पिछड़ गई थी।

"इंडिया गठबंधन की ओर से किये गये झूठे वादों की वजह से भाजपा का वोट प्रतिशत कम हुआ। इसकी समीक्षा तो करेंगे, इसके साथ ही गठबंधन के झूठे प्रचार की सच्चाई को जनता तक ले जाएंगे। यह चुनाव इंडी गठबंधन में राहुल और अखिलेश नहीं लड़ रहे थे बल्कि चाइना का एजेंडा लड़ रहा था। पाकिस्तानी समर्थक और जिहादी सोच के समर्थक चुनाव लड़ रहे थे, जो प्रधानमंत्री मोदी को हटाना चाहते हैं, हम इनकी सच्चाई चुन-चुनकर जनता के सामने लाएंगे।

– प्रकाश पाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष, कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र

# खेतों की होगी आईडी, एक क्लिक पर खाद-पानी की मिलेगी जानकारी

त्रिपुरेश अवस्थी, कानपुर देहात

● एग्री स्टैक के तहत जिले में हर खेत की आईडी और किसान रजिस्ट्री बनेगी

**अमृत विचार।** किसानों को खेत में किस फसल की बुआई करनी है और किस फसल में कितना खाद-पानी देना है, इसके लिए एक क्लिक पर ही सारी जानकारी मुहैया होगी। एग्री स्टैक के तहत जिले में हर खेत की आईडी बनेगी और किसान रजिस्ट्री होगी, जिससे केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का पात्र किसानों को आसानी से लाभ मिल सकेगा।

शासन का पत्र आने के बाद कृषि विभाग अभियान चलाकर किसान रजिस्ट्री का काम कराएगा। जिले में हजारों हेक्टेयर में रबी, खरीफ व जायद फसलों की खेती होती है। करीब सवा तीन लाख पंजीकृत किसान हैं, लेकिन अभिलेखों में तकनीकी दिक्कतों के साथ अन्य कमियों के कारण बड़ी संख्या में किसानों को सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है।

अब इसके लिए सरकार एग्री स्टैक के तहत किसान रजिस्ट्री तैयार करने के लिए पंजीकृत मोबाइल सभी गाटों को आधार से लिंक कराया जाएगा। इसमें किसान का नाम, पिता का नाम, सह खातेदार का नाम, गाटे में किसान का अंश, मोबाइल नंबर, ई-केवाईसी सभी रजिस्ट्री में दर्ज होगा। इससे किसानों को आपदा एवं सूखा का आकलन में फायदा मिलेगा। प्रदेश सरकार ने इसे पायलट प्रोजेक्ट के तहत शुरू किया है।



संदलपुर में खाली खेत। (प्रतीकात्मक)

### योजना से यह होगा लाभ

जिला कृषि अधिकारी डॉ. उमेश कुमार गुप्ता ने बताया कि राजस्व विभाग जिस प्रकार स्वामित्व योजना में किसानों को उनके घर, मकान आदि की डिजिटल घरौनी दी जा रही है, उसी तरह अब हर किसान के खेतों का ब्योरा भी डिजिटल फॉर्मेट में दर्ज होगा। इसमें सभी किसानों के हर खेत की एक आईडी बनेगी। इस आईडी के माध्यम से किसानों के खेत का रकबा, मिट्टी का प्रकार और सिंचाई सहित अन्य जरूरी जानकारियां दर्ज होंगी।

"सरकार ने इसे पायलट प्रोजेक्ट के तहत फर्रुखाबाद में शुरू किया है। किसान रजिस्ट्री तैयार करने के लिए जल्द ही जिले में भी अभियान चलाया जाएगा। इसमें कृषि विभाग के एटीएम, बीटीएम, राजस्व विभाग के लेखपाल, पंचायत समेत अन्य विभागों के कर्मचारी गांव-गांव जाएंगे।

–डॉ. उमेश कुमार गुप्ता, जिला कृषि अधिकारी

# बालिका को बहाने से बगीचे में बुलाकर रेप

## साढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में दोपहर के समय हुई वारदात

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार:** साढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में सोमवार की दोपहर शौच करने जा रही 13 वर्षीया बालिका को गांव के एक अधेड़ ने बहाने से बगीचे में बुलाया और फिर उसके साथ अश्लील हरकतें करने के बाद दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपी फरार है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने मामले की एफआईआर दर्ज कर ली है और बालिका को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है।

साढ़ क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि दोपहर में उसकी 13 वर्षीया पुत्री शौच के लिए खेत की तरफ गई थी। खेत के पास गांव का रहने वाला रामबली सोनकर पहले से मौजूद था। उसने बेटी को बहाने से बगीचे में बुलाया और उसके साथ अश्लील हरकतें करते हुए दुराचार किया। बालिका उसके सामने छोड़ देने के लिए रोती-गिड़गिड़ाती रही, लेकिन वहशी को उसके आंसुओं पर तरस नहीं आया और निर्दयता से रेप किया।

काफी देर तक बेटी के घर नहीं लौटने पर जब उसकी मां उसे तलाशने निकली तो बगीचे की ओर उन्हें आता देखकर आरोपी बालिका को किसी से न बताने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकला। मां को देखकर बालिका फफक-फफक कर रोने लगी और फिर पूरी दास्तां बताई। इसके बाद मां बेटी को लेकर घर पहुंची और पूरी बात अपने पति को बताई। बेटी के साथ दुराचार की बात सामने आने के बाद पूरा परिवार सन्न रह गया।

पीड़िता के साथ पिता ने साढ़ थाने पहुंचकर पुलिस को मामले की तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कर लिया है। पुलिस ने बालिका को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा है। पुलिस का कहना है कि तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मेडिकल जांच रिपोर्ट आने का इंतजार है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद उसी के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**रिपोर्ट दर्ज**

- पिता की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की मामले की एफआईआर
- घटना के बाद से आरोपी फरार पुलिस उसकी तलाश में जुटी
- पुलिस ने पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए अस्पताल भेजा



### मां को देखते ही फफक पड़ी रेप पीड़िता बेटी

- दुराचार का शिकार हुई बालिका मां को देखते ही फफक-फफककर रोने लगी। उसने रो-रोकर मां को आपबीती बताई। उसकी हालत देखकर मां का भी कलेजा फट गया। मां ने पहले बेटी को संभाला और फिर उसे ढांढस बंधाते हुए घर ले गई। इसके बाद मां-बाप उसे लेकर साढ़ थाने पहुंचे और पुलिस को पूरी जानकारी दी गई।

### गांव में दबिश, हाथ नहीं आया आरोपी

- चादुराचार की वारदात को अंजाम देने के बाद गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी गांव से फरार हो गया है। मामला थाने पहुंचने के बाद पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के लिए गांव में दबिश दी, लेकिन वह घर पर नहीं मिला। पुलिस का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

> तहरीर के आधार पर रेप का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बालिका को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।
>
> -सुधीर कुमार, थाना प्रभारी



जगदीशपुर गांव में घटना के बाद सोमवार सुबह घर के बाहर जुटी भीड़। अमृत विचार

# जगदीशपुर गांव में युवती का शव फंदे पर लटकता मिला

संवाददाता, शिवराजपुर

**अमृत विचार:** क्षेत्र के जगदीशपुर गांव में सोमवार की सुबह युवती का शव कमरे के अंदर कुंडे से लटका मिला। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर बारीकी से जांच-पड़ताल की। युवती का पिता पीआरडी जवान है। आत्महत्या के पीछे घरेलू कलह की बात सामने आई है। पुलिस का कहना है कि मामले की छानबीन की जा रही है।

जगदीशपुर गांव निवासी हरीबाबू कोरी पीआरडी जवान हैं। हरीबाबू की 22 वर्षीया पुत्री सौम्या का सोमवार की सुबह सात बजे घर के कमरे में फांसी के फंदे पर शव लटका मिला। परिवार वालों को इसकी जानकारी तब हुई, जब घर के लोग किसी काम के लिए उसे बुलाने कमरे में गए। कमरे की कुंडी बंद थी। खिड़की से झांककर देखा तो सौम्या का शव रस्सी के सहारे फंदे पर लटक रहा था। सौम्या के आत्महत्या करने से पूरे परिवार में कोहराम मच गया। शव देखते ही उसकी मां बिलख पड़ी।

सौम्या के पिता पीआरडी जवान हरीबाबू कोरी ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल की बारीकी से जांच पड़ताल की। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। इसके बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना प्रभारी सुबोध कुमार का कहना है कि आत्महत्या के पीछे घरेलू कलह की बात सामने आ रही है। जांच-पड़ताल कर घटना की असल वजह पता करने की कोशिश की जा रही है।

**जांच शुरू**

- पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर छानबीन की
- पीआरडी जवान है पिता, घरेलू कलह की बात सामने आई

## बुकिंग पर खुद की कार लेकर गया युवक लापता

**चौबेपुर।** क्षेत्र के गजेनपुर गांव से बुकिंग पर कार लेकर निकला युवक वापस घर नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बावजूद युवक का कुछ पता न लगने पर परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस युवक की तलाश करने में जुट गई है।

गजेनपुर गांव के रहने वाले महेश जोशी का बेटा दीपक बुकिंग पर अपनी कार चलाता है। रविवार की सुबह करीब 10 बजे वह अपनी ब्रेजा कार बुकिंग पर लेकर घर से निकला था। घर से निकलने के कुछ समय बाद ही उसके दोनों मोबाइल फोन स्विच ऑफ हो गए। परिवार वालों ने नाते-रिश्तेदारों और परिचितों के यहां उसके बारे में पूछताछ की, लेकिन कहीं भी कुछ पता नहीं लग सका। इसके बाद घरवालों ने थाने पहुंचकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। लापता युवक नीले रंग की शर्ट, काले रंग का लोवर और चप्पल पहने है। 24 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बावजूद युवक का कुछ पता न लगने से परिजनों मे तरह-तरह की आशंकाएं हैं। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि लापता युवक की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू की गई है।

# चलती पिकअप में लगी आग चालक ने कूदकर बचाई जान

संवाददाता, सरसौल

**अमृत विचार:** महाराजपुर थाना क्षेत्र के हाथीपुर में एक चलती पिकअप गाड़ी में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते पूरी पिकअप को आग ने अपनी चपेट के ले लिया। गनीमत रही कि ड्राइवर समय रहते पिकअप से बाहर निकल गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

सोमवार की दोपहर साढ़ गोपालपुर निवासी चालक रितेश पिकअप लेकर रूमा स्थित महिंद्रा शो रूम सर्विस के लिए जा रहा था, तभी हाथीपुर के बच्चू बगिया के पास न्यू कानपुर जंक्शन रोड पर अचानक पिकअप में आग लग गई। आग की लपटें देखकर चालक रितेश गाड़ी के बाहर आ गया और आग बुझाने के प्रयास करने लगा, लेकिन आग लगातार विकराल होती गई। इसके बाद उसने दमकल को फोन कर जानकारी दी। दमकल की टीम ने आग पर जैसे-तैसे काबू पाया, लेकिन तब तक पिकअप पूरी तरह से जल चुकी थी।

**हड़कंप मचा**

- न्यू कानपुर जंक्शन रोड पर दोपहर में हुआ हादसा
- सर्विस के लिए गाड़ी लेकर रूमा जा रहा था चालक



सोमवार को आग लगने के बाद धू-धूकर जलती गाड़ी। अमृत विचार

## छत से गिरकर युवक की मौत

**बिठूर।** थाना क्षेत्र के गोसाईनपुरवा गांव में रहने वाले देवीप्रसाद राजपूत के पुत्र पवन राजपूत (35) की छत से गिरने से मौत हो गई। मां तुलसाना देवी ने बताया की पवन शराब पीने का आदि था।

रविवार की रात वह घर की दूसरी मंजिल की छत पर सोने गया था, जहां से गिरकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे कल्याणपुर स्थित एक निजी अस्पताल में ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे भर्ती करने से मना कर दिया। इसके बाद मंधना स्थित रामा मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पवन की पत्नी गीता ने बताया कि वह राजमिस्त्री का काम करता था। आए दिन शराब पीकर लड़ाई झगड़ा करता था। रोज की लड़ाई से तंग आकर 20 पहले वह अपने मायके चली गई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# ग्राहक को पीटने में दुकानदार पर केस

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के बमुराहा गांव में उधारी के विवाद में दुकानदार और ग्राहक के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने दुकानदार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दुकानदार पर रुपये देने के बाद भी सामान नहीं देने का आरोप लगाया गया है।

बमुराहा निवासी शिवनाथ ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रविवार की शाम करीब 7:30 बजे उसका पुत्र शिवपाल गांव के ही मूलचन्द्र की दुकान पर मसाला लेने गया था। मूलचन्द्र के पुत्र सतेन्द्र ने शिवपाल से कहा कि पहले दुकान का बकाया पैसा दे दो, तभी सामान दूंगा। पुत्र ने कहा कि अभी के सामान का पैसा ले लो, उधारी बाद में दे दूंगा। इसके बाद सतेन्द्र ने पुत्र से पैसा ले लिया, सामान भी नहीं दिया और गालीगलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो गया।

इतना ही नहीं, मूलचन्द्र के ललकारने पर सतेन्द्र ने लोहे की राड से शिवपाल पर वार कर दिया, जिससे उलके सिर और शरीर में गम्भीर चोटें आईं। वह जमीन पर गिर गया, तब वे लोग जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से हट गए। मारपीट की सूचना मिलने पर बेटे को उपचार के लिए घाटमपुर सीएचसी लाया। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

- घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के बमुराहा गांव की घटना
- उधारी को लेकर परचून के दुकानदार से हुआ विवाद

## सार-संक्षेप



शिवहरि धाम में सोमवार को राहगीरों को शर्बत पिलाया गया। अमृत विचार

### एकादशी पर लोगों को पिलाया गया शर्बत

**घाटमपुर।** शिवहरि धाम मंदिर मदनपुर में एकादशी पर सोमवार को भंडारे के साथ राहगीरों को शर्बत पिलाया गया। भीषण गर्मी के बीच लोगों ने ठंडा शर्बत पीकर राहत की सांस ली और शिव के दर्शन किए। इस दौरान शिवहरि धाम के महंत अभयदास जी महाराज, ट्रस्टी शिवकुमार द्विवेदी, उनकी पत्नी शशि द्विवेदी, रजत द्विवेदी, गुड्डू चतुर्वेदी, लालबाबू सविता, राजेश अवस्थी, ओम बाबा, कोमल सिंह यादव, गोविंद सिंह, रवि अवस्थी, कुंजीलाल, गुड्डू पंडित, सुशील अवस्थी, भोलू पांडेय आदि रहे।

### सीवर टैंक में गिरी गाय, दमकल टीम ने निकाला

**बिठूर।** मंधना के बगदौधी बांगर गांव में एक इटंर कॉलेज के सामने खुले सीवर टैंक में एक गाय गिर गई। इससे आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। टैंक में गाय के गिरने की सूचना पुलिस को दी गई। मंधना चौकी इंचार्ज अमित मलिक फोर्स के पहुंचे और गाय को सीवर टैंक से निकालने के प्रयास में जुट गए। सफलता नहीं मिलने पर पुलिस ने फायर ब्रिगेड की टीम को बुलाया। दमकल टीम ने पुलिस और ग्रामीणों की मदद से गाय को सीवर टैंक से सकुशल बाहर निकाल लिया।



टैंक से गाय को निकालते लोग।

### शादी की सालगिरह के दिन दंपति की एक साथ थमीं सांसें

**घाटमपुर।** बिरहर निवासी जिला पंचायत के पूर्व सदस्य तन्मय तिवारी के बाबा रामशेखर तिवारी और दादी रामसखी का एक साथ निधन हो गया। दोनों का एक साथ अंतिम संस्कार हुआ। खास बात यह है कि सोमवार को ही उनकी 70वीं शादी की सालगिरह थी। दोनों लोगों ने एक साथ अन्तिम सांस ली। दोनों लोगों का ढ्योढ़ी गंगा घाट पर अन्तिम संस्कार किया गया। घाटमपुर विधायक सरोज कुरील के पति सत्यप्रकाश कुरील के साथ राजनीतिक दलों के लोगों ने पहुंचकर शोक जताया।

# पति और सास-ससुर के खिलाफ मुकदमा

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के इटर्रा गांव में शनिवार को फांसी के फंदे पर लटके मिले एक महिला के शव के मामले में मायके वालों ने हत्या करने का आरोप लगाया है। मायके वालों की तहरीर पर पुलिस ने दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

फतेहपुर जिले के गाजीपुर थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर निवासी वेदप्रकाश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बेटी राधा (28) की शादी इटर्रा निवासी दयाशंकर के पुत्र बब्लू के साथ 8 वर्ष पूर्व की थी। शादी के बाद से ही ससुर दयाशंकर प्रजापति, सास अर्चना, पति बब्लू अतिरिक्त दहेज के रूप में चौडगरा वाले मकान की मांग करते थे और राधा को प्रताड़ित करते थे। इस बीच दामाद के अपनी लहुरी से संबंध हो गए। राधा विरोध करती तो उसे पीटा जाता था। सास-ससुर और पति ने पुत्री को पीटकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया था। पुत्री ने पति को देवरानी के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था। विरोध पर विवाद हुआ। नातिन रुद्राक्षी ने फोन कर राधा का शव फांसी पर लटका होने की जानकारी दी। इसके बाद मायके के लोग इटर्रा पहुंचे। एसओ प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर दहेज उत्पीड़न और आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

- इटर्रा में शनिवार को फांसी पर लटका मिला था महिला का शव

## सुपर स्ट्राइकर की 6 विकेट से हार

**घाटमपुर।** कस्बे के सुखवासी सिंह इंटर कॉलेज में जीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट के आठवें दिन टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए एडी सुपर स्ट्राइकर ने निर्धारित 20 ओवरों में सभी विकेट खोकर 92 रन बनाए।

एडी सुपर स्ट्राइकर की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए समर्थ 33 और अब्बास अली 21 रन बनाए। शीलू मोबाइल की तरफ से बॉलिंग करते हुए विजय सिंह ने 2 विकेट रामजीत यादव 2 विकेट व प्रशांत तिवारी ने 2 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी शीलू मोबाइल ने 4 विकेट खोकर 15 ओवर में मैच जीत लिया। टीम की तरफ से देवांश मिश्रा नाबाद 30 रन व ओम तिवारी ने 22 रन बनाए। एडी सुपर स्ट्राइकर की तरफ से अमृतराज ने 2 विकेट लिया। मन ऑफ द मैच प्रशांत तिवारी को दिया गया।

# राजकीय महाविद्यालय तैयार

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार:** रामसारी में राजकीय महाविद्यालय का भवन बनकर तैयार हो गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण ने सोमवार को महाविद्यालय पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान महाविद्यालय के शिक्षकों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने व्यवस्थाएं देखकर संतोष जताया।

इस महाविद्यालय का निर्माण जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण की माता कमलरानी वरुण के अथक प्रयासों से हुआ है। कमलरानी वरुण सांसद रहने के साथ ही प्रदेश सरकार में मंत्री रह चुकी थीं। उन्होंने अपने जीवनकाल में इस महाविद्यालय की मंजूरी दिलाई थी। उनके निधन के बाद अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए बेटी स्वप्निल वरुण जिम्मेदारी निभा रही हैं। सोमवार को उन्होंने महाविद्यालय पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। माना जा रहा है कि राजकीय महाविद्यालय का नामकरण स्वर्गीय कमलरानी वरुण के नाम हो सकता है। महाविद्यालय चालू करने के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष ने व्यवस्थाएं देखीं।

**व्यवस्थाएं देखीं**

- जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण ने देखीं व्यवस्थाएं
- स्व.कमलरानी वरुण के नाम हो सकता है कॉलेज का नामकरण



सोमवार को महाविद्यालय पहुंचीं जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण। अमृत विचार

**दुआ मांगी** — ईदगाह में नमाज के लिए जुटी भीड़, परंपरागत तरीके से मनाया गया त्योहार

# नमाज पढ़ी और कुर्बानी देकर मनाई बकरीद

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र में सोमवार को ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्योहार परंपरागत ढंग से मनाया गया। कस्बा स्थित ईदगाह में नमाज अदा करने के साथ लोगों ने देश में अमन चैन, खुशहाली और भाईचारे की दुआ मांगी। इस दौरान ईदगाह के आसपास पुलिस सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए।

बकरीद पर्व को लेकर कस्बा स्थित ईदगाह में सुबह से ही स्थानीय लोगों के अलावा आसपास गांवों से मुस्लिम समुदाय के लोगों का पहुंचना शुरू हो गया। त्यौहार को लेकर बच्चों, युवाओं व वृद्धजनों में खासा उत्साह दिखा। इस्लामिक मान्यताओं के अनुसार ईद-उल-अजहा हजरत इब्राहीम द्वारा दी गई कुर्बानी की याद में मनाया जाता है। उसी मान्यता के अनुसार बकरीद पर्व पर कुर्बानी की परंपरा चली आ रही है। सोमवार सुबह 7:45 बजे ईदगाह के पेश इमाम मौलाना सफी उर रहमान द्वारा ईद- उल-अजहा की नमाज अदा की गई। इस दौरान लोगों ने अल्लाह ताला से मुल्क में अमन चैन, खुशहाली, आपसी भाईचारे व सौहार्दपूर्ण वातावरण की दुआ मांगी। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर बकरीद की मुबारकबाद दी। इस मौके पर कई स्थानों पर पानी व शर्बत का वितरण किया गया। नमाज के दौरान पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा।



चौबेपुर कस्बे की ईदगाह में सोमवार को ईद-उल-अजहा की नमाज अदा करते लोग। अमृत विचार

# पॉवर ग्रिड बचाने के लिए आपात कटौती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन की 800 केवी चंपा-कुरुक्षेत्र एचवीडीसी बाई-पोल लाइन के दोपहर में बंद हो जाने से उत्तर प्रदेश समेत उत्तर भारत के राज्यों में बिजली संकट गहरा गया। मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज से ली जा रही करीब ढाई हजार मेगावाट बिजली बंद हो गई। इससे प्रदेश में बिजली की उपलब्धता अचानक घट गई। ग्रिड को बचाने के लिए प्रदेश में करीब डेढ़ घंटे तक ग्रामीण व बुंदेलखंड क्षेत्र और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के शहरी इलाकों में लगातार आपात बिजली कटौती की गई। पावर कारपोरेशन के अधिकारियों के अनुसार हाईटेंशन लाइन चालू होने पर जैसे-तैसे स्थिति काबू में की गई।

कारपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि दोपहर एक बजकर 55 मिनट पर चंपा-कुरुक्षेत्र लाइन में उस वक्त खराबी आ गई जब इसमें 4200 मेगावाट बिजली प्रवाहित हो रही थी। इस लाइन में खराबी के आने के कारण पावर ग्रिड की 765 केवी आगरा-अलीगढ़ व उरई-अलीगढ़ लाइनों में भी खराबी आ गई। इससे प्रदेश को मिलने वाली करीब ढाई सौ मेगावाट बिजली आपूर्ति बंद हो गई।

- बुंदेलखंड समेत उत्तर प्रदेश के शहरी इलाकों में हुई कटौती

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविधालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# दो बच्चियों को गोद में लेकर ट्रेन के सामने कूदी मां, मौत

## मायके जाने के लिए निकली घर से, पति से फोन पर हुआ था झगड़ा

संवाददाता, बारा/नैनी, प्रयागराज



**अमृत विचार।** पति के रोज रोज के झगड़े से तंग आकर पत्नी ने आत्मघाती कदम उठा लिया। सोमवार की शाम वह अपने दो मासूम बच्चियों को गोद में लेकर महिला सारनाथ ट्रेन के सामने कूद गई। इस घटना में तीनों की मौके पर मौत हो गई।

मृतका अंजना चित्रकूट जिले की रहने वाली थी। सन 2017 में उसकी शादी लालापुर के चिल्ला गौहानी गांव के रहने वाले अभिनेन्द्र उर्फ़ टुनटुन पुत्र राम कैलाश के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिनों बाद से ही पति अभिनेंद्र मुम्बई में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करने चला गया। उसके दो भाई भी बाहर ही काम करते हैं। अभिनेंद्र का छोटा भाई करुणेंद्र पुत्र रामकैलाश कोरांव क्षेत्र में काम करता है। सोमवार को वह घर पर आया हुआ था। घरवालों के मुताबिक अंजना और उसके पति के बीच सोमवार की सुबह फोन पर काफी झगड़ा हुआ था। जिसको लेकर अंजना काफी नाराज और परेशान थी। दोपहर बाद संजना अपनी दोनों बेटियों के साथ मायके जाने की बात कह कर घर से निकली और जसरा रेलवे स्टेशन पर पहुंच गई। उधर थोड़ी ही देर में सारनाथ एक्सप्रेस ट्रेन के आते ही वह अपनी दोनों बेटियों समीक्षा 6 वर्ष और स्वेच्छा 3 वर्ष को गोद में लेकर ट्रेन के सामने कूद गई। जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई।

ससुर राम कैलास ने बताया कि बहू अंजना अपनी दोनो बच्चियों के साथ अकेले घर पर रहती थी। ससुर ने बताया कि वह मायके जाने की बात कह कर अपनी दोनों बच्चियों के साथ घर से निकली थी।सुबह बेटे और बहू में फोन पर काफी झगड़ा भी हुआ था। जिसको लेकर बहू काफी नाराज चल रही थी। सुबह 11:00 बजे घर से निकलने के बाद शाम 5:00 बजे पुलिस ने फोन पर जानकारी दी कि स्टेशन ट्रैक पर लाश मिली है।

# राजस्व विभाग ने ढहाया अवैध मदरसा, तैनात रहा पुलिस बल

संवाददाता, विजय नगला (बदायूं)

- कादराबाद गांव में बिना अनुमति बनाया जा रहा था मदरसा

**अमृत विचार।** गांव कादरबाद में निर्माणाधीन अवैध मदरसा को राजस्व विभाग की टीम ने ढहा दिया। कार्रवाई दौरान एसडीएम दातागंज भारी पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे। अवैध रूप से मदरसा का निर्माण करने वाले चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

बीते शनिवार को थाना बिनावर क्षेत्र के गांव कादराबाद में मेन रोड पर गांव निवासी आस मोहम्मद पुत्र गनी राजा अपने मकान के बराबर में प्लॉट पर मदरसे का ढांचा तैयार करा रहा था। मदरसा का निर्माण होता देख ग्रामीणों ने विरोध करना शुरू कर दिया। गांव निवासी मदनपाल, बृजेश, मुकेश, फूल सिंह, सत्येंद्र, सुनील, लेखराज, प्रेम शंकर सहित करीब एक दर्जन लोग मौके पर पहुंच गए और निर्माण कार्य को रुकवा दिया। साथ ही घटना की सूचना बिनावर पुलिस को दे दी । पुलिस मौके पर पहुंची तब तक निर्माण कर रहे लोग भाग गए। साथ ही ग्रामीणों ने इसकी शिकायत एसडीएम दातागंज से कर दी। शिकायत के बाद एसडीएम ने निर्माण को अवैध बताते हुए नोटिस जारी कर दिया। लेकिन उक्त लोगों ने अवैध ढांचे को नहीं हटाया। सोमवार को राजस्व विभाग की टीम ने पुलिस बल मौजूदगी में मदरसे के ढांचे को जेसीबी मशीन की सहायता से ढहा दिया। निर्माण ढहाने के दौरान गांव में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। वहीं थाना पुलिस ने मदरसा का निर्माण कराने के आरोप में गांव निवासी जावेद, अब्दुल हसन, जीशान, आस मोहम्मद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उपजिलाधिकारी दातागंज शेषमणि त्रिपाठी ने बताया अवैध रूप से निर्माण हो रहा था।

# सेवानिवृत्त सूबेदार से 14.12 लाख रुपये की धोखाधड़ी, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मां-बेटे के खिलाफ एफआईआर, जांच शुरू

**अमृत विचार।** सेना के सूबेदार पद से सेवानिवृत्त होने के बाद एक युवक ने ढाबा खोला और जीवन यापन करने लगे। मां-बेटे ने उन्हें उनकी जमीन पर साझे में पेट्रोप पंप खोलने को कहा। झांसे में लेकर 17 लाख 1729 रुपये ले लिए। युवक को अपने साथ धोखाधड़ी का अंदेशा हुआ तो उन्होंने मां-बेटे से रुपये मांगे। उन्हें 10 बार में 2 लाख 89500 रुपये वापस मिल गए। बाकी 14 लाख 12 हजार 229 रुपये वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी मां-बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।




उसावां थाना क्षेत्र के गांव फतेहगढ़ निवासी अमलेश कुमार ने कोतवाली सिविल लाइन पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह भारतीय सेना के सूबेदार पद से सेवानिवृत्त हैं। सेवानिवृत्त होने के बाद वह थाना उसावां के सामने सड़क किनारे अपनी जमीन पर ढाबा खोलकर जीवन यापन कर रहे थे। एक जनवरी 2023 को विक्रम सिंह पुत्र बलवीर सिंह उनके पास आए। कहा कि वह पेट्रोल पंप स्वीकृत करा रहे हैं। उनके ढाबे की जमीन पेट्रोल पंप के लिए उपयुक्त है। बताया कि उनके चचेरे भाई राम कुमार उनके साथ सिक्योरिटी कंपनी में गार्ड के पद पर काम कर रहे हैं। अगले दिन अमलेश कुमार, राम कुमार और अपने परिचितों को लेकर विक्रम सिंह के आवास पर पहुंचे। विक्रम सिंह और उनकी मां मालती वर्मा ने साझे में पेट्रोल पंप लगाने की बात कही। समय-समय पर भुगतान करने की बात कही। अमलेश कुमार ने विक्रम सिंह को आठ बार में 17 लाख 1729 हजार रुपये दे दिए। जिसके बाद विक्रम सिंह न तो अपने घर पर मिले और न ही अमलेश कुमार का फोन उठाया। अमलेश कुमार उनके घर गए तो मालती वर्मा ने रुपये वापस करने का आश्वासन दिया। 10 बार में 2 लाख 89 हजार 500 रुपये वापस कर दिए जबकि 14 लाख 12 हजार 229 रुपये शेष रह गए। बार-बार कहने के बाद वह रुपये वापस नहीं कर रहे हैं। आरोप है कि विक्रम सिंह के मामा खुद को एक मंत्री का करीबी बताकर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने आरोपी विक्रम सिंह और मालती वर्मा के खिलाफ विश्वास के हनन, धोखाधड़ी और धमकाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है।

# पुलिस हिरासत में युवक की मौत थाना प्रभारी व सिपाही निलंबित

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार।** मारपीट के मामले में थाने लाए गए तीन लोगों में से एक की भूख प्यास के चलते हालत बिगड़ने से मौत हो गई। एसएसपी ने थानाध्यक्ष और आरक्षी लिपिक को निलंबित कर दिया है।

क्षेत्र के गांव दलशाहपुर निवासी देवेन्द्र सिंह सैनी (34) पुत्र मुन्नालाल सैनी सिलाई और बैण्ड-बाजे का काम करता है। गांव का मुहम्मद हुसैन (22) पुत्र इस्लाम भी उसके साथ बैण्ड बाजे का काम करता है। देवेन्द्र की दुकान पर राकेश कुमार पुत्र रनवीर सिंह सिलाई करता था। देवेन्द्र के मुहम्मद हुसैन पर पांच हजार रुपए उधार थे। रविवार की रात दोनों में रुपयों को लेकर विवाद हो गया तो मुहम्मद हुसैन ने देवेन्द्र के मुंह और नाक में घूंसा मारकर चोटिल कर दिया।

> खाली पेट तथा गर्मी से राकेश को चक्कर आना प्रतीत होता है। लापरवाही बरतने पर प्रभारी निरीक्षक जेपी अशोक और आरक्षी लिपिक को निलंबित किया गया है। जांच में जो भी जानकारी सामने आएगी उसके अनुसार आगे कार्रवाई की जाएगी।
>
> – राजेश कुमार सिंह, एसएसपी

किसी ने 112 नंबर पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस देवेन्द्र, मुहम्मद हुसैन के साथ राकेश को भी थाने ले आई और हवालात में बंद कर दिया। इस दौरान खाने को कुछ नहीं मिला। हवालात में राकेश ने देवेन्द्र से कहा कि वीपी हाई हो रहा है, उसको बीड़ी दे दे, लेकिन बीड़ी नहीं मिल सकी। सोमवार सुबह भी खाने को कुछ नहीं दिया गया। भूखा प्यासा राकेश चक्कर खाकर हवालात में गिर गया। उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई।

# घायल चंचल हथिनी की मौत

संवाददाता, पौडी गढ़वाल

**अमृत विचार।** कार्बेट टाइगर रिजर्व के कालागढ़ रेंज स्थित हाथी शाला में वयस्क हथिनी चंचल की उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी। बता दें कि 51 वर्षीय हथिनी चंचल पर गजराज हाथी की ओर से हमला कर दिया गया था। जिससे हथिनी का पिछला बांया पैर अन्दर की ओर मुड़ गया था। जिससे वह चलने में असमर्थ हो गयी थी।

हथिनी के शरीर पर अन्य जगह भी गम्भीर (गहरे गहरे) घाव/चोटें आयी थीं। उसका उपचार किया जा रहा था। सोमवार को हथिनी की मृत्यु हो गयी। हथिनी के शव का पोस्टमार्टम करवा कर विसरा व आंतरिक अंगों के सैम्पल को परीक्षण के लिए बरेली भेजा गया है। इस दौरान दौरान दिगन्ध नायक, उप निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व, डॉ. शालिनी जोशी, उप प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़, मनीष जोशी, सहायक वन संरक्षक, डॉ. हिमांशु पांगती, वरिष्ठ पशुचिकित्साधिकारी, डॉ. राहुल सती, वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी, डॉ. आयुष उनियाल, पशु चिकित्साधिकारी, नन्द किशोर रूवाली, वन क्षेत्राधिकारी, कालागढ़ तथा स्थानीय एनजीओ के सदस्य विरेन्द्र अग्रवाल, वाइल्ड लाईफ वेलफेयर फाउण्डेशन व प्रकाश चन्द्र मठपाल, वन दरोगा, हाथी कैम्प प्रभारी रहे।

# कक्षा के बाहर लगेगा शिक्षकों की योग्यता का ब्योरा

**बरेली।** स्कूलों में शिक्षण व्यवस्थाएं में सुधार के लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने स्कूलों में कक्षा के बाहर बोर्ड पर शिक्षकों का ब्योरा लगाने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत बोर्ड पर शिक्षकों का नाम, शैक्षिक योग्यता और आवंटित कक्षा आदि जानकारी के साथ उनकी फोटो भी लगाई जाएगी।

इसके पीछे विभाग की मंशा है कि स्कूल में आने वाले अभिभावक भी शिक्षकों के बारे में जान सकें। बीएसए ने जिले के सभी 2483 स्कूलों में बोर्ड लगाने के लिए खंड शिक्षा अधिकारियों और प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिए हैं। विभाग की ओर से पिछली बार भी शिक्षकों का ब्योरा बोर्ड पर लगाने को कहा था लेकिन करीब दो सौ से अधिक स्कूलों में अभी बोर्ड नहीं लगाए गए हैं। कई स्कूलों में बोर्ड तो लगाए गए हैं लेकिन उनमें निर्देश के मुताबिक कई जरूरी सूचनाएं ही दर्ज नहीं है। बीएसए संजय सिंह का कहना है कि सभी स्कूलों में तैयार रूपरेखा के अनुसार विवरण लगा होना जरूरी है।

# झगड़े की सूचना पर पहुंची पुलिस पर ग्रामीणों का हमला

संवाददाता, सिंधौली (शाहजहांपुर)

- दरोगा की नेम प्लेट तोड़ी और सिपाहियों की वर्दी फाड़ी

**अमृत विचार।** बिजली खेड़ा गांव में झगड़े की सूचना पर पहुंची पुलिस पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। हमलावरों ने एक दरोगा की नेम प्लेट तोड़ दी और दो सिपाहियों की वर्दी फाड़ दी। दरोगा की तहरीर पर सिंधौली थाने में महिलाओं समेत 18 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने नामजद आरोपियों में से 12 लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

गांव बिजलीखेड़ा में रविवार को दो पक्षों के मध्य नाली को लेकर हुए विवाद के दौरान मारपीट हो गई थी। पुलिस ने हरिसरन की तहरीर पर शिवरतन आदि के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। सोमवार को हरिसरन पक्ष ने हल्का सिपाही अभिषेक यादव को फोन कर आरोपितों द्वारा गाली गलौज किए जाने की जानकारी दी। इसके बाद हल्का दारोगा गौरव कुमार, सिपाही अभिषेक यादव और सिपाही योगेंद्र के साथ मौके पर पहुंचे। आरोप है कि पुलिस को देखते ही शिवरतन पक्ष के पुरुष तथा महिलाएं लाठी डंडे लेकर हमलावर हो गए।

वीडियो बना रहे दरोगा गौरव और सिपाहियों के साथ मारपीट कर घर के अंदर घसीट ले गए। इस दौरान हमलावरों ने दरोगा की नेम प्लेट तोड़ दी और सिपाही अभिषेक व योगेंद्र सिंह की वर्दी फाड़ दी। लाठी-डंडे से पुलिस कर्मियों को चोटें आईं। सूचना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र गुप्ता तक पहुंची। जिसके बाद मौके पर पहुंचे भारी पुलिस बल को देख हमलावर मौके से फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक ने घायल दारोगा व सिपाहियों का मेडिकल कराया।

# झील में गिरे पर्यटक मची अफरा-तफरी

**नैनीताल।** मल्लीताल बोट हाउस क्लब के समीप नाव में बैठने के दौरान नाव चालक की लापरवाही से नाव पलट गई। इस बीच नाव सवार महिला पुरुष समेत बच्चा झील में पलट गए। तीनों ने लाइफ जैकेट पहनी थी, जिससे तीनों की जान बच गई। आस-पास मौजूद नाव चालकों ने किसी तरह तीनों को झील से बाहर निकाला। इस बीच महिला पर्यटक ने जमकर हंगामा भी काटा।

जबलपुर से घूमने के लिए नैनीताल पहुंचे पति पत्नी व उनका बच्चा सोमवार शाम नैनी झील में नौकायन करने पहुंचे थे। बोट हाउस क्लब के समीप नाव टिकट लेने के बाद तीनों बोट में बैठने लगे। महिला व बच्चे के बोट में चढ़ने के बाद पुरुष पर्यटक नाव में चढ़ ही रहा था कि नाव चालक ने नाव आगे बढ़ा दी, जिससे नाव पलट गई और तीनों झील में गिर गए।

# जीएम कार्यालय में आग लगाने वाला पूर्व बैंक प्रबंधक दिल्ली से गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार।** बैंक ऑफ बड़ौदा के जीएम को जिंदा जलाने के लिए कार्यालय में आग लगाने वाले पूर्व बैंक प्रबंधक अंकित गोयल को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। वह दिल्ली के कनाट प्लेस स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा मुख्यालय में भी आग लगाने के लिए पेट्रोल लेकर पहुंचा था। कर्मचारियों ने उसे पकड़कर दिल्ली पुलिस के हवाले कर दिया था। पुलिस ने आरोपी को सोमवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपी के खिलाफ कोतवाली और बारादरी में दो अलग-अलग रिपोर्ट दर्ज की गईं थीं।

बुलंदशहर निवासी बीओबी का निलंबित प्रबंधक अंकित गोयल इज्जतनगर के टयूलिप ग्रेस अपार्टमेंट में रहता था। उसकी पत्नी भी बैंक मैनेजर है। वह प्रेमनगर में किराये पर रहती हैं। तीन दिन पहले अंकित ने सीडीओ ऑफिस में आग लगाने की कोशिश की लेकिन नाकाम रहने पर बीओबी के क्षेत्रीय कार्यालय में जीएम के केबिन में आग लगा दी थी। इसके बाद दोपहर में पत्नी की कार को पेट्रोल डालकर जला दिया था और वहां से फरार हो गया था।

थाना कोतवाली प्रभारी दिनेश शर्मा ने बताया कि आरोपी दिल्ली के कनाट प्लेस स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्यालय में एक बोतल में पेट्रोल लेकर पहुंचा। बैंक कर्मचारियों ने विरोध किया तो मारपीट पर उतारू हो गया। मौके पर पहुंची कनाट प्लेस थाने की पुलिस ने उसे पकड़ लिया। जिसके बाद कोतवाली पुलिस को फोन पर जानकारी दी। कोतवाली पुलिस की टीम दिल्ली जाकर उसे बरेली लेकर आई। सोमवार को उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

- आरोपी बैंक ऑफ बड़ौदा मुख्यालय दिल्ली में भी पहुंचा था आग लगाने

### कोर्ट का जेल प्रशासन को मानसिक जांच कराने का आदेश

- पुलिस ने आरोपी अंकित गोयल को कोर्ट में पेश किया। जहां पर उसने खुद काफी देर तक बहस करते हुए दिल्ली पुलिस समेत कोतवाली पुलिस पर लाखों रुपये लेने का आरोप लगाया। कोर्ट ने उसकी मानसिक स्थिति को देखते हुए जेल प्रशासन को उसकी मानसिक जांच कराने का आदेश दिया है। आरोपी अंकित गोयल ने मई में दिल्ली के मेट्रो स्टेशन पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जान से मारने की धमकी देते हुए आपत्तिजनक कथन लिखा था।

**तो क्या शातिर है अंकित :** दिल्ली पुलिस ने जिस समय अंकित गोयल को हिरासत में लिया, उस समय अंकित ने दाढ़ी-मूछें हटा दी थीं, जबकि इससे पहले वह दाढ़ी और मूछ रखता था। आरोपी आग लगाने के बाद लगातार होटल बदल-बदल कर रहा था। हालांकि आरोपी की जेल प्रशासन मानसिक जांच कराएगा तो उसमें साफ होगा कि आरोपी की क्या स्थिति है।

# जागरूकता अभियान चलाएगा आरबीआई

**बरेली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) बैंकों के उत्पादों की जानकारी के लिए ग्राहक जागरूकता अभियान चलाएगा। आरबीआई लखनऊ कार्यालय ने निर्देश दिए हैं कि सभी बैंक यह सुनिश्चित करेंगे कि वे अपने ग्राहकों को बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं की सही और पूरी जानकारी प्रदान करें। एलडीएम (लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर) ने भी सभी बैंकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।

एलडीएम वीके अरोड़ा ने बताया कि आरबीआई के निर्देश पर 41 बैंकों की 461 शाखाओं में पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं। इसमें ग्राहकों को धोखाधड़ी और अन्य वित्तीय अपराधों से बचाने के लिए उन्हें जागरूक बनाना, बैंकिंग सेवाओं के उपयोग और फायदे के बारे में शिक्षित करना, ऋण, जमा योजनाएं, बीमा, और निवेश योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देना प्राथमिकता रहेगी।

अभियान में पोस्टर, पर्चे और सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूक किया जाएगा।

# पिकअप ने दो लोगों को कुचला, दुकानों में घुसी

संवाददाता, तिलहर (शाहजहांपुर)



दुकान में घुसी पिकअप। अमृत विचार

**अमृत विचार।** तेज रफ्तार पिकअप नेशनल हाईवे किनारे दुकानों में घुस गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई जबकि तीन दुकानदार घायल हो गए। पुलिस ने पिकअप को कब्जे में लेने के साथ ही चालक को हिरासत में ले लिया है।

हरदोई के थाना पिहानी के गांव कुमरा निवासी रामभरोसे (60) की बेटी नीशू वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में भर्ती है। वहीं फर्रुखाबाद के थाना राजेपुर के गांव बिरसिंहपुर निवासी श्याम सिंह (20) पुत्र आशुतोष ने अपनी नानी को भर्ती कराया। दोनों अपने-अपने मरीज की तीमारदारी में लगे थे। सोमवार सुबह करीब सात बजे दोनों चाय लेने के लिए हाईवे पार कर दुकान के पास पहुंचे तभी बरेली से शाहजहांपुर की ओर जा रही तेज रफ्तार पिकअप दोनों को चपेट में लेती हुई बंथरा गांव निवासी सचिन कुमार की चाय की दुकान में घुस गई और पास में फलों की दो दुकानों और एक बाइक को क्षतिग्रस्त करते हुए रुक गई। रामभरोसे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि श्याम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। दुकानदार सचिन कुमार, पिपरौली निवासी प्रेमपाल व जलालाबाद के गांव गोपालपुर निवासी अरुण सक्सेना भी घायल हो गए। जिला अस्पताल में श्याम सिंह की मौत हो गई। वहीं घायल दुकानदारों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने पिकअप को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया।

## सार-संक्षेप

### गोकशी का वीडियो एडिट कर इंस्टाग्राम पर डाला, गिरफ्तार

**बरेली।** सुभाषनगर पुलिस ने गोकशी का वीडियो एडिट कर इंस्टाग्राम पर पोस्ट करने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर सतीश कुमार राय ने बताया कि मोहल्ला इमामबाड़ा करगैना निवासी तासीन अहमद और ख्वाजा हसन ने गोकशी का वीडियो एडिट करके बकरीद पर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर स्टेटस लगाया था। शिकायत मिलने पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान किया गया है। जांच में सामने आया है कि यह वीडियो दूसरे प्रदेश का है, जिसे आरोपियों ने एडिट करके अपने अकाउंट पर लगाया है। वीडियो को डिलीट करा दिया गया है।

### सीओ ने घर में लगाया एसी, स्टोर इंचार्ज से कहा एडजेस्ट करो

**बरेली।** सीओ लाइन प्रियतोष त्रिपाठी के अपने आवास में मुफ्त का एसी लगवाने के मामले में एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने एसपी देहात दक्षिणी मानुष पारीक को जांच सौंपी है। एसपी देहात ने सीओ, आरआई हरमीत सिंह और सीओ के गनर निरंकार सिंह और तरुण को नोटिस जारी किया है। इस मामले में सभी के बयान दर्ज किए जाएंगे। फ्री का एसी लगवाने समेत पूरे प्रकरण को लेकर सभी का बयान दर्ज किया जाएगा। पुलिस लाइन में जीपी स्टोर के इंचार्ज रहे हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार ने सीओ पर आवास में मुफ्त एसी लगवाने समेत कई सामान खरीदने के आरोप लगाए हैं। एसपी की जांच के बाद मामले में कार्रवाई होगी। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने बताया कि मामले की जांच एसपी देहात दक्षिणी को सौंपी गई है। सीओ समेत सभी को नोटिस जारी किया गया है। सभी के बयान दर्ज किए जाएंगे। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### टेस्ट ड्राइव लेते समय कार लेकर युवक फरार

**सीबीगंज।** सीबीगंज में टेस्ट ड्राइव लेने आया युवक शोरूम से कार लेकर फरार हो गया। इस मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। थाना किला निवासी जुहेब अली ने बताया कि रामपुर रोड पर अटरिया के पास उनका कार शोरूम है। 10 जून को उनके शोरूम पर एक युवक आया। उसने कहा कि उसे एक कार खरीदनी है। उसने एक कार पसंद कर ली और उसकी टेस्ट ड्राइव कराने को कहा। सेल्समैन के चाबी देते ही वह कार में बैठकर निकल गया। काफी देर तक जब वह वापस नहीं आया तो उसकी तलाश शुरू की गई, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। एडीजी पीसी मीणा के आदेश पर सीबीगंज पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

उपलब्धि | डब्ल्यूडब्ल्यूएफ और वन विभाग की कॉरिडोर मैनेजमेंट रिपोर्ट में हुआ खुलासा

# जंगल कॉरिडोर से खुलेंगे बाघों में जीन परिवर्तन के रास्ते

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- बाघों की प्रजाति और आबादी में प्रभावी बढ़ोतरी की संभावना

**अमृत विचार।** जंगल में कॉरिडोर के रास्ते व्यवधान रहित होने पर बाघों के जीन में परिवर्तन के लिए फायदेमंद साबित होंगे। इससे बाघों की प्रजाति और संख्या में प्रभावी बढ़ोतरी हो सकेगी। इसका खुलासा विश्व प्रकृति निधि-वन विभाग की कॉरिडोर मैनेजमेंट रिपोर्ट में हुआ है।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व 73 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में फैला है। पिछले कुछ सालों में बाघों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी देखी गई है। इसको लेकर पीटीआर 14 देशों को पछाड़ अंतरराष्ट्रीय टी एक्स टू अवार्ड भी जीत चुका है। वर्तमान में यहां 71 से अधिक बाघ है। दुनिया में सबसे करिश्माई प्रजातियों में से एक होने के बावजूद बाघों के रहने वाली जगहों के आसपास मानव-वन्यजीव संघर्ष, जंगल से रिहायशी इलाकों में उनके डेरा जमाने जैसे मामले सामने आ रहे हैं।

> कॉरिडोर को लेकर लगातार सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। उम्मीद है कि आने वाले दिनों में बेहतर परिणाम देखने को मिलेंगे। जारी की गई रिपोर्ट के अनुसार भी कार्य कराए जाएंगें।
>
> – मनीष सिंह
> डिप्टी डायरेक्टर, पीटीआर

फिलहाल यह सब तो शोध का विषय है। मगर हाल ही में पीटीआर के स्थापना दिवस पर डब्ल्यूडब्ल्यूएफ एवं वन विभाग द्वारा तैयार किशनपुर-दुधवा टाइगर रिजर्व कॉरिडोर प्रबंधन रिपोर्ट में कहा गया है कि पीलीभीत टाइगर रिजर्व और दुधवा टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या करिश्माई बढ़ोतरी हो रही है।

बाघों के स्वच्छंद विचरण और आवाजाही को लेकर कॉरिडोर मैनेजमेंट बेहद जरूरी है। इससे बाघ व अन्य वन्यजीव एक से दूसरे स्थान तक स्वछंद रूप से आ जा सकेंगे। इससे अन्य प्रभावी बदलाव भी देखने को मिल सकते हैं।

### बाघ वैज्ञानिक बोले, वन्यजीवों की स्वछंद आवाजाही जरूरी

- कोरोना काल के दौरान पीटीआर के गढ़ा रेंज कॉरिडोर प्रबंधन की रिपोर्ट लांच की गई थी। इसके बाद पिछले वर्ष छह अक्टूबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लग्गा-भग्गा, टाटरगंज एवं बराही कॉरिडोर प्रबंधन की रिपोर्ट जारी की थी। इधर, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ एवं वन विभाग की ओर से तीसरी किशनपुर-दुधवा टाइगर रिजर्व कॉरिडोर प्रबंधन की रिपोर्ट पीटीआर के कुछ दिन पूर्व स्थापना दिवस के दौरान रिलीज की गई थी। इस दौरान कॉरिडोर मैनेजमेंट पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के वैज्ञानिक आशीष विष्ठा के मुताबिक बाघ समेत अन्य वन्यजीवों की एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्वछंद आवाजाही बेहद जरूरी है। इसके लिए कॉरिडोर को सुरक्षित रखना आवश्यक है। वन्यजीवों में जीन परिवर्तन अत्यंत आवश्यक है। कॉरिडोर प्रबंधन से सजाति प्रजनन (इनब्रीडिंग) के कुप्रभावों से बचाया जा सकता है। इनब्रीडिंग जीन विविधता में कमी, शारीरिक विकृति और प्रजनन समस्याओं को बढ़ाता है। इसके परिणामस्वरूप अक्सर व्यवहार एवं स्वास्थ्य आदि में गिरावट आती है। कॉरिडोर सुरक्षित होने से आउटब्रीडिंग होने की संभावना बढ़ जाती है। इससे जीन विविधता होने से बाघों की प्रजाति, स्वास्थ्य एवं उनकी संख्या में प्रभावी बढ़ोतरी की संभावना बढ़ जाती है। फिलहाल वन अफसरों के मुताबिक सभी कॉरिडोर को लेकर सुधारात्मक कार्य लगातार कराए जा रहे हैं।

# नाथ कॉरिडोर के निर्माण के लिए अभी तक तय न हो सकी एजेंसी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मंदिरों का होना है कायाकल्प 33 करोड़ रुपये पर्यटन विभाग को मिला बजट
- 19 जून को कमिश्नर की समीक्षा बैठक, लखनऊ में बैठक में तय होगी एजेंसी

**अमृत विचार।** नाथ कॉरिडोर के काम कौन निर्माण एजेंसी कराएगी यह अभी तक तय नहीं हो सका है, जबकि पर्यटन विभाग के पास 33 करोड़ रुपये का बजट है। एजेंसी का नाम लखनऊ से तय होने के बाद ही काम शुरू हो सकेगा।

नाथ कॉरिडोर में मंदिरों का जीर्णोद्धार के अलावा मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जानी हैं। इसके तहत लोक निर्माण विभाग ने शहर की कुछ सड़कों का चौड़ीकरण किया है। इसमें डेलापीर से धर्मकांटा और धर्मकांटा से त्रिवटीनाथ मंदिर होते हुए नैनीताल रोड मुख्य रूप से शामिल हैं। कुछ काम मढ़ीनाथ मंदिर की सड़क की तरफ भी किया गया लेकिन पीडब्ल्यूडी ने भी पैसा न मिलने पर काम रोक दिया है। वहीं पर्यटन विभाग के पास पिछले साल के 8 करोड़ के साथ 33 करोड़ का बजट है लेकिन एजेंसी तय नहीं हो सकी।

### एजेंसी तय होते ही शुरू होगा काम

- नाथ कॉरिडोर का काम किस एजेंसी से कराया जाए, इसका निर्णय लखनऊ में होने वाली बैठक में किया जाएगा। इससे पहले 19 जून को मंडलायुक्त ने समीक्षा बैठक बुलाई है। निर्माण एजेंसी में बीडीए, निर्माण निगम, आवास विकास, समाज कल्याण निर्माण निगम, यूपी कंस्ट्रक्शन कार्पोरेशन या कोई अन्य काम कराने के लिए अधिकृत होगी। एजेंसी तय होते ही काम होगा। इसके तहत मंदिरों में विकास कार्य शुरू कराए जाएंगे। दर्शनार्थियों के लिए मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। जूता चप्पल स्टैंड बनेगा। प्रसाद की दुकानें, श्रद्धालुओं के बैठने के लिए बेंचों का निर्माण किया जाएगा। मंदिरों के पुराने पेड़ों को भी व्यवस्थित किया जाएगा। प्रवचन स्थल के अलावा कर्मकांड स्थल विकसित होगा। भंडारे के लिए शेड की व्यवस्था की जाएगी।



झंझरी गांव की नर्सरी में तैयार होते पौधे। अमृत विचार



नर्सरी में पौधरोपण को तैयार पौधे। अमृत विचार

# वन देवी के नाम से पौधे लगायेगा वन विभाग

## जन सहभागिता बढ़ाना है उद्देश्य, मानसून आते ही शुरू होगा पौधरोपण का कार्य, तैयारियां शुरू कीं

दीपक मिश्रा, उन्नाव

**अमृत विचार।** हरियाली बढ़ाने को लेकर वन विभाग आगामी मानसून को लेकर तैयारियां पूरी कर चुका है। इस बार जुलाई माह में 57 लाख से अधिक पौधे अन्य विभागों सहित मंदिर परिसरों में कुल देवी-देवताओं के नाम से भी लगाए जाएंगे। जिसमें छायादार व फलदार पौधे शामिल होंगे। देवी-देवताओं के नाम से पौधे लगाने की प्रथा को पहली बार अमल में लाया जा रहा है।

वन विभाग ने 57 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। आने वाले मानसून में पौधरोपण करने के लिए पूरी तैयारी विभाग ने कर ली है। साथ ही इस बार जन सहभागिता बढ़ाने के लिए विभाग नये प्रयोग भी करने को तैयार है। इस अभियान में विभाग खास तौर पर बच्चों, युवाओं व बुजुर्गों को जोड़ने के लिए बाल वन, युवा वन, शक्ति उपवन, वरिष्ठ उपवन स्थापित करेगा। साथ ही हरियाली को आस्था से जोड़ने के लिए भी प्रयास किया जा रहा है। जिससे अधिकांश लोगों की भागीदारी हो सके। अबकी बार वन विभाग के क्षेत्र में आने वाले मंदिरों में प्रसाद के रूप में भी पौधों का वितरण करायेगा। साथ ही कुल देवता वन की स्थापना भी करेगा। जिसमें लोग अपने कुल देती-देवताओ के नाम से वन में पौधे लगा सकेंगे। वहीं भाई-बहन के पर्व रक्षाबंधन पर बहन-भाई को पौधे लगाने के लिए भी प्रोत्साहित किया जायेगा। पौधों को रक्षा सूत्र बांधकर उनको पौधरोपण करने को प्रेरित भी किया जायेगा। हरियाली बढ़ाने के लिए विभिन्न सरकारी व अर्द्ध सरकारी विभागों को भी पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है।

### 100 वर्ष से पुराने बचे हैं सिर्फ 36 पेड़

जिले में 100 वर्ष से पुराने पेड़ों में नीम व बरगद के 36 पेड़ ही बचे हैं। जबकि 4 हजार 589 वर्ग किमी में जिले का क्षेत्र फैला है। इसमें हरियाली सिर्फ 264 .59 वर्ग किमी ही है।

### वन विभाग की नर्सरियों को तैयार किए जाते हैं पौधे

विभाग के पास पौधा तैयार करने के लिए 26 नर्सरी हैं। जिसमें पौधे तैयार किये जाते हैं। वन विभाग के पास नवाबगंज रेंज, लालपुर, तेजीखेड़ा, पर्यटन रेंज, नवई, अजगैन, पछौरा, चमियानी, रूपपुर, तकिया, दूंदपुर, जोरावरपुर, डडिया, सुनीरा, नवाबाद ग्रंट, ऊगू रेलवे यार्ड, ऊगू रेलवे यार्ड पश्चिमी, ब्योली इस्लामाबाद, कांटी, झंझरी, परसैना व माखी रेलवे यार्ड में नर्सरी आदि।

### पौधरोपण की स्थिति

| वित्तीय वर्ष | पौधों की संख्या |
|---|---|
| 2020- 2021 | 48,91,996 |
| 2021-2022 | 57,54,741 |
| 2022-2023 | 65,15,710 |
| 2023-2024 | 66,40,805 |

**57** लाख पौधे लगाने का लिया गया है लक्ष्य

### बोले एसडीओ

एसडीओ वन संतोष कुमार वर्मा ने बताया कि चोरी छिपे पेड़ों की कटाई, फैक्ट्रियों का प्रदूषण हरियाली बढ़ाने में परेशानी बन रहा है। हर वर्ष विभागों को पौधरोपण की जिम्मेदारी सौंपी जाती है। इस बार भी विभागों को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। मानसून का इंतजार है आते ही पौधरोपण शुरू कराया जायेगा।

### जिले में विकास के नाम पर 30899 पेड़ काटे गए

- गंगा एक्सप्रेस-वे निर्माण में- 176144
- लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे निर्माण में-282
- गोरखपुर गैस पाइप लाइन कांडला में-617
- उन्नाव-लालगंज राष्ट्रीय राजमार्ग चौड़ीकरण के लिए 12426 पेड़

### पौधे लगाने को 27 विभागों को दिया गया लक्ष्य

| विभाग | लक्ष्य |
|---|---|
| वन विभाग | 1405000 |
| पर्यावरण विभाग | 266000 |
| ग्राम्य विभाग | 2502000 |
| पंचायती राज विभाग | 255000 |
| राजस्व विभाग | 210000 |
| आवास विकास विभाग | 7000 |
| औद्योगिक विभाग | 7000 |
| नगर विकास | 33000 |
| लोक निर्माण विभाग | 17000 |
| जल शक्ति विभाग | 18000 |
| रेशम विभाग | 19000 |
| कृषि विभाग | 499000 |
| पशुपालन विभाग | 6000 |
| सहकारिता विभाग | 11200 |
| उद्योग विभाग | 13000 |
| विद्युत विभाग | 4480 |
| माध्यमिक शिक्षा | 15000 |
| बेसिक शिक्षा | 24000 |
| प्राविधिक शिक्षा | 8000 |
| उच्च शिक्षा | 28000 |
| श्रम विभाग | 3600 |
| स्वास्थ्य विभाग | 12000 |
| परिवहन विभाग | 3400 |
| रेलवे विभाग | 11000 |
| रक्षा विभाग | 6000 |
| उद्यान विभाग | 309000 |
| गृह विभाग | 9240 |

## सार-संक्षेप

### छत से गिरे घायल युवक की इलाज के दौरान मौत



सुरेश।

**बिछिया।** दही थानाक्षेत्र के गांव लालपुर के मजरे पाडनखेड़ा निवासी रामजीवन पुत्र स्व. महिपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका भतीजा सुरेश (32) पुत्र स्व. होरीलाल बीती 31 मई को छत से गिर गया था। जिसका इलाज लखनऊ के एक निजी अस्पताल में चल रहा था। रविवार देरशाम उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके बाद पुलिस शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा रही है। सुरेश घर का इकलौता था और मजदूरी कर परिवार का जीवन यापन करता था। उसकी मौत से पत्नी रूबी, मां मेढाना रो-रोकर बेहाल हैं। सुरेश की एक बेटी राशि है। दही एसओ अनुराग सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर मिली है।

### मुझे मत काटो, मुझे भी दर्द होता है



पेड़ के वेश में लोगों को जागरूक करता युवक।

**फतेहपुर चौरासी।** नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी में पुरवा तहसील से पैदल चल कर आए ललित कुमार ने बताया कि वह बीते 3 साल से लोगों से पर्यावरण बचाने, पौधे लगाने और पेड़ न काटने के लिए नागरिकों से अपील कर रहे हैं। वह हाथ से लिखा एक पोस्टर लेकर लोगों को जागरूक कर रहे थे। जिसमें लिखा था कि मुझे मत काटो मुझे भी दर्द होता है। दूसरे पोस्टर में लिखा था कि एक पेड़ लगाओ कई जीवन बचाओ। उसकी इस पहल को लोगों को खूब सराहा।

### जहरीले कीड़े के काटने से वृद्धा की मौत

**औरास।** थानाक्षेत्र के दिपवल गांव निवासी 60 वर्षीय रामसखी पत्नी स्व. शिवलाल सोमवार दोपहर अपने घर के कमरे में रखे बक्से के नीचे सफाई कर रही थी। तभी वहां बैठे जहरीले कीड़े ने उसके पैर में काट लिया। कीड़े के काटने से वृद्धा की हालत बिगड़ने लगी। हालत बिगड़ती देख परिजन उसे औरास सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिकित्सकों ने वृद्धा को मृत घोषित कर दिया।

### दवा के धोखे बच्ची को पिलाया एसिड, हालत गंभीर

**औरास।** थानाक्षेत्र के नंदौली गांव निवासी काव्या (1) पुत्री रामनरेश को उसकी मां ने दवा के धोखे सीसी में रखा एसिड पिला दिया। जिससे बच्ची की हालत बिगड़ने लगी। उसकी हालत देखे परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास ले गए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुयी है।

### जहरीले कीड़े के काटने से युवक गंभीर

**बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र के गांव काजीपुर निवासी शंकर (30) पुत्र राजकुमार सोमवार को अपने खेत में काम कर रहा था। तभी किसी जहरीले कीड़े ने उसे काट लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजन आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने हालत नाज़ुक देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उसका इलाज किया जा रहा है।

## एक नजर

### कानपुर में श्रमिक की हुई मौत

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव।** थानाक्षेत्र के गांव कोड़री के मजरा भड़सर नौशहरा निवासी जगदीश यादव का पुत्र सुशील (42) कानपुर के दादानगर क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री में काम करता था। वह कानपुर में ही रहता भी था। परिजनों के अनुसार वह बीती रात छत से गिर गया था। इसमें उसकी मौत हो गई थी। परिजन कानपुर शव लेने गए हैं।

### एक्सप्रेस-वे पर पलटी अनियंत्रित कार

**बांगरमऊ।** आगरा जिला के मोहल्ला राजामंडी निवासी अमित (45) पुत्र चंद्रशेखर सोमवार को कार से लखनऊ से आगरा जा रहा था। तभी रास्ते में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर गांव जगटापुर के सामने चालक को अचानक झपकी आने से तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इसमें कार क्षतिग्रस्त हो गई और चालक गंभीर घायल हो गया।

# सांसद का जगह-जगह हुआ स्वागत

संवाददाता, सफीपुर

**अमृत विचार।** जिले से लगातार तीसरी बार सांसद बने साक्षी महाराज का सफीपुर नगर में प्रथम आगमन पर क्षेत्रीय विधायक बंबालाल दिवाकर के कार्यालय पर भव्य स्वागत किया गया। विधायक ने साक्षी महाराज को अंगवस्त्र भेंटकर आशीर्वाद लिया। वहीं चेयरमैन पति सौरभ बाजपेई 'राजा बेटा' ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं व समर्थकों के साथ एक गेस्ट हाउस में सांसद का स्वागत किया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा राजकिशोर रावत, भाजपा नेता श्रीकृष्ण वर्मा, प्रमुख पति रमेश रावत, विनोद मिश्रा, अवधेश सिंह फौजी, वीरेंद्र मिश्रा, प्रेमनारायण तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष विमल विश्वकर्मा, इन्नू लोधी, अनूप सिंह चंदेल, राजू चौहान, आनंद गौड़, दीपक विमल, अनल चौहान मौजूद रहे।



सांसद का स्वागत करते पदाधिकारी व कार्यकर्ता। अमृत विचार

### कार्यकर्ताओं ने पहनाई माला

**बांगरमऊ।** सांसद साक्षी महाराज का काफिला लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे से हरदोई-उन्नाव मार्ग पहुंचते ही क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। स्वागत करने वालों में पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष राजकिशोर रावत, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रावेंद्र सिंह, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष बाला राव गुप्ता, गंजमुरादाबाद ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विवेक पटेल, गोविंद कुशवाहा ,बालेंद्र कनौजिया, मोनू सिंह, रामनरेश सिंह, जिला पंचायत सदस्य शिवकुमार तिवारी शामिल रहे। इसके अलावा तिकुनिया पार्क पर चेयरमैन रामजी गुप्ता, विकास गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इसी प्रकार उन्नाव-हरदोई रोड पर भगवती मशीनरी स्टोर के सामने स्वागत किया गया।

# खलासी की अचानक बिगड़ी हालत, हुई मौत

**उन्नाव।** बिहार थानांतर्गत ट्रक बैक कराते समय अचानक खलासी के पेट मं दिर्द उठा। चालक की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से उसे पीएचसी लाया जाता इससे पहले उसकी मौत हो गई। पुलिस ने जांच के बाद आगे की कार्रवाई की है।

कानपुर के जूही चौराहा निवासी गोविंद तिवारी (50) पुत्र श्रवण बिहार थानाक्षेत्र के बाबूखेड़ा के अनुराग पांडे के ट्रक में खलासी था। सोमवार दोपहर 12 बजे वह ट्रक बैक करा रहा था। तभी उसके पेट में अचानक तेज दर्द उठा और वह पास में ही एक पेड़ के नीचे बैठ गया। चालक की सूचना पर एंबुलेंस पहुंची और उसे जब तक पीएचसी सुमेरपुर पहुंचाती उससे पहले रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

अस्पताल के मेमो पर बिहार पुलिस पहुंची और जांच कर शव मोर्चरी भेजा। पुलिस ने परिजनों को उसकी मौत की सूचना दी है। वहीं चर्चा रही कि उसकी हीट स्ट्रोक से मौत हुई है।

### पिता को खाना देकर लौट रहे बेटे को ट्रक ने कुचला, मौत

**बिछिया।** दही थानाक्षेत्र के सोनिक गांव निवासी संतोष (21) रविवार देररात पिता शत्रुघ्न को खाना देने जिला अस्पताल गया था। वहां से लौटते समय लखनऊ-कानपुर हाईवे अंतर्गत दही थानाक्षेत्र स्थित अन्नपूर्णा मंदिर के पास कानपुर से आ रहे ट्रक ने उसे कुचल दिया। जिसमें उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को पकड़ लिया है।



सम्मान समारोह में छात्रा को साइकिल देते अतिथि। अमृत विचार

### मेधावी छात्राओं को राजधानी बुलाकर किया गया सम्मानित

**उन्नाव।** जिले का नाम रोशन करने वाली मेधावी छात्राओं को लखनऊ में आयोजित सम्मान समारोह में बुलाकर सम्मानित किया गया। जिले की मेधावी छात्राओं को इस सम्मान समारोह में सम्मानित व पुरस्कृत किया गया। इसमें शहर स्थित ज्वाला देवी दीक्षित बालिका विद्यालय की हाईस्कूल टापर सोनी देवी व रानी देवी को पुरस्कार के रूप में साइकिल, घड़ी व प्रशस्ति पत्र दिया गया। साथ ही विद्यालय के शिक्षक सौरभ राज भारती, उन्नाव प्रतिनिधि बीएल गौतम व शिवराम भारती को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में लंदन प्रवासी डा. मंजू लाल व मुख्य वक्ता डा. बीपी अशोक ने मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। साथ ही विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार रखे।

# अनियंत्रित बाइक खंती में गिरी तीन लोग हुए घायल, दो रेफर

**सफीपुर।** आसीवन थानाक्षेत्र के उदशाह गांव निवासी गंगा प्रसाद (62) पुत्र धना, राजकुमार (24) पुत्र गुड्डू व आशिफ पुत्र शाकिरअली किसी काम से कस्बा सफीपुर आए थे। यहां से घर जाते समय मियागंज मार्ग पर गौरी गांव के पास हनुमान मंदिर के सामने उनकी बाइक अनियंत्रित होकर खंती में गिर गई। जिससे तीनों लोग घायल हो गए। जिन्हें एंबुलेंस से सीएचसी लाया गया। जहां डाक्टर ने गंभीर देख आशिफ व गंगा प्रसाद को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां उनका इलाज किया जा रहा है।

### पत्नी से विवाद के बाद पति ने अपने सिर पर मारी ईंट

**औरास।** थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी युवती की शादी कुछ साल पहले हरदोई जिले के कासिमपुर थानाक्षेत्र के नेवादा गांव निवासी प्रदीप पुत्र कमलेश से हुई थी। पति-पत्नी में आपसी विवाद के चलते स्थानीय थाना परिसर में दोनों पक्ष अपनी बात रख रहे थे। तभी दोनों एक-दूसरे की बातों से सहमत नहीं हुए तो इससे झल्लाये पति ने बाहर निकलकर पास में पड़ी ईंट से अपना सिर फोड़ लिया। जिससे उसके सिर से खून बहने लगा। पति के सिर से खून बहता देख पत्नी बिना देर किए उसे सीएचसी ले गई।

# हत्या का आरोप, परिजनों ने लगाया जाम

संवाददाता, पुरवा

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के गांव निहालखेड़ा के मजरे मिर्रीकला निवासी भीखालाल का 19 वर्षीय बेटा शिवम बीती 27 मई को क्षेत्र के गांव मदारीखेड़ा निवासी एक युवती से मिलने गया था। जिस पर युवती ने शिवम के मित्र सचिन निवासी मिर्रीकला को फोन कर शिवम की हालत गंभीर होने की बात बताई थी। सूचना पर उसके परिजन मदारीखेड़ा गांव पहुंचे थे। जहां एक घर के बाहर शिवम मरणासन्न हालत में पड़ा मिला था। परिजन शिवम को लखनऊ स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। जहां से चार दिन पूर्व शिवम को घर ले आए थे। बीते रविवार सुबह उसकी मौत हो गई थी। परिजनों ने बेटे की हत्या किए जाने का आरोप लगाया था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद कार्रवाई की बात कही थी। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचने पर परिजनों ने पुरवा-सोहरामऊ मार्ग पर जाम लगा दिया। जाम की सूचना पर एसडीएम रनवीर सिंह, सीओ सोमेन्द्र विश्वास मौके पर पहुंचे। एसडीएम व सीओ ने परिजन को रिपोर्ट दर्ज कराने का आश्वासन दिया। लेकिन, परिजन रिपोर्ट की नकल मिलने की बात करते रहे। सीओ ने नामितों पर रिपोर्ट दर्जकर मृतक के पिता को उसकी कापी दी। इसके बाद परिजन माने। इस दौरान करीब तीन घंटे मार्ग अवरुद्ध रहा। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर नामित पिता व पुत्री पर हत्या रिपोर्ट दर्जकर जांच की जा रही है।



जाम लगाए परिजन व ग्रामीण। अमृत विचार



आईबीपी चौराहा पर जूते गांठने वाले को लाभांवित करते विमल द्विवेदी।

### मोचियों का सम्मान कर भेंट किए मिट्टी के घड़े व राशन

**उन्नाव।** नर सेवा- नारायण सेवा संस्था के संस्थापक विमल द्विवेदी ने निर्जला एकादशी (भीमसेनी एकादशी) पर सामाजिक समरसता की मिशाल पेश करते हुए जूते गांठने वाले (मोचियों) को अंगवस्त्र से सम्मानित करते हुए मिट्टी के बर्तन व राशन आदि भेंट किए। उन्होंने कहा कि भेदभाव रहित समाज ही विपरीत परिस्थितियों से लड़ सकता है। इसलिए सभी को एकजुट रहना चाहिए। संस्थापक अध्यक्ष ने कहा कि ईश्वर ने सभी को समान बनाया है। इसलिए जन्म के आधार पर भेदभाव रहित होकर सभी का सम्मान करते हुए आगे बढ़ने में परस्पर सहयोग भी करना चाहिए। उन्होंने एकदशी का महत्व बताते हुए कहा कि शास्त्रों में 24 एकादशी व्रत रहने वालो को परमपद प्राप्त होना बताया गया है। जेठ माह दान-पुण्य का महीना है, जिसमें भूखे को अन्न व प्यासे को पीने का पानी उपलब्ध कराना पुण्यकारी होता है।

**कामयाबी** कुशीनगर में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में शामिल होने पहुंचे चयनित शिक्षक-शिक्षिकाएं

# जिले की चार शिक्षिकाओं को मिला अनमोल रत्न सम्मान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** मिशन शिक्षण संवाद के तहत कुशीनगर में आयोजित प्रादेशिक शैक्षिक समागम-2024 कार्यशाला में जिले की चार परिषदीय शिक्षिकाओं को शिक्षा के अनमोल रत्न सम्मान से विभूषित किया गया। भगवान बुद्ध की परिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में 14 व 15 जून को केपीएन नेशनल पब्लिक स्कूल सभागार में प्रदेश के विभिन्न जिलों के चयनित परिषदीय शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल होने पहुंचे। आयोजित दो दिवसीय शैक्षिक उन्नयन विमर्श कार्यशाला में उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों से चयनित शिक्षकों का आगमन हुआ।

मुख्य अतिथि देवरिया सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने कहा कि परिषदीय शिक्षकों पर समाज को शिक्षित बनाने की गुरुतर जिम्मेदारी है। वर्तमान में सरकार और शासन द्वारा परिषदीय विद्यालयों की गुणवत्ता सुधार पर सबसे अधिक फोकस किया जा रहा है। इसलिए शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन में स्वयं को सफल साबित कर दिखाना चाहिए। सांसद ने बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित कस्तूरबा विद्यालय बेहतर परिणाम दे रहे हैं, जहां परिषदीय स्कूलों से निकली बेटियां ही अध्ययन करने पहुंचती हैं। विशिष्ट अतिथि बीएसए कुशीनगर राम जियावन मौर्य ने प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कहा कि शिक्षण सहित विभिन्न गतिविधियों के संचालन में परिषदीय शिक्षक श्रेष्ठता साबित करते जा रहे हैं। कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाली शिक्षिकाओं ने अपने विद्यालयों में किए जाने वाले शैक्षिक प्रयासों का पीपीटी व वीडियो के माध्यम से प्रस्तुतीकरण किया। उन्होंने किए गए नवाचारों से भी सभी को अवगत कराते हुए उपयोगिता बताई। साथ ही विद्यालयों को निपुण घोषित कराने संबंधित कार्यों की जानकारी भी साझा की। समापन पर जिले की एसआजी कंपोजिट विद्यालय कटरी पीपरखेड़ा डा. रचना सिंह, प्राथमिक विद्यालय बेथर की प्रधान शिक्षिका डा. नीतू शुक्ला, कंपोजिट विद्यालय कोलुहागाड़ा की सहायक शिक्षिका विनीता और प्राथमिक विद्यालय तोमरनखेड़ा की सहायक शिक्षिका हिमांशी यादव को सम्मानित किया।




प्रमाणपत्र के साथ सम्मानित शिक्षिकाएं। अमृत विचार

### इस तरह काम करता है शिक्षण संवाद

शिक्षण संवाद की ओर से बताया गया कि युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल बनाने के लिए आन लाइन कोचिंग भी उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही सभी बेसिक विद्यालयों को निपुण विद्यालय का दर्जा दिलाने के लिए शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रेरित किया जा रहा है। इसके तहत बाल केंद्रित शिक्षा, गतिविधि आधारित शिक्षण, दीक्षा से शिक्षा व स्मार्ट कक्षाओं के संचालन पर जोर रहता है।

# बांगरमऊ पुलिस ने चोरी के 7 मोबाइल के साथ दो को दबोचा

**बांगरमऊ।** बांगरमऊ पुलिस ने दो लोगों को चोरी के 7 मोबाइल के साथ दबोचा है। बरामद कर गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए लोगों ने अपना नाम छोटा पंडित पुत्र दुलारे और कन्हैया पुत्र राजू निवासी मोहल्ला महा ब्रह्मनान टोला कस्बा व थाना बांगरमऊ बताए हैं। चोरों को गिरफ्तार करने वालों में दरोगा विनोद कुमार, हेड कान्स्टेबल शाहजहां खां, सिपाही धर्मराज सरोज, अंकित सिंह व कुशलपाल सिंह शामिल रहे।



पुलिस गिरफ्त में पकड़े गए चोर।



मृतक के परिजनों से बात करते बसपा के अशोक पांडेय। अमृत विचार

### मृतक के परिजनों को बंधाया ढांढस

**नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के नयाखेड़ा गांव निवासी दीपू पर बीती 14 जून की शाम गांव के आधा दर्जन दबंगों ने हमला बोलकर लाठी-डंडे व कुल्हाड़ी से जमकर मारा पीटा था। इसके बाद वे उसे कार में डालकर उठा ले गये थे। दीपू की पत्नी मीरा देवी ने इसकी सूचना कोतवाली में दी थी। पुलिस दीपू की तलाश में जुटी थी। घटना के दूसरे दिन सुबह पुलिस को दीपू घर के पीछे मरणासन्न हालत में मिला था। जिसे नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया गया था। जहां हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल भेजा गया था। जहां उसकी मौत हो गई थी। उसकी पत्नी मीरा की तहरीर पर पुलिस ने राजकुमार उर्फ कोकी उसकी मां सुनीता, टिकई, विकास, महेश व करन सहित छह लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी। रविवार को दीपू का अंतिम सस्कार गांव में ही कर दिया गया था। घटना के मामले में पुलिस ने अब तक राजकुमार उर्फ कोकी, विकास व टिकई को गिरफ्तार किया था। सोमवार को बसपा से लोकसभा के प्रत्यासी रहे अशोक पांडेय दीपू के घर पहुंचे और उसकी पत्नी से मिलकर घटना की जानकारी ली। इसके बाद वे अजगैन कोतवाली गये। जहां कोतवाली निरीक्षक अवनीश सिंह से जल्द ही अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी करने की बात कही।

विद्याभ्यास स्तपो ज्ञानमिन्द्रियाणां च संयम : ।
अहिंसा गुरुसेवा च नि :श्रेयसकरं परम् ॥

विद्याभ्यास, तपस्या, ज्ञान और इंद्रियों के संयम के माध्यम से विद्या प्राप्त की जा सकती है। अहिंसा और गुरु की सेवा ही सर्वोत्तम कार्य है।

## संपादकीय

# रेलवे सुरक्षा का मुद्दा

पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी जिले में सोमवार को न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन के समीप हुई ट्रेन दुर्घटना के बाद भारतीय रेलवे सुरक्षा का मुद्दा जांच के दायरे में आ गया है। इस दुर्घटना ने भारतीय रेलवे प्रणाली के भीतर सुरक्षा उपायों में खामियों के बारे में चिंताएं बढ़ा दी हैं। रेल हादसे में एक मालगाड़ी ने कंचनजंघा एक्सप्रेस को पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना के कारण एक्सप्रेस ट्रेन के पिछले के चार डिब्बे और कंटेनर ट्रेन के डिब्बे पटरी से उतर गए। परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में लोग हताहत हुए और घायल हुए। शुरुआती संकेत से पता चलता है कि यह सिग्नल की अनदेखी का मामला है। मानवीय त्रुटियों के परिणामस्वरूप गलत सिग्नलिंग, दोषपूर्ण संचार, अत्यधिक गति अथवा दोषों या खतरों को अनदेखा करने की स्थिति बन सकती है। रेलवे कर्मचारियों में पर्याप्त प्रशिक्षण और संचार कौशल का भी अभाव पाया जाता है, जो उनके प्रदर्शन और समन्वय क्षमता को प्रभावित करता है। मानवीय त्रुटियों को कम करने के लिए रेलवे कर्मचारियों को नवीनतम तकनीकों, उपकरणों, प्रणालियों, सुरक्षा नियमों और प्रक्रियाओं के संबंध में नियमित एवं व्यापक प्रशिक्षण प्रदान किया जाना चाहिए। इस घटना ने यह सुनिश्चित करने के महत्व की ओर ध्यान आकर्षित किया है कि भारतीय रेलवे उन सभी के लिए सुरक्षित और भरोसेमंद हो जो इसका उपयोग करते हैं। ट्रेन को आपस में टकराने से बचाने के लिए भारत ने स्वदेशी कवच सिस्टम बनाया है। कवच भारतीय उद्योग के सहयोग से अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली है।

यह कार्यात्मक कवच प्रणालियों से लैस दो इंजनों के बीच टकराव को रोकता है। एक बार सिस्टम सक्रिय हो जाने के बाद पांच किलोमीटर की सीमा के भीतर सभी ट्रेनें आसन्न पटरियों पर ट्रेनों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए रुकेंगी। कवच प्रणाली से रेल पटरियों पर ट्रेनों की टक्कर जैसी दुर्घटनाओं को रोकने में मदद मिलेगी। योजना के अनुसार कवच प्रणाली को आगे बढ़ाया जाना चाहिए। भारतीय रेलवे विश्व के सबसे बड़े रेलवे नेटवर्क में से एक है, जहां लाखों लोग प्रति दिन परिवहन के लिए इस पर निर्भर करते हैं। हादसे में यात्रियों व रेलकर्मी की मौत ने ऐसी त्रासदियों को रोकने के लिए आवश्यक सुरक्षा तंत्रों की ओर ध्यान आकर्षित किया है। भारतीय रेलवे में सभी स्तरों पर सुरक्षा के महत्व पर जोर देकर सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा दिया जाए। साथ ही रेलवे संचालन के हर पहलू में सुरक्षा के लिए जिम्मेदारी की भावना पैदा करें।

# अनियमितताओं की वेदी पर युवाओं का भविष्य



जय प्रकाश पांडेय
वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी

**प्रतियोगी परीक्षाओं में भी पूरे देश में रिकार्ड अनियमितताएं देखने को मिलती हैं । वर्ष 2013 में एसएससी पेपर लीक प्रकरण के कारण परीक्षा को ही निरस्त कर दिया गया था। वर्ष 2014 में , मध्य प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान बड़े पैमाने पर पेपर लीक की सूचना मिली थी।**

युवा राष्ट्र के मेरुदंड हैं। बीते वर्ष यही युवा वर्ग उत्तराखंड में पेपर लीक प्रकरणों के विरुद्ध मुखर हुआ था, कुछ माह पूर्व यही युवा वर्ग लखनऊ में उत्तर प्रदेश सब इंस्पेक्टर परीक्षा धांधली के विरोध में अपने अधिकारों के लिए मुखर हो रहा था। ज्यादा समय नहीं बीता है जब यही युवा बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा के लीक प्रश्नपत्र के लिए भी मुखरित हुआ था। व्यापम घोटाले के सामने आने पर भी यही युवा मुखरित हुआ था और आज फिर से भारत में प्रतिवर्ष सबसे ज्यादा उम्मीदवार जिस परीक्षा में बैठते है उस नीट (यूजी) के संदर्भ में भी यही परिस्थितियां निर्मित हो रही हैं, लेकिन इन सबके बीच एक सकारात्मक बात यह है कि वर्तमान भारत के युवाओं ने प्रतिरोध के रास्तों को बखूबी समझा है और आज का युवा सड़कों में हल्लाबोल और विरोध प्रदर्शन से अधिक अदालती कार्यवाही के माध्यम से न्याय की तरफ आगे बढ़ता दिख रहा है।

देश भर के सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एनटीए द्वारा एनईईटी-यूजी परीक्षा आयोजित की जाती है। इस वर्ष लगभग 4750 सेंटर्स में 23 लाख बच्चे मेडिकल क्षेत्र में जाने के लिए इस परीक्षा में उपस्थित हुए। इस परीक्षा का परिणाम वैसे तो 14 जून को प्रस्तावित था लेकिन जब पूरा देश चुनावों के रुझानों को देखने में व्यस्त था उसी समय इस परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया। परीक्षा परिणामों में अनियमितताएं देखी गई। विभिन्न उच्च न्यायालयों में अनेक रिट इस संदर्भ में दायर ही चुकी हैं। इस संदर्भ में निम्नलिखित अनियमितताएं देखी जा रही हैं।

नीट के प्रश्न पत्र में 180 प्रश्न होते हैं, जिसमें एक प्रश्न के लिए प्रत्येक सही उत्तर का भार 4 अंक होता है, इसलिए कुल अंक 720 होते हैं। गलत उत्तरों के लिए 4 अंक काट लिए जाते हैं। नीट परीक्षा के परिणाम आने के बाद यह देखने को मिला कि कुछ बच्चों को 720 में से 718 और 719 नंबर मिले हैं जो कि किसी भी तरह संभव नहीं है और इन्हीं पर सवाल उठने के बाद एनटीए ने ग्रेस मार्क्स देने की बात मानी थी। बिना किसी

**देश भर के सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एनटीए द्वारा एनईईटी-यूजी परीक्षा आयोजित की जाती है। इस वर्ष लगभग 4750 सेंटर्स में 23 लाख बच्चे मेडिकल क्षेत्र में जाने के लिए इस परीक्षा में उपस्थित हुए।**

पूर्व सूचना के ग्रेस मार्क्स देने की यह परंपरा अपने आप में ऐतिहासिक थी। अभी तक प्राप्त सूचना अनुसार नीट परीक्षा में बैठने वाले 1563 छात्रों को इस बार ग्रेस मार्क्स मिले हैं। एनटीए पर जब सवाल उठे तो उसने यह माना कि इस बार उसने छात्रों को ग्रेस मार्क्स दिए हैं क्योंकि कई जगह एग्जाम देरी से शुरू हुआ था। जब यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो एनटीए ने यह मान लिया कि ग्रेस मार्क्स देना गलत था। पहले यह विवाद केवल ग्रेस मार्क्स प्रदान करने तक सीमित था लेकिन बिहार और गुजरात पुलिस ने एक ऐसे घोटाले का खुलासा किया जिसके कारण आज पेपर लीक की संभावनाओं को भी बल मिला है।

तीसरा महत्वपूर्ण बिंदु सेंटर हाईजैकिंग का है। इस वर्ष कुल 67 बच्चों के 720 में से 720 अंक आए हैं। आज तक के मेडिकल परीक्षा के इतिहास में यह पहला ऐसा क्षण है। हरियाणा के बहादुरगढ़ में स्थित हरदयाल पब्लिक स्कूल में 6 बच्चों को 720 में से 720 अंक प्राप्त हुए हैं। ये ऐसे बच्चे हैं जिनको परीक्षा व्यवस्थाओं में कमी के चलते ग्रेस मार्क्स दिए गए। एक ही सेंटर और उसमें भी एक ही कक्षा से इस तरह का परिणाम अप्रत्याशित है वहीं गुजरात के गोधरा के जलाराम स्कूल में नीट का एग्जामिनेशन सेंटर में 30 छात्रों को गलत तरीके से एग्जाम दिलवाने के आरोप सिद्ध होते जा रहे हैं। खास बात यह है कि इस सेंटर में गुजरात के लोकल स्टूडेंट्स के अलावा महाराष्ट्र, उड़ीसा, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों से भी स्टूडेंट्स आए थे। अपने प्रदेश को छोड़कर गुजरात के गोधरा के इस सेंटर में जाकर परीक्षा देने की बात भी संदेह पैदा करने वाली है। ऐसा नहीं है कि भारत में इस तरह की घटनाएं पहली बार सामने आ रही हैं। अक्टूबर 2014 में, पेपर लीक की रिपोर्ट सामने आने के बाद महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट (एचएससी) परीक्षा का भौतिकी का पेपर रद करना पड़ा। बोर्ड ने परीक्षा को बाद की तारीख के लिए पुनर्निर्धारित किया। अप्रैल 2016 में, कर्नाटक माध्यमिक शिक्षा परीक्षा बोर्ड (केएसईईबी) ने पेपर लीक की रिपोर्ट सामने आने के बाद विज्ञान का पेपर रद कर दिया।

मार्च 2017 में, बड़े पैमाने पर नकल और पेपर लीक की रिपोर्ट के बाद बिहार स्कूल एग्जामिनेशन बोर्ड ने कला, विज्ञान और वाणिज्य स्ट्रीम के लिए इंटरमीडिएट परीक्षा रद कर दी। वर्ष 2018 में, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 12वीं कक्षा की अर्थशास्त्र परीक्षा के दौरान एक पेपर लीक की सूचना मिली थी, जिससे देश भर में 15 लाख से अधिक छात्र प्रभावित हुए थे। वर्ष 2019 में, सोशल मीडिया पर प्रश्न पत्र लीक होने के कारण नागालैंड बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन (एनबीएसई) को अंग्रेजी और वैकल्पिक अंग्रेजी के लिए कक्षा 12 की परीक्षा बीच में ही रद करनी पड़ी थी।

प्रतियोगी परीक्षाओं में भी पूरे देश में रिकार्ड अनियमितताएं देखने को मिलती हैं। वर्ष 2013 में एसएससी पेपर लीक प्रकरण के कारण परीक्षा को ही निरस्त कर दिया गया था। वर्ष 2014 में, मध्य प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान बड़े पैमाने पर पेपर लीक की सूचना मिली थी। वर्ष 2015 में, दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड परीक्षा के दौरान पेपर लीक की सूचना मिली थी, जिसके कारण परीक्षा रद कर दी गई और परीक्षा को पुनर्निर्धारित किया गया। वर्ष 2015 में, असम लोक सेवा आयोग (एपीएससी) पेपर लीक प्रकरण सामने आया था। वर्ष 2016 में, नागालैंड सिविल सेवा परीक्षा के दौरान बड़े पैमाने पर पेपर लीक हुआ, जिसके कारण व्यापक विरोध प्रदर्शन हुआ और दोबारा परीक्षा की मांग की गई। फरवरी 2018 में, कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) संयुक्त स्नातक स्तर (सीजीएल) परीक्षा में पेपर लीक के आरोपों से हिल गया था, विवाद के कारण अंततः परीक्षा रद कर दी गई और पुनर्निर्धारित की गई। सितंबर 2018 में, पेपर लीक की रिपोर्ट के बाद तेलंगाना राज्य स्तरीय पुलिस भर्ती बोर्ड ने कांस्टेबल पद के लिए परीक्षा रद कर दी।

दिसंबर 2018 में ही पेपर लीक की रिपोर्ट के बाद हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) ने कांस्टेबल पद के लिए परीक्षा रद कर दी। मार्च 2018 में, कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने पेपर लीक और ऑनलाइन परीक्षा प्रणाली में तकनीकी गड़बड़ियों की रिपोर्ट के बाद संयुक्त स्नातक स्तर (सीजीएल) की टियर-1 परीक्षा रद कर दी थी।

उत्तराखंड में तो एक पूरी श्रृंखला पेपर लीक प्रकरणों से संबंधित हमारे सामने आई। ऐसे अनेक उद्धरण शोध करने पर हमको अभी और मिल सकते हैं जिन्होंने युवाओं की मानसिक, आर्थिक और सामाजिक स्थिति पर कुठराघात किया है।

ऐसा नहीं है कि अतीत की प्रश्नपत्र लीक होने वाली घटनाओं से सीख नहीं ली गई है। फिर भी आज वह समय आ गया है कि इस विषय पर जन पटल पर परिचर्चा हो कि परीक्षा केंद्रों को किन आधारों पर संबद्ध किया जाता है? किन आधारों पर ऐसे परीक्षाकेंद्र संबद्ध हो जाते हैं जहां अलग कमरे में बैठा के पेपर लीक कराया जाता है? किन आधारों पर एक राज्य में प्रतिबंधित एजेंसी को दूसरे राज्य में परीक्षा आयोजित करने की अनुमति मिल जाती है? किन आधारों पर ऐसे परीक्षा केंद्रों को संबद्ध किया जाता है जहां बाहर से परीक्षा देने आए छात्रों के बैग रखने और चिलचिलाती गर्मी में पंखे तक की व्यवस्था नहीं होती?

किन आधारों पर ऐसे केंद्रों को परीक्षा केंद्र बनाया जाता है जहां स्नातक डिग्री के आधार पर परीक्षा दे रहा छात्र कक्षा 5 में पढ़ने वाले बच्चे के टेबल-कुर्सी में बैठकर परीक्षा देता है? 2 घंटे की परीक्षा में जहां दशमलव का भी महत्व होता है वहां इन भौतिक कमियों को आज के समय में तो हम दरकिनार कर ही नहीं सकते। इन प्रश्नों के उत्तर खोजने के क्रम में उत्तरदायी लोगों पर कड़ी कार्रवाई हो और सीबीआई जांच द्वारा ऐसे कृत्यों के सच को सामने लाया जाए।

## प्रसंगवश

# लड़ाई या परस्पर व्यक्तियों का द्वंद्व

आजकल बड़ी चर्चा है कि आरएसएस भाजपा से नाराज है। हालांकि इस नाराजगी का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण करना होगा कि यह एक संगठन के भीतर आनुषंगिक संगठनों की लड़ाई है या यह व्यक्तियों का परस्पर का द्वंद्व है। दरअसल, नवउदारवादी शक्तियां बड़ी ही होशियार होती हैं। वे आपस में ही प्रतिपक्ष बन जाती हैं और खूब शोरगुल मचाती हैं और इस प्रक्रिया में वास्तविक प्रतिपक्ष को, उसके सवालों को नेपथ्य में धकेल देती हैं। लोगबाग समझते हैं कि देखो, मोदी के अहंकार को कोस रहे हैं। फलां जी, भाजपा को सुधरने की नसीहत दे रहे हैं, अजित पवार जैसे भ्रष्टाचार के आरोपियों और शिंदे जैसे अवसरवादियों से पींगे बढ़ाने पर भी सर जी बेहद नाराज हैं। और हां, भाजपा के वाशिंग मशीन बनने पर भी नाराजगी जताई है उन्होंने। लो जी, जो सवाल दूसरे लोग उठाते वे घर में ही उठने लगे तो जनता का ध्यान घर के आपसी विवाद पर ही अधिक जाने लगा। परिचर्चा करने वाले पत्रकार बंधुओं को भी मसालों की नई छौंक मिली। यह सवाल अपनी जगह रह गया कि भ्रष्टाचार के आरोपियों को खुद में शामिल कर उन्हें एजेंसियों से राहत दिलवा देना, बहुधा क्लीन चिट दिलवा देना इस देश की न्याय व्यवस्था और जनता से कितना क्रूर मजाक है। पक्ष और प्रतिपक्ष में क्या तलाशना, घर में ही नायक, प्रतिनायक, खलनायक आदि की पहचान कर लो और माफ कर दो उस घर को।



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

कौन नहीं जानता कि आरएसएस, जो कभी सांस्कृतिक सवालों को लेकर आगे बढ़ा था, समय के साथ कॉरपोरेट नेशनलिज्म का पहरुआ बन गया?

जेपी नड्डा ने चुनाव के पहले जो कहा वह भी इसी मनोविज्ञान से प्रेरित है जिसका स्पष्ट लब्बोलुबाब यही था कि मोदी शाह की जोड़ी सक्षम है, हर चुनौती को झेलने के लिए। तब किसी की बोली नहीं फूटी। जब चुनौतियों के सामने यह जोड़ी कुछ निस्तेज नजर आने लगी तो एकबारगी कई स्वर फूटने लगे। राजनीति बड़ी ही उलझी हुई चीज है। वह भी तब, जब यह कारपोरेट शक्तियों की दासी बन जाए और उन शक्तियों के भी आपसी हित भीतर ही भीतर टकराने लग जाएं।

# सरकार के सामने मुख्य चुनौतियां

जनसंख्या विस्फोट से देश के सामने विभिन्न क्षेत्रों में मूलभूत समस्याओं से मुक्ति पाना वर्तमान की सरकारों के लिए एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। जनसंख्या विस्फोट के कारण देश में मानवीय गतिविधियों के बढ़ने से पर्यावरण प्रदूषण, जल प्रदूषण, तापमान वृद्धि, बेरोजगारी, मंहगाई आदि समस्यायें प्रतिदिन- प्रतिवर्ष बढ़ते जा रही हैं। जनसंख्या के परिणाम स्वरूप प्राकृतिक संसाधनों के अभाव के साथ कृत्रिम संसाधनों की ओर बढ़ने से देश में विभिन्न समस्याएं बढ़ती जा रही हैं।

लगातार प्राकृतिक/खनिज/ भूमि संपदाओं के दोहन से, कृषि योग्य भूमि के कटान से, सीमेंट-डामर आदि के प्रयोग से भौतिक सुविधाओं के निमित्त पेड़-पौधों के कर्तन से लगातार तापमान वृद्धि हो रही है, सशक्त कानून न होने से घर-कार्यालय-गाड़ियों में एयरकंडीशन के बढ़ते प्रयोग से तथा वनों में लगने वाली आग के कारण 50 डिग्री से ऊपर तापमान पहुंच चुका है, सैकड़ों लोग गर्मी की चपेट में आने से अकाल मृत्यु को प्राप्त कर चुके हैं जो चिंताजनक विषय बन चुका है।

तापमान वृद्धि को रोकने के लिए, पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण पर सशक्त कानून बनाना, सड़क मार्ग बनाने में कटने वाले पेड़ों के स्थान पर उतने ही पेड़ों का सड़क किनारे पालन पोषण करने के लिए टेंडर जारी करते वक्त ही ठेकेदार या संबंधित विभाग की जिम्मेदारी निश्चित करने के लिए सरकार की गारंटी के अधीन लाना ही होगा।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में अटल आयुष्मान योजना का उचित क्रियान्वयन न होने से निर्धन-



डॉ. हेमंत कुमार जोशी
नैनीताल

**आज भी देश के लगभग 80 करोड़ लोगों को यदि प्रति माह राशन देना पड़ रहा है तो यह देश की आत्मनिर्भरता एवं कुशलता का द्योतक नहीं है।**

असहाय व्यक्ति अपमानित और शोषित होने की खबरें मिलती रहती हैं जिसके लिए भी संबंधित विभाग को जवाबदेह बनाने की आवश्यकता है।

देश में बढ़ती हुई बेरोजगारी एक बहुत बड़ा मुद्दा एवं समस्या है जिसको हर युवा वर्ग अनुभव करते आया है इसको देखते हुए एवं समान वितरण को बढ़ाने के लिए नव गठित सरकार को विशेष उपाय करने होंगे। आज देश में बढ़ रही आर्थिक असमानता भी भविष्य के लिए एक समस्या के रूप में सामने है।

आज भी देश के लगभग 80 करोड़ लोगों को यदि प्रति माह राशन देना पड़ रहा है तो यह देश की आत्मनिर्भरता एवं कुशलता का द्योतक नहीं है। निःशुल्क राशन से वह आत्मनिर्भर के स्थान पर पूर्णतः सरकार पर निर्भर हो गया और जिस कारण बंजर पड़ गए खेतों से देश के सकल घरेलू उत्पाद में बहुत बड़ा नुक़सान होना और व्यापक राजस्व घाटा होना सर्वविदित है। गरीबों को आत्मनिर्भर बनाने के निमित्त कुछ प्रतिमाह धनराशि देना उचित माना जा सकता है।

बिगड़ती हुई अर्थव्यवस्था में राजनेताओं एवं देश के उच्च पदों में पदासीन जनों के विभिन्न भोग विलासितापूर्ण खर्चों को सीमित करना भी सरकार की एक सकारात्मक पहल के साथ अभिनव पहल होनी चाहिए।


किसानों की उत्पादित वस्तुओं के उचित मूल्य प्राप्ति के लिए मजबूत कानून बनाना। सब्जी, फल, अनाज आदि का एमएसपी निर्धारित करना भी नवगठित सरकार की सर्वोच्च भूमिका में होना चाहिए। राजनेताओं को एवं उनके पारिवारिक सदस्यों को मिलने वाली सुविधायें और जितनी बार विधायक-सांसद बने उतनी बार की पेंशन योजना भी इस देश के लिए अभिशाप है इसमें भी मोदी सरकार को कानून बनाना चाहिए और सरकारी कर्मचारियों के बुढ़ापे को देखते हुए पुरानी पेंशन के विषय में भी विचार करना चाहिए।

सरकारी कामों में तथा सांसद-विधायक निधियों के अप्रत्यक्ष भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के लिए कड़े कानूनों की आवश्यकता है केवल पांच वर्ष में ही एक जनप्रतिनिधि की आय-संपत्ति पचास- सौ गुना बढ़ जाना इस भ्रष्ट तंत्र का परिचायक है। संबंधित जनप्रतिनिधि की अगले पांच वर्षों में सकल आय का परीक्षण होने का कानून भी बनना ही चाहिए। देश में समान शिक्षा विषय स्वतंत्रता के पश्चात् ही चलते आया लेकिन आजतक किसी भी सरकार ने इस सम्बन्ध में प्रयास नहीं किए। 2020 की नई शिक्षा नीति के प्रावधानों से कुछ आशा की किरणें जग रही थी लेकिन अभी तक केन्द्र/ राज्य सरकारों ने इस विषय में जागरूकता कम ही दिखाई है। देश की जनता को एकमत होकर इन मुद्दों पर जागरूक होना चाहिए।

## सोशल फोरम

# देश का राजनीतिक परिदृश्य

इस समय देश का राजनीतिक परिदृश्य जनता के लिए और जनतंत्र के लिए जितना मुफ़ीद है, मेरे होश संभालने के बाद से उतना कभी नहीं रहा। सभी की ढोल में पोल उजागर हो गई। सभी को सभी के दांव अयां हो गए। बेपेंदी के लोटे, बदनीयत मुद्दे, बेबुनियाद आरोप भूलुंठित हो गए। सभी का फूला हुआ आत्मविश्वास पिचक गया। सभी को लग गया, न बड़बोलापन काम आएगा, न कुल ख़ानदान, न आज़ादी की लड़ाई का श्रेय, न धर्म और जाति का ध्रुवीकरण। अब हर क़दम फूंक-फूंक कर रखना पड़ेगा।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

लोगों को विरोधियों की ताक़त पर इतना भरोसा और अपनी ताक़त पर इतना संदेह कभी नहीं रहा। अपना-अपना दूषित लक्ष्य पूरा होने का भरोसा किसी को नहीं रहा। भारतीय जनता इतनी होशियार और अबूझ हो सकती है, इसका अंदाज़ा किसी को नहीं रहा। थोड़ा सच और ढेर सारा झूठ मिलाकर, गंभीर से गंभीर आरोप गढ़ने की क़ाबिलियत चारों खाने चित हो गई। सब्र और ज़िम्मेदारी-पूर्ण आलोचना के, जो भारतीय जनतंत्र की शब्दावली से उड़नछू हो गई थी, लौटकर आने की उम्मीद इतनी प्रबल कभी नहीं रही। शीशे की तरह साफ़ हो गया कि विपक्ष के लिए एकजुट होने या ख़त्म हो जाने के बीच कोई तीसरा विकल्प नहीं रह गया।

महान प्राचीन भारत का भव्य और दिव्य और झलमल करता गौरव हमेशा के लिए कांतिविहीन हो गया। सदियों के अन्याय के प्रतिकार का पवित्र सोमरस गड्ढे का पानी साबित हुआ। प्रशासनिक असफलताओं को घोलकर अदृश्य कर देने वाली राजनीतिक पूंजी और गुप्त चुनाव बांड से अर्जित आर्थिक पूंजी की वही दुर्गति हुई जो नोटबंदी के बाद पुराने नोटों की हुई थी।


सबसे बड़ी बात, लोगों को विकल्प का आभास हो गया। विकल्प के अभाव में आदमी कुछ भी कर सकता है। विकल्पहीनता मनुष्य को ही नहीं, जनतंत्र को भी आत्महत्या के कगार तक पहुंचा देती है। आशा, बल्कि विश्वास है कि विकल्पहीनता की इस शवयात्रा के बाद अब नए अंकुर उगेंगे, नए फूल खिलेंगे।

**-फेसबुक वॉल से**

# हाई-एल्टिट्यूड पर मौत से बचें

तजुर्बाविहीन और नौसिखिये लोग जो एक्सप्लोरर, टूरिस्ट्स और दंभ करने वाले युवा में से कोई भी होते हैं जब हाई एल्टिट्यूड पर बिना तैयारी और मेडिकल एडवाइस के जाते हैं तो ज्यादातर मुसीबत में ही पड़ते देखे गए हैं। तीन से पांच हज़ार मीटर की ऊंचाई पर कोई ख़ास दिक्कत नहीं होती लेकिन जैसे ही 5 हज़ार मीटर से ऊंची जगह पर जाते हैं तब सर दर्द, उल्टी और आधा-शीर्ष में दर्द और दिमाग में धमाके शुरू हो जाते हैं। सबसे बेहतर तो होता है नीचे के एल्टिट्यूड पर व्यक्ति को ले आना। हाई एल्टिट्यूड पर ऑक्सीजन की कमी से हाय्पोपॉक्सिया और एक्यूट माउंटेन सिकनेस होती है। हाइपरटेंशन, डायबिटिक, हृद-वाहिकीय रोग से पीड़ित व्यक्तियों को हाई एल्टिट्यूड पर कभी नहीं जाना चाहिए। हाई एल्टिट्यूड पर जर्नी कैसे की जानी चाहिए, यह समझना महत्वपूर्ण है।

एक ट्रेंड व्यक्ति के लिए ख़ास मुश्किल नहीं होती, लेकिन जब मैदान से उठकर हवाई जहाज या हेलीकाप्टर से सीधा ही चंद घंटे में हाई एल्टिट्यूड पर आते हैं और तुरत बाहर निकलकर घूमना शुरू करते हैं और चढ़ायी भी करते हैं, पैदल ही हैं और बहुत तेज़ी से 15, 20 और 30 किलोमीटर तक 1000-2000 फुट ऊंचाई पर जाने के लिए चढ़ते रहते हैं, जोश में हिम्मत दिखाने के चक्कर में पड़ते हैं तो वास्तव में ही ऐसे शेखीखोर लोग अपनी जान गवां बैठते हैं। नीचे के एल्टिट्यूड पर तो इबुप्रोफेन की 10 एमजी की टेबलेट ही डॉक्टर रेकमेंड करते हैं, लेकिन 4500



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

**आज पूरे हिमालयी क्षेत्र में जहां भी पीजीआईएमएस या एम्स के साथ-साथ मेडिकल कॉलेज मौजूद हैं उनके डॉक्टर्स को फिजियोलॉजी की पढ़ाई के दौरान हाई एल्टिट्यूड फिजियोलॉजी में डॉ.पेंटल के खोज कार्य से वाकिफियत कराई जाती है।**


मीटर से अधिक की ऊंचाई पर अनुकूलन की प्रक्रिया (एक्लाइमेटाईजेशन) से गुज़रे बिना ही अगर कोई पैदल घूमना या चढ़ाई करना शुरू कर दे तो भी जान को बहुत ख़तरा होता है। अगर जिद करके कोई चढ़ाई करना चाहे तो अधिसंख्या में ऐसे लोगों की मौत हो सकती है जो अनुकूलन की प्रक्रिया का उल्लंघन करते हैं। दिल्ली या चंडीगढ़ से फ्लाइट लेकर अगर कोई लेह उतरे तो उसे 72 घंटा के लिए रेस्ट पर डाल दिया जाता है ताकि एक्लाईमेटाईजेशन की प्रक्रिया पूरी हो जाए। इसका फिजियोलॉजिकल मैकेनिज्म बहुत पेचीदा है जो कि ऑक्सीजन सप्लाई और हार्ट की कार्य प्रणाली से सीधा जुड़ा हुआ है। इसमें हार्ट-लंग और आर्टेरियल रिसेप्टर्स की महत्वपूर्ण भूमिका है और दवा आदि से इनकी निष्क्रियता को चालू करने या बेढंगी चाल पर नियंत्रण में करने पर बहुत खोजबीन हुई है। 50 वर्ष में हाई एल्टिट्यूड फिजियोलॉजी विषय पर भारत में ही बहुत शोधकार्य हुआ है। इस शोध क्षेत्र में अधिकांश कार्य का श्रेय प्रोफेसर औतार सिंह पेंटल और इनकी सहयोगी डॉ. असीमा आनंद की जोड़ी को है। इनके शोधकार्य की लिस्ट दिल्ली स्थित डिफेंस इंस्टिट्यूट ऑफ़ फिजियोलॉजी एंड अलाइड साइंसेज के पिछले बीस साल के काम से भी अधिक है। उक्त शोधकार्य के आधार पर डीआरडीओ ने ऊंचे हिमालय में भारती डिफेन्स फोर्सेज के जवानों और अफसरों के अलावा एन्टार्क्टिक क्षेत्र में स्थापित रिसर्च स्टेशन 'इंदिरा पॉइंट' पर रहने वाले साइंसदानों और तकनीशियन्स के लिए जिस तरह के निवास, वस्त्र, खाद्य सामग्री और अन्य सहायक टेक्नोलॉजीज का विकास और निर्माण किया है वह विश्व स्तर की हैं। यह सब कोल्ड रीजन रिसर्च कहलाता है। इस बाबत रिसर्च के जरिए से प्रोफेसर पेंटल ने ही फेफड़ों में जक्स्टापोज़्ड रिसेप्टर्स (जे-रिसेप्टर्स) को सर्वप्रथम खोज कर इनकी भूमिका को तय किया था। भारत के विख्यात न्यूरो-फिजियोलॉजिस्ट प्रो. औतार सिंह पेंटल ने मुझे सन 1991 के आसपास बताया था कि इस मामले में मैदान के लोगों में जागरूकता लाने की जरूरत है। उन्होंने बताया था कि हाई एल्टिट्यूड ब्रेन को हार्ट और लंग से खतरे के सिग्नल्स मंद पड़ने की वजह क्या हैं। एट्रीयल-बी और वेंट्रीक्युलर प्रेशर रिसेप्टर्स की भूमिका को डॉ. पेंटल ने ही तय किया और यह पता लगाया कि हाई-एल्टिट्यूड पर मैदान से जाने वाले लोगों को ऐसा क्यों होता है।

आज पूरे हिमालयी क्षेत्र में जहां भी पीजीआईएमएस या एम्स के साथ-साथ मेडिकल कॉलेज मौजूद हैं उनके डॉक्टर्स को फिजियोलॉजी की पढ़ाई के दौरान हाई एल्टिट्यूड फिजियोलॉजी में डॉ.पेंटल के खोज कार्य से वाकिफियत कराई जाती है। यह सिलेबस का अब हिस्सा है। डॉ. पेंटल ने व्यक्तिगत तौर से इस बाबत बताया था कि गर्दन के दोनों और कैरोटिड आर्टरी की कांस्ट्रिकशन होने से संदेश मस्तिष्क तक नहीं पहुंचता और व्यक्ति की 'सडन डेथ' या कार्डियक अरेस्ट हो जाता है। इसलिए हाई-एल्टिट्यूड पर जाने से पहले जोखिम न लें और तीर्थयात्रा के अधिक चक्कर में न पड़ें। खुद को स्वस्थ समझने वाले व्यक्ति भी सरकारी अस्पताल से फिजियोलॉजी डिपार्टमेंट से अपने शरीर की विभिन्न क्रियाओं की जांच करवाकर, सर्टिफिकेट लेकर ही हाई-एल्टिट्यूड की यात्रा करें। डॉ. पेंटल के मुताबिक पैदल चढ़ाई बिलकुल ही धीमी गति से जैसे कि 3 घंटा में एक किलोमीटर ही करें और बीच में रेस्ट करते हुए चढ़ें। खुद चिकित्सा न करें क्योंकि एक ख़ास ऊंचाई के बाद सर दर्द या आधा सर में दर्द से छुटकारा पाने के लिए बिना डॉक्टरी सलाह के ली गई इबुप्रोफेन या दर्दनिवारक दवा भी घातक हो सकती है। निफेडीपिन तो कभी बिना डॉक्टरी सलाह के लेनी ही नहीं होती क्योंकि एक तो यह शेड्यूल्ड ड्रग है और दूसरा, इसे कार्डियोवैस्कुलर ट्रीटमेंट के लिए सुयोग्य डॉक्टर या सर्जन ही प्रेस्क्रायिब करते हैं।

# बूंद-बूंद को तरसेंगी भावी पीढ़ियां

हमारे देश में असंख्य लोग पेयजल संकट से जूझते हैं। वर्तमान में उत्तर भारत में दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, और बिहार तथा दक्षिण भारत में तमिलनाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में पानी की किल्लत है। पूर्वी भारत में झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के लोग जल संकट से जूझ रहे हैं।

हाल ही में आई एक अध्ययन रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत में जल संकट का गंभीर ख़तरा है। वर्ष 2050 तक देश के 50 प्रतिशत से जिलों में पानी के लिए हाहाकार मच जाएगा। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि लोग बूंद-बूंद पानी को तरसेंगे। उस समय तक देश में पानी की मांग में 30 प्रतिशत तक की वृद्धि होने की संभावना व्यक्त की गई है। दशकों से इस समस्या के समाधान के लिए प्रयास किए गए हैं। अनेक सरकारी और गैरसरकारी प्रयास भी किए गए हैं, किन्तु कोई भी स्थायी व टिकाऊ समाधान नही हो सका है।



दिनेश चंद्र शर्मा
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

जल जीवन मिशन में जमीनी स्तर आने आने वाली पीढ़ी को जलसंकट से बचाने के लिए एक व्यापक जनांदोलन चलाए जाने की आवश्यकता है जिसमें प्रत्येक व्यक्ति को अपनी पूरी क्षमताओं के साथ कोशिश करनी होगी। एक दूसरे पर दोषारोपण किए बिना जन-जन को इन प्रयासों में जुटना होगा। घरेलू स्तर पर पानी के उचित व संयमित उपयोग एवं उद्योगों में पानी का चक्रीय उपयोग जल संरक्षण में सहायक सहायक हो सकता है। इस्तेमाल किए गए पानी को शौचालयों में, बगीचों में अथवा फर्श आदि धोने में उपयोग किया जाए। जल संग्रहण करने के लिए जलाशयों आदि को संरक्षित किया जाए। यदि समय रहते जल संरक्षण के समुचित प्रयास न किए गए तो हम तो जैसे-तैसे अपना काम चला लेंगे लेकिन हमारी भावी पीढ़ियों का क्या होगा? यह कल्पना करना भी भयावह है। वास्तव में हमारी भावी पीढियां बूंद-बूंद पानी को तरसेंगी।

# नमाज अदा कर मांगी अमन-चैन की दुआ, दी मुबारकबाद

## शहर, कस्बों व गांवों में परंपरागत ढंग से मनाया गया ईद-उल-अजहा पर्व, नमाज के बाद दी गई कुर्बानी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


शहर स्थित ईदगाह में नमाज अदा करते मुस्लिम समाज के लोग।


नमाज शुरू होने से पहले व्यवस्था देखते डीएम गौरांग राठी व एसपी सिद्धार्थ शंकर।

**अमृत विचार।** कुर्बानी का त्योहार ईद-उल-अजहा शहर व जिले भर में परंपरागत ढंग मनाया गया। मुस्लिम भाइयों ने सुबह नए कपड़े पहनकर ईदगाहों व मस्जिदों में नमाज अदा की। इसके बाद तय स्थान पर कुर्बानी दी गई। इसके साथ लोगों ने एक-दूसरे को त्योहार की बधाई देने का सिलसिला शुरू कर दिया।

शहर के मुख्य मार्गों सहित मुस्लिम बहुल इलाकों में भोर पहर से बकरीद की नमाज और कुर्बानी की तैयारियां शुरू हो गईं, जिससे लोगों की काफी आवाजाही बनी रही। करीब छह बजे से लोगों ने नमाज अदा करने के लिए घरों से निकलने का सिलसिला शुरू कर दिया। ईदगाह से पहले कुछ मस्जिदों में नमाज अदा कराना मुकर्रर था। इसलिए त्योहार संबंधी सामग्री (दूध-दही) के कारोबारियों ने पहले ही नमाज अदा की। करीब सात बजे से शहर के विभिन्न मोहल्लों सहित ग्रामीण इलाके से नमाज अदा करने बड़ी ईदगाह पहुंचने वालों का आवागमन शुरू कर दिया। सभी नए कपड़ों में टोपी लगाए हुए ईदगाह की ओर बढ़ते रहे, जिससे नमाज अदा करने के लिए अगली पंक्तियों में ही स्थान सुरक्षित किया जा सके।

बांगरमऊ संवाददाता के अनुसार, नगर व क्षेत्र में ईद-उल-अजहा का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया गया। नमाज के बाद मुल्क में अमन चैन व भाईचारे की दुआ की गई। साथ ही एक-दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी गई। इसके बाद घर जाकर सुन्नते इब्राहीमी कुर्बानी की रस्म अदा की। नगर के ईदगाह में शहरकाजी इमाम ईदगाह सैयद जियाउल आरफीन ने नमाज अदा कराई। नायब इमामे ईदगाह मौलाना फैसल बिलाल जामई ने कहा कि कुर्बानी इब्राहीम अलै की सुन्नत है।


बांगरमऊ में खुतबा देते नगर इमाम।

### कड़ी सुरक्षा के बीच मनाया गया पर्व

**शुक्लागंज उन्नाव।** कुबार्नी का त्योहार ईद उल अजहा के मौके पर कड़ी सुरक्षा के बीच मनाया गया। इस अवसर पर राजमार्ग जामा मस्जिद समेत तमाम छोटी बडी मस्जिदों में नवाज अदा कर मुल्क में अमन और सलामती की दुआ मांगी गई। राजमार्ग जामा मस्जिद में मौलाना शमीम अहमद ने नमाज पढ़ाई और मुल्क में भाईचारा व एकता बनाए रखने की दुआ मांगी, गगांघाट क्षेत्र में मनोहर नगर, अहमद नगर मस्जिद अली नगर मस्जिद में रजा भाई, चम्पापुरवा में सैय्यद इरफान, गोताखोर, कर्बला मस्जिद में मुस्लिम समुदाय के लोग नये वस्त्र पहन कर मस्जिदों में भी बकरीद की नमाज अदा की गई। नमाजी लोगो ने सुन्नतइ, वाहीम पर अमल करते हुए कुर्बानी का सिलसिला शुरू किया घरों में बकरों व सामूहिक रूप से बडें जानवरों की कुर्बानी कर कुर्बानी का हिस्सा नातें रिश्तेदारों और समाज के गरीब लोगों में तकसीम किया गया। बकरीद की नमाज को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा के कड़ें प्रबन्ध किए गये थे। मस्जिदों के आसपास से लेकर अन्य मार्गों पर व्यापक पुलिस बल की तैनाती की गई थी। वहीं नमाज के दौरान एडीएम नरेंद्र सिंह, एएसपी अखिलेश सिंह, तहसीलदार अविनाश चौधरी, कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति भारी पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे। जहां उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के साथ ही मातहतों को दिशा निर्देश दिये।


घर में नमाज अदा करते बच्चे। अमृत विचार

गंजमुरादाबाद संवाददाता के अनुसार, कस्बा व क्षेत्र के मऊ, सुरसेनी, भटियापुर, अतरधनी, रुरी सादिकपुर, हरियावर, कांटा गुलजारपुर, झरतेरा, जोगिकोट, रसूलवापुर, शीतलगंज, हयात नगर, चहोलिया, फतेहपुर हमजा, मदारपुर, खभौली, खालसा, रघुरामपुर, नेवल, सिरधरपुर, आलमऊ सरांय, दरियापुर, नौबत मदार नगर, आसत व जमादार पुरवा आदि गावों में परंपरागत तरीके से नमाज अदा कर बकरीद पर्व मनाया गया।

सफीपुर संवाददाता के अनुसार, धूप व गर्मी से बेपरवाह रहकर कस्बा सहित क्षेत्र के मुस्लिम भाइयों ने ईदगाह व मस्जिदों में ईद-उल-अजहा ( बकरीद ) की नमाज अदा की। तहरीर में कहा कि वास्तव में चाहतों की कुर्बानी देने का जज्बा रखना चाहिए। बिना दूसरों को तकलीफ़ पहुंचाए देश की एकता व अखंडता को मजबूत बनाए रखना चाहिए। इस मौके पर एएसपी प्रेम चंद, एसडीएम नवीन चंद्र, सीओ ऋषिकांत शुक्ला, नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई राजा बेटा, ईओ विनीत श्रीवास्तव, कोतवाली निरीक्षक श्याम नारायण सिंह व पूर्व चेयरमैन नसीम अहमद सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# जामा मस्जिद के बाहर नमाज अदा करने से रोका, नाराजगी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**नमाज पढ़ने की दशकों पुरानी टूटी परंपरा**

ईद और बकरीद की नमाज राजधानी मार्ग स्थित जामा मस्जिद में अंदर और बाहर टेंट लगाकर दशकों से अदा होती चली आ रही है लेकिन इस बार शासन से निर्देश होने के कारण मस्जिद के बाहर नमाज नहीं अदा की गई। जिसका लोगों ने विरोध भी किया।

**अमृत विचार।** सोमवार सुबह राजधानी मार्ग स्थित जामा मस्जिद में नमाज अदा करने के लिए भारी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग पहुंचे। मस्जिद में जगह न होने पर सभी बाहर लगे टेंट के नीचे बैठने लगे। जिस पर एडीएम ने मना कर दिया। नमाज पढ़ने पहुंचे लोगों में खासी नाराजगी देखी गई। काफी देर तक वह एडीएम से बात करते रहे लेकिन उन्होंने उनकी एक न सुनी और टेंट के नीचे नमाज पढ़ने से मना कर दिया। जिस पर लोगों ने मस्जिद के अंदर और बाहर परिसर में नमाज अदा की।

सोमवार को शुक्लागंज सब्जी मंडी स्थित जामा मस्जिद में बकरीद की नमाज के समय 7:40 बजे निर्धारित किया गया था। हर साल की तरह इस साल भी त्योहार पर बड़ी संख्या में नमाजी नमाज अदा करने पहुंचने लगे। अधिक संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग पहुंचे जिस पर मस्जिद में जगह नहीं बची और सभी मस्जिद के बाहर सड़क पर टेंट लगाकर नमाज अदा करने के लिए बैठने लगे। इससे पहले एडीएम नरेन्द्र सिंह, एएसपी अखिलेश सिंह, तहसीलदार अविनाश, नायब तहसीलदार पीयूष व लेखपाल अशोक व गंगाघाट कोतवाल रामफल प्रजापति भारी फोर्स के साथ नमाज स्थल पर पहुंच गए। उन्होंने कहा कि नमाज मस्जिद के अंदर ही पढ़ी जाएगी। मस्जिद के बाहर परिसर में लगे टेंट के नीचे नमाज नहीं होगी। इस बात से नमाजियों में नाराजगी देखी गई। लोग बाहर सड़क पर खड़े रहे अधिकारियों से मान मनौव्वल करते रहे लेकिन एडीएम ने कहा शासन का आदेश है कि नमाज मस्जिद के अंदर होगी। हम उसका पालन कराने आए हैं।



मस्जिद के बाहर नमाज न अदा कराने पर अधिकारियों से वार्ता करते लोग।

# महिला की संदिग्ध परिस्थिति में हुई मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मिलीं सिर पर चोटें, पुलिस जांच में जुटी

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली के उम्मीदों के शहर मोहल्ला निवासी महिला की हालत बिगड़ने पर पति ने उसे जिला अस्पताल लाया। यहां पहुंचने पर डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामला संदिग्ध देख अस्पताल के मेमो पर पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू की है। पीएम रिपोर्ट में महिला के सिर में चोटें मिली है। अभी मायके पक्ष से पुलिस को तहरीर नहीं मिली है। वहीं महिला की बेटी ने मां को हार्ट पेशेंट बताया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

शहर के मोहल्ला उम्मीदों के शहर निवासी सीमा (35) पत्नी भानू शर्मा की रविवार रात घर में संदिग्ध परिस्थिति में हालत बिगड़ गई। पति ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां इमजेंसी में मौजूद डाक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मामला संदिग्ध लगने पर अस्पताल के मेमो पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवाया। सोमवार को उसका पोस्टमार्टम हुआ। जिसमें उसके सिर में तीन चोटें मिली हैं। प्रथम दृष्टया घटना मारपीट की लग रही थी। महिला के मुंह से खून भी निकला है। रिपोर्ट में हेडइंजरी से मौत होने की बात सामने आई है। दिवंगत महिला की बड़ी बेटी अंजली (13) ने पुलिस को बताया कि उसकी मां हार्ट और ब्लडप्रेशर रोग से पीड़ित थी। उसी से मौत उनकी मौत हुई है। पास में ही कांशीराम कालोनी निवासी पिता महावीर ने बताया कि बेटी की शादी के 14 साल हो चुके हैं। दामाद बेटी के साथ मारपीट करता था। उसी से बेटी की मौत हुई है। एसएचओ प्रमोद मिश्र ने बताया कि मृतका के पिता ने बेटी से मारपीट का आरोप लगाया है।

# डाउन की मेन लाइन पर दो घंटे खड़ी रही मालगाड़ी

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर डाउन लाइन की मेन लाइन पर दो घंटे तक मालगाड़ी को सिग्नल नहीं मिला। जिस कारण वह स्टेशन पर खड़ी रही।

दोपहर लगभग 12:40 बजे कानपुर से चलकर मालगाड़ी गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर पहुंची। जिस पर उसे सिग्नल नहीं दिया गया और वह डाउन की मेन लाइन पर खड़ी हो गई। इस दौरान कानपुर से लखनऊ जाने वाली सभी ट्रेनों को लूप लाइन से गुजारा गया। इस बीच प्लेटफार्म चार से एक पर आने वाले यात्रियों को काफी दूर से होकर आना जाना पड़ा। दोपहर करीब ढाई बजे उसे सिग्नल दिया गया। जिसके बाद मालगाड़ी रवाना हो सकी।


स्टेशन के मेन लाइन पर खड़ी मालगाड़ी।

# पुलिस की मौजूदगी में दफनाया गया शव

**फॉलोअप**

संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव

- पुलिस से डर कर युवक ने रविवार को की थी खुदकुशी
- त्योहार के दिन युवक के घर पर पसरा रहा सन्नाटा

**अमृत विचार।** औरास थानाक्षेत्र में युवती के कहीं चले जाने की साजिश में शामिल आरोपी ने रविवार को थाने बुलाए जाने से डर कर फंदे से लटककर जान दे दी थी। रविवार रात गांव के बाहर कब्रिस्तान में पुलिस बल की मौजूदगी में उसका अंतिम संस्कार किया गया। पूरे दिन परिजनों की सिसकियां गूंजती रहीं। उधर पुलिस अभी युवती का पता नहीं लगा सकी है। बता दें कि औरास थानाक्षेत्र एक गांव निवासी 20 वर्षीय युवती अपने परिवार के साथ चंडीगढ़ से गांव लौटने के अगले दिन 12 जून को परिजनों को बिना बताए कहीं चली गई थी। परिजनों ने इसकी रिपोर्ट दर्ज कराते हुए थानाक्षेत्र के पुरथ्यावां गांव निवासी सलीम अहमद व उसके चचेरे भाई शाहरुख के भी साजिश में शामिल होने के शक जताया था। पुलिस सलीम व शाहरुख के घर गई उन्हे बयान के लिए बुलाया था।

### ...तो क्या रिपोर्ट में सलीम का नाम ही नहीं था?

औरास। युवती के कहीं चले जाने के मामले में पुलिस ने उसकी मां की तहरीर के आधार पर जो रिपोर्ट दर्ज की है उसमें 16 जून को दर्ज रिपोर्ट में मां ने सिर्फ हरदोई निवासी निमित को नामित किया था। उसमें सलीम व शाहरुख का जिक्र नहीं है। हालांकि कहा जा रहा था कि तीनों पर रिपोर्ट दर्ज है। लेकिन चर्चा है कि युवती ने सलीम से स्कैनर मांग कर रुपये मंगाए थे।

# पश्चिमी गंगाघाट में चोरों ने पार किया माल

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** मिश्रा कॉलोनी निवासी सलिल भट्ट ने गंगाघाट कोतवाली में तहरीर देते हुये बताया कि रविवार रात वह परिवार साथ सो रहे थे, तभी मध्य रात्रि पीछे के रास्ते से चोर घुसे और किचन का दरवाजा खोल कर अंदर रखी आलमारी का ताला तोड़ दिया। जहां चोरों ने 8700 रुपये, पायल, मंगलसूत्र, अंगूठी व फ्रिज के ऊपर चार्ज हो रहा महंगा मोबाइल समेत हजारों का माल पार कर दिया। पुलिस ने जांच पड़ताल कर चोरी के खुलासे का आश्वासन दिया है।

इसीतरह मिश्रा कॉलोनी गंगा विशुन घाट पर रहने वाले विष्णु कुमार तिवारी ने बताया कि देर रात एक चोर उनकी दुकान के पास पहुंचा। जहां चोर उनका मोबाइल चोरी कर भागने लगा। इस दौरान उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम गोताखोर निवासी रिजवान बताया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को हिरासत में लिया है। मिश्रा कॉलोनी निवासी पूतू मिश्रा ने बताया कि रविवार रात करीब नौ बजे सब्जी लेकर घर जा रहे थे, बदमाश ने रोककर मारपीट की। उनकी जेब में पड़ा मोबाइल और नकदी छीन ली।

# सोते मिले सफाई कर्मी, एडीओ से की शिकायत

**शुक्लागंज उन्नाव।** सिकंदरपुर कर्ण ब्लॉक के घोंघी ग्राम सभा के रौतापुर में साफ सफाई के लिये लगे कर्मी काम न करके छांव में सोते मिले। जिसकी शिकायत प्रधान ने एडीओ से की है।

रौतापुर मजरा में ग्रामीणों की शिकायत पर सफाई कर्मियों को नालियों की सफाई और सिल्ट हटाने के लिये ब्लॉक की ओर से लगाया गया था लेकिन सफाई कर्मी गांव में साफ सफाई न करके छांव में सो रहे हैं। घोंघी प्रधान विश्वनाथ लोधी मौके पर पहुंचे। सफाई कर्मियों को सोता देख एडीओ से शिकायत की।

# सर्वर नहीं आया, धूप में खड़े रहे कार्डधारक

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** शुक्लागंज की सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों में इस समय राशन वितरण चल रहा है, लेकिन अधिकांश दुकानों में अभी तक राशन सामग्री नहीं पहुंची है। वहीं कुछ दुकानों में राशन तो पूरा पहुंच गया है लेकिन ई पॉश मशीन में सर्वर न आने के कारण सुबह से लेकर दोपहर तक कार्डधारक लाइनों में खड़े रहते हैं।

पिछले एक सप्ताह से अधिकांश कार्डधारक राशन लेने के लिये दुकानों में पहुंच रहे हैं लेकिन सर्वर न आने के कारण वह घंटों लाइनों में खड़े रहते हैं। इसके बावजूद उन्हें राशन नहीं मिल पा रहा है। कोटेदारों ने बताया कि ई-वेइंग मशीन में सर्वर व अन्य तकनीकी दिक्कतें आने से राशन वितरण नहीं हो पा रहा है। सर्वर न आने के कारण मशीन अंगूठा नहीं ले रही है और न ही वजन माप रही है। कभी ब्लूटूथ से डिवाइस कनेक्ट नहीं होती है तो कभी ई पॉस मशीन से कनेक्ट नहीं हो पा रही है। जिस कारण वितरण नहीं हो पा रहा है। वहीं 9 जून से 25 जून के बीच राशन वितरण होना है। इसके बावजूद अभी तक आधी दुकानों में राशन नहीं पहुंचा है। जिस कारण उन दुकानों में कार्ड धारकों और कोटेदारों के बीच कई बार विवाद हो रहा है।


पॉश मशीन में सर्वर न आने पर लगी कार्डधारकों की भीड़। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### पूरी रात चला बिजली की आंखमिचौली का खेल

**शुक्लागंज उन्नाव।** रविवार को मिश्रा कॉलोनी जाने वाले भूमिगत एचटी लाइन दगने के कारण हजारों घरों की बिजली गुल रही। विभाग ने किसी तरह जुगाड़ कर क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति चालू की लेकिन पूरी रात ट्रिपिंग होने के कारण विद्युत आपूर्ति नहीं हो सकी। जिससे गर्मी में लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। वहीं अधिकांश लोगों की नींद तक नहीं पूरी हो सकी। रविवार शाम लगभग सात बजे पश्चिमी क्षेत्र मिश्रा कालोनी को जाने वाली भूमिगत एचटी केबल दग गई थी।

### संदिग्ध हालात में युवक की मौत

**उन्नाव।** आसीवन थानाक्षेत्र के महेंद्र गांव में एक युवक की अचानक हालत बिगड़ गई। कुछ देर में ही उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। युवक की मौत को लेकर जहरीला पदार्थ निगलने व गर्मी से मौत होने की चर्चा रही। आसीवन थानाक्षेत्र के महेंद्र गांव निवासी श्यामलाल (35) पुत्र लक्ष्मण गौतम मौत हुई है।

### मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने जिला बदर को पकड़ा

**शुक्लागंज उन्नाव।** कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान दरोगा कृष्णकांत हमराहियों के साथ मरहला चौराहे पर चेकिंग कर रहे थे, तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मिश्रा कालोनी निवासी शैलेन्द्र सिंह उर्फ सूरज पहाड़ी को पकड़ा। आरोपी के खिलाफ पूर्व में जिला प्रशासन के निर्देश पर जिला बदर की कार्रवाई की गई थी।

**मौसम की मार** — इंसानों के साथ पशुओं व जीव-जंतुओं को बेहाल कर रही जबर्दस्त गर्मी

# पारा पहुंचा 46 डिग्री पार, जानलेवा हुआ गर्मी का सितम

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** मानसून आने से पहले जारी जबर्दस्त गर्मी ने सभी को बेहाल कर रखा है। पूरे-पूरे दिन धूप और उमस सहने के बाद रात को भी गर्मी से निजात नहीं मिलती है। लोगों का कहना है कि लगातार पानी पीते रहने से खाना नहीं खाते बनता, जिससे शरीर कमजोरी महसूस करता जा रहा है।

सुबह दिन का उजियारे के साथ गर्मी का प्रकोप बढ़ना शुरू हो जाता है। इससे नौ बजते ही घरों के बाहर निकलना तो दूर धूप को देखना भी मुश्किल साबित होने लगता है। गर्म हवाओं से बचने के लिए आमतौर पर लोग दरवाजे-खिड़कियां बंद रखने को मजबूर रहते हैं। इंसानों के साथ गर्मी ने पशु-पक्षियों को भी परेशान कर रखा है। शहर के दुग्ध कारोबारियों के मुताबिक गाय-भैंसों ने मौसम से परेशान होकर दूध की मात्रा कम कर दी है। पशुओं को स्वस्थ्य बनाए रखने के लिए दोपहर के बजाए शाम चार बजे चराने के नाम पर घुमाने ले जाना पड़ रहा है। इसके बावजूद वह पहले की अपेक्षा कम चारा इस्तेमाल कर रहे हैं। नांद में की जाने वाली सानी बाकी बची रह जाती है।

सफीपुर संवाददाता के अनुसार, इधर गर्मी पुराने सभी रिकार्ड ध्वस्त करती जा रही है। हालांकि तहसील क्षेत्र में आम बागान की बहुतायत है। इसके बाद भी कहीं-कहीं सोमवार को पारा 46 पार बताता रहा। पूरे दिन आसमान से आग उगलती रहती है, जिससे इंसान के साथ सभी जीव-जंतु छाया तलाशते घूमते हैं। दोपहर के समय लू के थपेड़े दिन शरीर में जलन और खुजली पैदा करने लगते हैं, राहत पाने के लिए असमय नहाने को मजबूर होना पड़ता है। गर्मी के बीच जारी बिजली कटौती नासूर बनी है।


गर्मी से राहत पाने के लिए दोपहर में नल में नहाता राहगीर। अमृत विचार

### लू लगने से युवक की मौत

**शुक्लागंज।** बिंदा नगर निवासी खुमान सविता सोमवार दोपहर गर्मी लगने से अचानक तबियत बिगड़ गई। इस पर उसका भाई राजू सबिता उसे इलाज के लिए ले जा रहा था, तभी उसकी मौत हो गई। भाई ने बताया कि अचानक गर्मी लगने के कारण उसकी तबियत खराब हुई थी।

### गश खाकर गिरा युवक, चली गई जान

**बांगरमऊ।** क्षेत्र के उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित तिकोनिया पार्क के पास एक युवक अचानक गश खाकर सड़क पर गिर गया। उसके मुंह से खून बहने लगा। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस सरकारी अस्पताल लाई। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल कर्मियों ने उसकी शिनाख्त कराने की कोशिश की। लेकिन, इसमें कामयाबी नहीं मिल सकी। वह क्रीम शर्ट व आसमानी लोवर पहने है। उसके गले में एक तौलिया पड़ी है। पुलिस जांच के बाद उसकी शिनाख्त के प्रयास में जुटी रही लेकिन खबर लिखे जाने तक उसकी शिनाख्त नहीं हुई थी।

### अधिक से अधिक लें पेय पदार्थः डॉ. ब्रजेश सिंह

- सीएचसी में तैनात फिजिशियन डा. बृजेश सिंह स्वीकार करते हैं कि लू व धूप जानलेवा साबित हो सकती है। इसलिए सभी को थोड़ी-थोड़ी देर में पानी सहित अन्य शीतल पेय का प्रयोग करते रहना चाहिए। इस मौसम में नीबू का शर्बत लेना सबसे मुफीद रहता है। इसके अलावा कच्चे आम का पुदीना युक्त पना भी सेहत को दुरस्त रखता है। घर पर बने पर पदार्थ जैसे लस्सी, नींबू पानी, छाछ, आम का पाना आदि का अधिक प्रयोग करें। घर से बाहर निकलते समय सिर ढकते हुए आंखों पर धूप से बचाव के लिए चश्मे का इस्तेमाल भी करना चाहिए। उन्होंने बताया कि कमजोरी, सिर दर्द, थकान व चक्कर आना महसूस होने पर परामर्श लेना चाहिए।

# लू के थपेड़ों से लोग होते रहे बेहाल

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- प्रमुख मार्गों और चौराहों पर पसरा रहा सन्नाटा
- सुबह 10 बजे से ही तेज धूप के तीखे दिखे तेवर

**अमृत विचार।** जून माह माह में पड़ रही भीषण गर्मी जहां एक ओर सारे रिकार्ड तोड़ती जा रही है। वहीं सोमवार को दोपहर पारा 46 डिग्री पार होने के कारण नगर के प्रमुख मार्गों और चौराहों पर सन्नाटा देखने को मिले। वहीं जरूरी काम को आने जाने वाले लोग मुंह को पूरी तरह से ढक कर निकले। इसके बावजूद लू के थपेड़ों से परेशान हो गये। वहीं दोपहिया वाहन सवार रेंगते हुये आने जाने को मजबूर हुये।

सुबह 10 बजे से ही तेज धूप होने के कारण राहगीरों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। बारह बजते ही सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। आवश्यक कार्य से जाने वाले लोग भी गमछे, तौलिया से सिर को पूरा ढके हुए गन्तव्य की रवाना हुए। दोपहर दो बजे तक राजधानी मार्ग पर वाहनों की आवाजाही भी नगण्य रही। तेज धूप के कारण पशु पक्षी भी बेहाल दिखाई दिए। वहीं फोरलेन से जरूरी काम को आने जाने वाली महिला और युवती दुपट्टे, स्टॉल से पूरा मुंह ढक कर निकली।

इसके साथ ही छोटे बच्चों के साथ निकले उनके माता पिता भी बच्चों को छाता लगाकर धूप से बचाव करते रहे। पारा 46 डिग्री तक पहुंचने के कारण शाम के समय भी लू के थपेड़ों का एहसास होता रहा। लोगों के मुताबिक यदि यही हाल रहा तो जून माह में इस बार पारा पिछले कई रिकार्ड तोड़ सकता है। भीषण गर्मी से आमजनमानस पूरी तरह बेहाल है।


दोपहर के समय मरहला चौराहे इस तरह पसरा रहा सन्नाटा। अमृत विचार

## एक नजर

### कंचनजंगा एक्सप्रेस दुर्घटना पर योगी ने व्यक्त कीं संवेदनाएं

**लखनऊ :** पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले में हुई ट्रेन दुर्घटना पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। योगी ने सोमवार को अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर पोस्ट करते हुए घटना को दु:खद और हृदयविदारक बताया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिवारों के साथ हैं।

### यौन शोषण और मारपीट से आहत युवक ने की आत्महत्या, तीन गिरफ्तार

**गोरखपुर :** गोरखपुर में कथित तौर पर यौन शोषण व मारपीट से आहत 23 वर्षीय एक युवक ने आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मामले में एक अन्य आरोपी फरार है। उन्होंने बताया कि महराजगंज के रहने वाले युवक को चिलुवाताल थाना क्षेत्र स्थित एक होटल में चार व्यक्तियों ने बंधक बनाया और उसका यौन शोषण किया। उसके साथ मारपीट भी की गई। साथ ही इस घटना का वीडियो बनाकर आरोपियों ने युवक से रुपये मांगे और वीडियो वायरल करने की धमकी दी, जिससे आहत होकर युवक ने शुक्रवार की देर रात आत्महत्या कर ली।

### निधौलीकलां थाने में युवक की मौत, थाना प्रभारी और सिपाही निलंबित

**एटा :** मारपीट के मामले में पकड़कर थाने लाए गए तीन लोगों में से एक की भूख प्यास के चलते हालत बिगड़ने से मौत हो गई। एसएसपी ने थानाध्यक्ष और आरक्षी लिपिक को निलंबित कर दिया है। क्षेत्र के गांव दलशाहपुर निवासी देवेन्द्र (34) पुत्र मुन्नालाल सैनी सिलाई और बैण्ड-बाजे का काम करता है। गांव का मुहम्मद हुसैन (22) पुत्र इस्लाम भी उसके साथ बैण्ड बाजे का काम करता है। देवेन्द्र की दुकान पर राकेश पुत्र रनवीर सिंह सिलाई करता था। देवेन्द्र के मुहम्मद पर पांच हजार उधार थे। रविवार की रात दोनों में रुपयों को लेकर विवाद हो गया तो मुहम्मद हुसैन ने देवेन्द्र के मुंह और नाक में घूंसा मारकर चोटिल कर दिया।

# राष्ट्र प्रेरणा स्थल के निर्माण को गति देगी सरकार

## परियोजना को पूरा करने की प्रक्रिया हुई शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गोमती किनारे मास्टर प्लान जमीन पर उतारा जाएगा
- एलडीए को वित्तीय स्वीकृति के साथ मिला निर्माण कार्य कराने का निर्देश

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल के निर्माण व विकास कार्यों को गति देने पर विशेष जोर दे रही है। लखनऊ के बसंत कुंज योजना सेक्टर-जे में गोमती नदी किनारे मास्टर प्लान ग्रीन में राष्ट्र प्रेरणा स्थल परियोजना को जमीन पर उतारा जा रहा है। यहां म्यूजियम समेत विभिन्न निर्माण कार्यों को पूरा किया जा रहा है।

सभी कार्यों को पूरा करने की जिम्मेदारी लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) को दी गई है और यहां पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन से जुड़े तमाम पहलुओं को प्रदर्शित किया जाएगा। इस क्रम में, 3 प्रतिमाओं की स्थापना के लिए 21.07 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई है।

राष्ट्र प्रेरणा स्थल के निर्माण व विकास कार्यों को पूरा करने की कुल अनुमानित लागत 138 करोड़ रुपये आंकी गई है। इसमें से टोकन के रूप में 1 करोड़, प्रथम किस्त के तौर पर 28.47 करोड़ और दूसरी किस्त के तौर पर 21.52 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की जा चुकी है। इस प्रकार, कुल 138 करोड़ की धनराशि में से 72.7 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की जा चुकी है। फिलहाल, वित्तीय व प्रशासकीय स्वीकृतियों के जरिए परियोजना के अंतर्गत जारी कार्यों को तेजी प्रदान करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### मेजा ऊर्जा निगम 228 एकड़ के जलाशय में लगाएगा सौर ऊर्जा संयंत्र

**प्रयागराज :** एनटीपीसी लिमिटेड और उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम के संयुक्त उद्यम मेजा ऊर्जा निगम अपनी टाउनशिप में रहने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों की बिजली की जरूरत पूरी करने के लिए संयंत्र परिसर में स्थित 228 एकड़ के जलाशय में तैरता (फ्लोटिंग) सौर ऊर्जा संयंत्र लगाएगा।

मेजा ऊर्जा निगम में मुख्य कार्यकारी अधिकारी कमलेश सोनी ने बताया कि इस जलाशय में अगले दो से तीन वर्षों में 25-30 मेगावाट की तैरती सोलर परियोजना स्थापित की जाएगी और यहां से उत्पादित बिजली की आपूर्ति टाउनशिप को की जाएगी। उन्होंने बताया कि जलाशय में परियोजना के स्थापित होने से हमें भूमि अधिग्रहण की जरूरत नहीं पड़ेगी और जलाशय के जल के वाष्पीकरण में भी कमी आएगी। कंपनी इस जलाशय के पानी का उपयोग ताप बिजली परियोजना में करती है।

# हर्षोल्लास के साथ मनायी गई बकरीद एक-दूसरे से गले मिल कर दी बधाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** ईद-उल-अजहा का त्योहार सोमवार को प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राजधानी लखनऊ की ऐशबाग ईदगाह, बड़ा इमामबाड़ा और टीले वाली मस्जिद सहित कई इबादतगाहों पर बकरीद की नमाज अदा की गई। इस दौरान प्रदेशभर की अन्य तमाम मस्जिदों और ईदगाहों में भी नमाज अदा की गई।

नमाज के बाद नमाजियों ने एक-दूसरे को गले मिलकर बकरीद की बधाई दी और देश की खुशहाली के लिए दुआ की। प्रदेश में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। संवेदनशील इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात किया गया, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। लखनऊ तहसीनगंज स्थित शिया जामा मस्जिद में नमाज अदा कराने के बाद शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने देशवासियों को ईद-उल-अजहा की बधाई दी और देश में अमन चैन के लिए दुआ की।

पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा, अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी, सपा नेता रविदास मेहरोत्रा ने ईदगाह पहुंच कर ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद दी। वहीं, शिया समुदाय ने आसिफी मस्जिद में नमाज अदा की।

ऐशबाग ईदगाह, आसिफी मस्जिद और टीले वाली मस्जिद में सबसे बड़ी जमात में नमाज अदा की गई। ऐशबाग ईदगाह में मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने ईद-उल-अजहा की नमाज अदा कराई।

#### राज्यपाल, मुख्यमंत्री ने दी बधाई

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को ईद-उल-अजहा की शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में दोनों ने कहा कि ईद-उल-अजहा का त्योहार सभी को मिलजुल कर रहने और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने की प्रेरणा प्रदान करता है।

#### सड़कों पर नहीं पढ़ी गई नमाज

**लखनऊ :** ईद-उल-अज़हा (बकरीद) के मौके पर प्रदेश ने एक बार फिर देशभर में मिसाल पेश की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर इस बार भी प्रदेश में कहीं भी यातायात बाधित कर सड़कों पर ईद की नमाज़ नहीं अदा की गई। मुस्लिम धर्मगुरुओं ने भी योगी की अपील का समर्थन किया था, नतीजतन, ईद की नमाज़ ईदगाह अथवा अन्य तयशुदा पारंपरिक स्थान पर ही हुई। कई क्षेत्रों में जहां मस्जिद और ईदगाह में जगह कम थी, वहां तो अलग-अलग शिफ्ट में लोगों ने नमाज़ पढ़ी।

### फाइनेंसर को पेड़ से बांध कर पीटने के मामले में चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर

**मुरादाबाद :** ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी सुरजन नगर के इंचार्ज रविंद्र सिंह भाटी को लाइन हाजिर कर दिया गया है। यह कार्रवाई फाइनेंसर को पेड़ से बांधकर पीटने के मामले में लापरवाही बरतने पर हुई है।

शनिवार को ठाकुरद्वारा तहसील में आयोजित समाधान दिवस में मामला एसएसपी के सामने आने पर थाना व चौकी पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने उसी दिन मुख्य आरोपी शेरपुर पट्टी निवासी परवेंद्र यादव उर्फ काली डॉन पुत्र जगदीश यादव को गिरफ्तार कर लिया। जबकि, दूसरा आरोपी डिलारी थाने के गांव गुलड़िया निवासी सचिन यादव अभी तक फरार है। सचिन ने ही बीमारी का बहना बनाकर 5 हजार रुपये उधार लिए थे। पुलिस टीम सचिन को पकड़ने के लिए संबंधित स्थलों पर दबिश दे रही है।

# भाजपा 21 को मंडल स्तर पर मनाएगी योग दिवस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को भाजपा की ओर से मंडल स्तर पर मनाया जाएगा। 22 जून को लखनऊ महानगर कार्यकर्ताओं का अभिनंदन समारोह सिटी मोंटेसरी स्कूल गोमती नगर विस्तार में आयोजित किया जाएगा, जिसमें लोकसभा चुनाव में लगे बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा।

लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की अध्यक्षता में सोमवार को लखनऊ महानगर कैसरबाग पार्टी कार्यालय पर आगामी कार्यक्रमों का लेकर महानगर पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष और मोर्चों के अध्यक्षों की बैठक आयोजित की गई। तय की गई योजना के अनुसार, 23 जून को डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी निर्वाण दिवस को बूथ स्तर पर श्रद्धांजलि, वृक्षारोपण और अन्य कार्यक्रमों के साथ मनाया जाएगा।



कैसरबाग स्थित पार्टी कार्यालय पर आगामी कार्यक्रमों को लेकर बैठक के दौरान महानगर पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष व मोर्चों के अध्यक्ष।

- 22 को लखनऊ महानगर कार्यकर्ताओं का होगा अभिनंदन

मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि महामंत्री पुष्कर शुक्ला, रामावतार कनौजिया, उपाध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, टिंकू सोनकर, सौरभ वाल्मीकि राकेश सिंह, विवेक सिंह तोमर, अभिषेक खरे को अलग-अलग कार्यक्रम अभियानों की जिम्मेदारी सौंपी गई।

### बरसाना व वृंदावन में रोपवे से सुगम होगी पर्यटकों की यात्रा

**मथुरा :** घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों की यात्रा सुगम बनाने के लिए उत्तर प्रदेश बृज तीर्थ विकास परिषद ने बरसाना और वृंदावन में दो अनूठी रोपवे परियोजनाएं शुरू की हैं। बृज तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एसबी सिंह ने बताया कि बरसाना रोपवे का प्रायोगिक परीक्षण 18 जून को किया जाएगा।

यह रोपवे पर्यटकों को न केवल रोमांचक अनुभव उपलब्ध कराएगा, बल्कि ट्रैफिक जाम की समस्या से भी उन्हें निजात दिलाएगा। उन्होंने कहा, बरसाना में लाडली मंदिर आने वाले पर्यटकों को इस मंदिर तक पहुंचने के लिए 180 से अधिक जर्जर और खतरनाक सीढ़ियों से गुजरना पड़ता है। हालांकि, रोपवे सुविधा शुरू होने से अब खासकर बुजुर्गों को लाडली मंदिर आने का अवसर मिलेगा।

# परीक्षा में धांधली से युवा और अभिभावक का टूटता है मनोबल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि परीक्षा व्यवस्था में धांधली एक मानसिक त्रासदी है जिससे न केवल परीक्षा देने वाले युवा बल्कि उनके माता-पिता भी ग्रसित हो रहे हैं। सपा प्रमुख के अनुसार, प्रश्न पत्र लीक होना, सेंटर से लेकर सॉल्वर तक धांधली, परीक्षा एजेंसी का शक़ के घेरे में आना, रिज़ल्ट में ग्रेस मॉर्क्स की हेराफेरी, एक ही सेंटर से कई प्रतिभागियों का चयन होना और 100 प्रतिशत सफलता पाना केवल परीक्षा प्रबंधन की समस्या नहीं बल्कि घपला-घोटाला है।

अखिलेश ने सोमवार को जारी एक बयान में सवाल उठाया कि, इस बात की गारंटी कौन लेगा कि अगली बार परीक्षा में ऐसा घपला-घोटाला नहीं होगा। जब सरकार वही है और उसकी व्यवस्था भी वही है तो ये सब धांधलियां कहीं फिर से सरकार संरक्षित परीक्षा माफ़िया के लिए पैसा कमाने का ज़रिया न बन जाएं। उन्होंने कहा कि युवाओं को संभालना माता-पिता के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती होता है। ऐसी घटनाओं से हताश-निराश होकर, जब माता-पिता ख़ुद व्यवस्था पर भरोसा खो देते हैं और उन्हें अपने बच्चों का भविष्य अंधकारमय दिखने लगता है तो भला वो क्या अपने बच्चों का सहारा बनेंगे।

## धर्म दर्शन

# सृजनकर्ता की आत्माभिव्यक्ति है सृष्टि


ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

पद्य को भी जब गान विद्या से जोड़ा गया तो भावना का प्रवाह अधिक पूर्णता से खुला। इस प्रकार जब वेद के पद्यबद्ध मंत्रों को गान विद्या से अनुपूरित किया गया तो सामवेद बन गया। मानवीय क्षमता के अंतर्गत ज्ञान और भावना का सर्वोत्कृष्ट संयोग होने से इसे सर्वश्रेष्ठ प्रयोग कहना सर्वथा सार्थक है।

सृष्टि सृजनकर्ता की आत्माभिव्यक्ति ही तो है। परमात्मा द्वारा रची गई सृष्टि भी भावमय ही है। मन की कल्पनाओं, बुद्धि के विचारों और कर्म की हलचलों के ताने-बाने भावनाओं के आधार पर ही बनते-बदलते रहते हैं। जिस तरह की भाव तरंगें हम विश्व चेतना में छोड़ते हैं, उसी के अनुरूप भाव तरंगे किसी न किसी माध्यम से हम तक वापस पहुंचती रहती हैं। इस प्रकार के मनोवैज्ञानिक प्रयोग लॉरेंस डी वैलेस सहित अनेक विद्वानों द्वारा किए जा चुके हैं। भावों को उभारने और संप्रेषित करने में गायन का महत्व हमेशा से रहा है और आज भी है।

वेद ने भी इसीलिए उसका उपयोग विशेषज्ञता के साथ किया है। अभिव्यक्ति के तीन माध्यमों गद्य, पद्य और गायन में गायन को भाव-विद्या में सबसे अग्रणी देखकर उसे विशेष महत्व दिया गया। यजुर्वेद में जो पदबद्ध मंत्र ऋग्वेद व अथर्ववेद से लिए गए हैं, वे पद्य के समान नहीं बोले जाते, बल्कि गद्य के समान बोले जाते हैं। वे ही मंत्र यजुर्वेद के अलावा अन्य तीन वेदों में पद्य के रूप में बोले जाते हैं। सामवेद में पद्य के साथ गायन संबद्ध है। गायन से पीड़ित हृदय को शांति और संतोष मिलता है। इससे मनुष्य की सृजन शक्ति का विकास और आत्मिक प्रफुल्लता बढ़ती है। गायन की अमूल्य निधि देकर परमात्मा ने मनुष्य की पीड़ा को कम किया है, मानवीय गुणों में प्रेम और प्रसन्नता को बढ़ाया है।

संगीत के दृश्य-अदृश्य प्रभावों के अनुसंधान में रत ऋषियों को ऐसी चमत्कारी सिद्धियां और अध्यात्म का इतना विशाल क्षेत्र उपलब्ध हुआ जिसका वर्णन करने के लिए एक पृथक वेद सामवेद की रचना करनी पड़ी। सामवेद में भगवान की संगीत शक्ति के ऐसे रहस्य प्रतिपादित और पिरोए हुए हैं जिनका अवगाहन कर मनुष्य अपनी आत्मिक शक्तियों को तुच्छ से महान, सूक्ष्म से विराट बना सकता है- विश्वात्मा से मिल सकता है। संगीत आत्मा की उन्नति का सबसे अच्छा साधन है।

इसलिए हमेशा वाद्य-यंत्र के साथ गायन किया जाता है। गायन में शरीर, मन व आत्मा तीनों को बलवान बनाने वाले तत्व पूर्ण मात्रा मे विद्यमान हैं। यही कारण है कि ऋषियों ने सामवेद में विशिष्ट मंत्रों का संकलन कर गायन की पद्धति विकसित की। आधुनिक विद्वान भी इस तथ्य को स्वीकार करने लगे हैं कि समस्त स्वर, ताल, लय, छंद, गति, मंत्र, स्वर-चिकित्सा, राग, नृत्य, मुद्रा भाव आदि सामवेद से ही निकले हैं। वैदिक काल में इस विज्ञान के ज्ञाता ऋषियों ने मंत्र गायन, भाव मुद्राओं और रसानुभूति के आधार पर अपने अंतराल में दबी हुई शक्तियों को जगाया और संपर्क में आने वाले प्राणिमात्र की व्यथा वेदना का भी हरण किया।

# विष्णु की मानस पुत्री सरयू


डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

एक कथा के अनुसार वैवस्वत मनु ने बाण प्रहार कर जल धारा का मार्ग प्रशस्त किया था। इस कथानक में सरयू की उत्पत्ति का श्रेय पराक्रमी वैवस्वत महाराज को दिया गया है, जैसे पतित पावनी गंगा को धरती पर लाने का श्रेय, इसी वंश के महाराज भगीरथ को दिया जाता है। अन्यत्र भगवान श्रीहरि विष्णु की मानस पुत्री सरयू को मानसरोवर से लाने का श्रेय ब्रह्मर्षि वसिष्ठ जी को दिया गया है।

यह कम आश्चर्यजनक नहीं है कि भगवान विष्णु की मानस पुत्री तथा श्रीहरि विष्णु के दशावतारों (मत्स्य, कूर्म, वराह, नृसिंह, वामन, परशुराम, राम, कृष्ण, बुद्ध, और कल्कि) में सातवें श्रीराम की मोक्षदायिनी 'रामप्रिया' सरयू के पवित्र जल को मंदिरों मे क्यों नहीं चढ़ाया जाता है? वर्तमान शासन का यह निर्णय सराहनीय है कि अयोध्या के श्रीरामलला के मंदिर में भक्त जन एक साथ श्रीहरि के दशावतारों की छवि का भी दर्शन कर सकेंगे। पौराणिक अनुश्रुति के अनुसार मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की सरयू में जलसमाधि से घोर अप्रसन्न, आशुतोष भगवान शिव शंकर ने सरयू को शाप दिया था कि उसका जल किसी भी मंदिर में नहीं चढ़ाया जाएगा एवं न हीं किसी मांगलिक कार्य में ही प्रयुक्त किया जाएगा। सरयू के द्वारा प्रभु राम की इच्छा के विपरीत, उनको अपने भीतर जल समाधि को रोकने की असमर्थता व्यक्त करने पर आशुतोष (शीघ्र ही संतुष्ट हो जाने वाले) भगवान शिव ने अपने शाप की पूर्ण समाप्ति के स्थान पर उसे संशोधित कर दिया। तद्नुसार सरयूमाता की बार-बार विनती से प्रसन्न भगवान शिव ने अपने शाप की पूर्ण समाप्ति के स्थान पर यह संशोधन कर दिया कि, तुम्हारे जल का उपयोग पूजन सहित मांगलिक कार्यों में भले ही न किया जाए, लेकिन तुम्हारे पवित्र जल में स्नान पर लोगों के सभी पाप समूल नष्ट हो जाएंगे।

कुछ मनीषियों का मानना है कि चूंकि सरयू पार वाम भाग में महाराज दशरथ द्वारा भ्रमवश, अपने अंधे माता-पिता के अनन्य भक्त वैश्यवंशीय श्रवण कुमार की हत्या हो गई थी और पुत्र हीन अंधे माता-पिता के शाप से राजा दशरथ को भी पुत्र वियोग में मरना पड़ा था। इस कांड मे कल-कल निनादिनी सरयू के शोर से उत्पन्न भ्रम के कारण पानी भरते घड़े की ध्वनि को हिंसक पशु के भ्रम में निर्दोष श्रवण कुमार की हत्या हो गई थी। ऐसी स्थिति में सरयू की पवित्रता सिद्ध करने के उद्देश्य से भी अपने भाइयों सहित सरयू में जल-समाधि ली थी।

## वर्ग पहेली-104

**बाएं से दाएं**

1. 1. ईरान देश की भाषा 2. भारोपीय परिवार की एक भाषा जिसकी लिपि अरबी से मिलती-जुलती है।

3. (इस्लाम धर्म) शैतान या दुष्ट आत्माओं को भगाने के लिए प्रयोग किया जाने वाला एक शब्द

5. 1. विजय, जीत 2. कामयाबी, सफलता 3. चुनाव

8. ढोल अथवा नगाड़े की आवाज़।

9. 1. किसी कार्य विशेष के लिए अलग किया हुआ 2. विशिष्ट; ख़ास 3. प्रमुख, प्रधान।


**ऊपर से नीचे**

2. 1. वह जो घोड़े पर मुख्य सवार के पीछे बैठता है 2. ग़ज़लों आदि में प्रत्येक काफ़िए के बाद आने वाला शब्द 3. पीछे की ओर रहने वाली सेना।

4. 1. कोलाहल, बावेला, कोहराम 2. बहुत सारे लोगों द्वारा एक साथ किया जाने वाला रुदन, रोना-पीटना, विलाप, मातम 3. किसी विपत्ति के समय होने वाली भागदौड़, हलचल।

6. 1. जो मूढ़ या मूर्ख हो 2. नासमझ 3. मूढ़बुद्धि, अज्ञानी।

7. 1. घोड़े के नियंत्रण के लिए उसके मुंह में लगाई जाने वाली वह पट्टी जिसके दोनों ओर रस्से या चमड़े के तस्मे बंधे रहते हैं, रास, बाग 2. बागडोर, कमान 3. अंकुश, बहिला



### वर्ग पहेली -103 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 फू | ■ | ■ | 2 मं | च | ■ |
| 3 मू | ल | भू | 4 त | ■ | ■ | 5 आँ |
| ■ | बा | ■ | ह | ■ | 6 सी | ख |
| ■ | ग | ■ | री | ■ | ■ | मि |
| 7 ली | ■ | 8 क | री | ना | ■ | चौ |
| 9 ड | का | र | ■ | ■ | ■ | ली |
| र | ■ | 10 वा | म | पं | थी | ■ |

## सुडोकू -17

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | 9 | | |
| | 8 | | | | 6 | | | |
| 1 | | 9 | | | 2 | | | 4 |
| | 7 | | 8 | 5 | | | 4 | 9 |
| 5 | | 3 | | | | 2 | | 8 |
| 6 | 9 | | | 4 | 1 | | 3 | |
| 4 | | | 9 | | | 8 | | 1 |
| | | | 3 | | | | 6 | |
| | | 5 | | 7 | | | | 2 |

### सुडोकू - 16 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 3 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 2 |
| 7 | 6 | 2 | 1 | 9 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 8 | 4 | 9 | 6 | 5 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 3 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 | 2 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 4 | 5 | 3 | 1 | 9 | 6 | 7 |
| 5 | 9 | 6 | 4 | 2 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 6 | 3 | 5 | 8 | 1 | 4 | 7 | 2 | 9 |
| 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 | 4 | 3 | 8 |
| 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 जून मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी-06.24 तक तत्पश्चात द्वादशी।

**मेष** — आज का दिन आपके लिए काफी अच्छा रहेगा। जॉब में उन्नति होगी। वैवाहिक जीवन सुख से भरपूर होगा। आपकी वाणी से लोग प्रभावित रहेंगे। शेयर मार्केट के माध्यम से आप धन लाभ ले सकते हैं। परिवार का माहौल काफी अच्छा रहेगा।

**वृष** — आज आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यावसायिक मामलों में आपको उत्तम सफलता मिल सकती है। उच्चाधिकारी आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। कानूनी मामलों का निराकरण होने के योग बन रहे हैं। आज आप उधार वापस लौटा पाने की स्थिति में रहेंगे।

**मिथुन** — आज आपको मित्रों से अपेक्षित सहयोग प्राप्त होगा। उच्च शिक्षा के लिए विदेशी शिक्षण संस्थानों में प्रवेश ले सकते हैं। प्रतिद्वन्दी आपको परेशान करने का प्रयास करेंगे। सन्तान की गतिविधियों पर नजर रखें। गूढ़ विषयों के अध्ययन में रुचि लेंगे।

**कर्क** — आज परिवार में कोई मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है। कार्यक्षेत्र में काम का दबाव बढ़ेगा। आपके ऊपर अच्छे प्रदर्शन का दबाव हो सकता है। धैर्यवान होकर कार्य करें। माता की सेहत का ध्यान रखें। कारोबार में धन की कमी को लेकर समस्या हो सकती है।

**सिंह** — आज कानूनी मामलों में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। आपकी कार्यशैली में व्यापक बदलाव देखने को मिलेगा। कार्यक्षेत्र में मैनेजमेन्ट से जुड़ी परेशानियों का निवारण होगा। नई संपत्ति में निवेश कर सकते हैं। आपके प्रति सम्मान भाव बढ़ेगा।

**कन्या** — आज अधिकारियों के साथ बहसबाजी से दूर रहें। कुछ लोग आपके स्वाभिमान को चोट पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं। यात्रा के दौरान आपको असुविधाओं का सामना करना पड़ेगा। सरकारी कार्यों को लेकर ज्यादा आशावादी न रहें।

**तुला** — आज का दिन आपके लिए विशेष शुभ रहेगा। परिस्थितियां आपके लिए अनुकूल रहेंगी। नई जॉब के ऑफर मिलने के योग बन रहे हैं। आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। रुका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। गुप्त शत्रुओं को लेकर सावधान रहें।

**वृश्चिक** — आज आपको प्रतिज्ञा अथवा वचन देने से बचना चाहिए। प्रेमी जन के साथ रिश्ते प्रभावित हो सकते हैं। व्यवसाय में अनुबंध को लेकर सावधानी रखें। पुराना रोग वापस लौट कर आ सकता है। शुगर के रोगियों को अपनी सेहत का ध्यान रखना चाहिए।


**धनु** — आज कानूनी मामलों में सफलता मिलने की संभावना है। जॉब में प्रमोशन मिलने के योग बन रहे हैं। उच्च अधिकारी आपके काम की प्रशन्सा करेंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर धन खर्च होगा। पेट में गैस की शिकायत हो सकती है। खानपान में शुद्धता का ध्यान रखें।

**मकर** — आज जीवनसाथी के साथ आप काफी अच्छा समय बितायेंगे। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। अपनी उन्नति से आप काफी सन्तुष्ट रहेंगे। संतान आपके प्रति आज्ञाकारी रहेगी। अध्यापन क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान मिलेगा।

**कुंभ** — आज सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। अधिकारी वर्ग के लोगों से साथ संबंध मधुर होंगे। कई दिनों से रुके हुए कार्यों में आपको सफलता मिल सकती है। मूल्यवान वस्तुओं को संभालकर रखें। घर के बुजुर्ग सदस्यों के साथ आपकी चर्चा होगी।

**मीन** — आज आपको कुछ लोग धोखा देने की कोशिश कर सकते हैं। आर्थिक मामलों को लेकर एकतरफा विश्वास किसी पर न करें। सरकारी नियमों का कड़ाई पूर्वक पालन करें। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों का मन पढ़ाई से भटक सकता है।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-स्वाती 15.56 तक तत्पश्चात विशाखा।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- संसार — सुबह : 08.40
- ऊंचाई — रात : 09.12

&pictures
- ग्रेट ग्रैंड मस्ती — सुबह : 11.10
- फैमिली एक डील — रात : 08.00

Sony Pix
- वंडर वुमन — सुबह : 11.02
- पैनिक रूम — रात : 07.04

Zee Cinema
- सूर्यवंशी — सुबह : 11.58
- गदर 2 — रात : 08.00

Colors Cineplex
- कसम — सुबह : 09.13
- राकी और रानी की प्रेम कहानी — शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- तुमने कभी मुझे सोना, हीरा, मोती गिफ्ट नहीं दिया
पति ने एक मुट्ठी मिट्टी उठाकर हाथ में दे दी।
पत्नी- यह क्या है?
पति- मेरे देश की धरती सोना उगले... उगले हीरे मोती... मेरे देश की धरती।
पत्नी गुस्से से पति को घूरने लगी।

रमेश- तुम्हें मेरे अंदर सबसे अच्छी बात क्या लगती है?
पिंकी- लोग समय के साथ बदल जाते हैं लेकिन तुम नहीं बदले,
रमेश- वह कैसे?
लड़की- जब मैं तुमसे मिली थी तब भी बेरोजगार थे और आज भी बेरोजगार हो।

# पन्नू की हत्या की साजिश का आरोपी भारतीय नागरिक अमेरिका प्रत्यर्पित

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में एक सिख अलगाववादी की सुपारी देकर हत्या कराने की साजिश में शामिल होने के आरोपी भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को चेक गणराज्य से प्रत्यर्पित कर दिया गया। रविवार को खबरों में यह बात सामने आई। गुप्ता (52) को सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश में शामिल होने के आरोपों में अमेरिका की सरकार के अनुरोध पर पिछले साल चेक गणराज्य में गिरफ्तार किया गया था।

द वाशिंगटन पोस्ट ने सबसे पहले गुप्ता के प्रत्यर्पण की खबर जारी की। वह फिलहाल ब्रूकलिन में संघीय मेट्रोपॉलिटन हिरासत केंद्र में बंद है और वहां उसे बंदी के तौर पर रखा गया है। अखबार की खबर के अनुसार, गुप्ता, जिसे चेक गणराज्य में हिरासत में लिया गया था, को सप्तातांत में न्यूयॉर्क लाया गया। मामले के जानकार लोगों ने नाम जाहिर नहीं होने के अनुरोध पर यह जानकारी दी है। संघीय अभियोजकों का आरोप है कि गुप्ता ने पन्नू की हत्या के लिए एक व्यक्ति को सुपारी दी थी और 15,000 डॉलर अग्रिम राशि का भुगतान किया था। उनका आरोप है कि भारत सरकार का एक अधिकारी इसमें शामिल था।

### द्विपक्षीय रक्षा संबंधों और क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति पर चर्चा

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने सोमवार को अपने अमेरिकी समकक्ष जेक सुलिवन के साथ विस्तृत चर्चा की और इस दौरान उन्होंने मुख्य रूप से महत्वाकांक्षी महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों पर भारत-अमेरिका पहल (आईसीईटी) के क्रियान्वयन, द्विपक्षीय रक्षा संबंधों और क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति पर ध्यान केंद्रित किया। सुलिवन 17 से 18 जून तक दिल्ली की यात्रा पर हैं। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) सुलिवन के साथ एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आया है जिसमें अमेरिका के वरिष्ठ सरकारी अधिकारी और उद्योग जगत के दिग्गज शामिल हैं। ऐसी जानकारी मिली है कि दोनों देशों के एनएसए ने प्रस्तावित भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) पर भी विचार-विमर्श किया।

# पुतिन उ. कोरिया की यात्रा के दौरान किम से करेंगे मुलाकात

**सियोल।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन मंगलवार को दो दिवसीय यात्रा पर उत्तर कोरिया पहुंचेंगे। यह 24 वर्षों में पुतिन की उत्तर कोरिया की पहली यात्रा होगी। यह घोषणा दोनों देशों ने की। उम्मीद है कि पुतिन उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन से मुलाकात करेंगे। दोनों नेताओं के बीच वार्ता सैन्य सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित होगी।

उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने कहा कि पुतिन किम के निमंत्रण पर मंगलवार और बुधवार को राजकीय यात्रा पर रहेंगे। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने इस बारे में तत्काल विस्तृत जानकारी नहीं दी। रूस ने भी इस यात्रा की पुष्टि की।

# इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बिजली गुल, यात्री सेवा प्रभावित

नयी दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय राजधानी के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार अपराह्न को थोड़ी देर के लिए बिजली गुल होने से चेक-इन और बोर्डिंग संचालन सेवा प्रभावित हो गयी। हवाई अड्डे पर बिजली गुल होने पर कई यात्रियों ने निराशा व्यक्त करने के लिए सोशल मीडिया एक्स का सहारा लिया और जमकर इससे संबंधित पोस्ट डाली।

दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) ने एक बयान में कहा, सोमवार अपराह्न करीब दो बजे दिल्ली हवाई अड्डे के मुख्य रिसीविंग सब-स्टेशन (एमआरएसएस) के ग्रिड में वोल्टेज अचानक से तेजी से बढ़ गया, जो कथित तौर पर 765 केवी लाइन की ट्रिपिंग के कारण हुआ था। दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड (डीटीएल) ग्रिड से हुए इस वोल्टेज असंतुलन से कुछ समय के लिए सभी आईजीआई टर्मिनलों की सेवाएं प्रभावित हुईं, जिससे सामान को यात्रियों के पास पहुंचाने संबंधी और ई-गेट सेवा भी प्रभावित हुई।



इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बिजली गुल होने पर परेशान यात्री।

# मतभेदों का उचित समाधान निकालेंगे चीन-ऑस्ट्रेलिया

**मेलबर्न।** चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग ने सोमवार को कहा कि उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के साथ दोनों देशों के बीच मतभेदों का उचित तरीके से समाधान निकालने पर सहमति जताई है।

ली कियांग, अल्बनीज और दोनों देशों के वरिष्ठ मंत्रियों ने सोमवार को ऑस्ट्रेलिया के संसद भवन में मुलाकात की और व्यापार बाधाओं, अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में दोनों देशों की सेनाओं के बीच संघर्ष तथा ऑस्ट्रेलिया में महत्वपूर्ण खनिजों में निवेश करने की चीन की इच्छा सहित कई जटिल मुद्दों पर चर्चा की। ली शनिवार को एडिलेड और रविवार को राष्ट्रीय राजधानी कैनबरा पहुंचे।

## एक नजर

### पाकिस्तान की कार्रवाई में पांच आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने सोमवार को बयान में कहा कि खुफिया जानकारी के आधार पर रविवार को सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के खैबर कबायली जिले में अभियान के दौरान, सैनिकों ने आतंकवादियों के ठिकाने पर प्रभावी ढंग से कब्ज़ा कर लिया और पांच आतंकवादियों को मार गिराया। आतंकवादियों के पास से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भी बरामद किये गये।

### इक्वाडोर में भूस्खलन से आठ लोगों की मौत

**क्विटो।** इक्वाडोर के राष्ट्रीय जोखिम प्रबंधन सचिवालय ने सोमवार को बताया कि रविवार को भूस्खलन के कारण रिसॉर्ट शहर बानोस डी अगुआ सांता में सड़क मार्ग बंद हो गया और यहां स्थित घरों को नुकसान पहुंचा। इक्वाडोर के परिवहन एवं लोक निर्माण मंत्री रॉबर्टो लुके ने एक्स पर लिखा, हम राहत प्रयासों में मदद के लिए समन्वय कर रहे हैं और अधिक मशीनरी तैनात कर रहे हैं।

### अर्जेंटीना में डेंगू के पांच लाख से अधिक मामले


**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना में इस साल अब तक डेंगू के 508,000 से अधिक मामले सामने आए हैं, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 3.29 गुना अधिक है। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक इस वर्ष के पहले 23 सप्ताहों में डेंगू के 508,867 मामले सामने आए, जो 2023 के 31वें सप्ताह में डेंगू की लहर के बाद से दर्ज किए गए कुल 526,030 मामलों का 96.7 प्रतिशत है। मध्य क्षेत्र में सबसे अधिक मामले दर्ज किए गए, जो कुल मामलों का 61.6 प्रतिशत है, इसके बाद उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में 23.1 प्रतिशत और पूर्वोत्तर क्षेत्र में 13.1 प्रतिशत मामले दर्ज किए गए। दक्षिण अमेरिकी देश के 24 जिलों में से 19 में डेंगू फैल रहा है।

### यात्री विमान में लगी आग सुरक्षित उतारा गया

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड में सोमवार को एक यात्री विमान के इंजन में आग लगने के बाद हवाई जहाज को एक हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतार लिया गया। अग्निशमन विभाग ने यह जानकारी दी। ऑस्ट्रेलिया में मेलबर्न के लिए उड़ान भरने वाले वर्जिन ऑस्ट्रेलिया बोइंग 737-800 जेट विमान को आग लगने के कारण मार्ग बदलना पड़ा और हवाई जहाज को न्यूजीलैंड के इन्वरकार्गिल शहर में उतारा गया।

# कवच प्रणाली युक्त नहीं था न्यू जलपाईगुड़ी मार्ग

## रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष सिन्हा ने कहा कि मिशन मोड पर किया जा रहा है कवच का क्रियान्वयन


दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त ट्रेन की बोगियां।

नयी दिल्ली/कोलकाता, एजेंसी

रेलवे के गुवाहाटी-दिल्ली मार्ग पर जहां सोमवार को सियालदह कंचनजंघा एक्सप्रेस में एक मालगाड़ी ने पीछे से टक्कर मारी वहां कवच या ट्रेन टक्कर रोधी प्रणाली उपयोग में नहीं थी। एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा ने कहा कि इस मार्ग के लिए स्वचालित टक्कर रोधी ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा, अभी यह वहां नहीं है।

मालगाड़ी के चालक की ओर से संभावित मानवीय भूल की ओर इशारा करते हुए सिन्हा ने कहा कि न्यू जलपाईगुड़ी के निकट टक्कर संभवतः इसलिए हुई क्योंकि मालगाड़ी ने सिग्नल की अनदेखी की और अगरतला से सियालदह जा रही कंचनजंघा एक्सप्रेस को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में मालगाड़ी के लोको पायलट और कंचनजंघा एक्सप्रेस के गार्ड की भी मौत हो गई है।

सिन्हा ने कहा कि कवच का क्रियान्वयन मिशन मोड पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह 1,500 किलोमीटर रेलवे ट्रैक पर पहले से ही क्रियाशील है, जबकि इस वर्ष के अंत तक इसमें 3,000 किलोमीटर और जोड़ दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि देश के रेलवे नेटवर्क में कवच परियोजना का तेजी से क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए आपूर्तिकर्ताओं द्वारा सुरक्षा प्रणाली का उत्पादन बढ़ाया जाना चाहिए।

वहीं त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा ने मारे गये त्रिपुरा के यात्री के परिजनों को दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। साहा ने कहा कि दुर्घटना से प्रभावित त्रिपुरा के यात्रियों के इलाज पर आने वाला खर्च राज्य सरकार उठायेगी।

### इन ट्रेनों का बदला रूट


दुर्घटना स्थल पर जाते केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव।

ट्रेन संख्या 19602 न्यू जलपाईगुड़ी उदयपुर सिटी साप्ताहिक एक्सप्रेस, 20503 डिब्रूगढ़-नयी दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, 12423 डिब्रूगढ़-नयी दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, 01666 अगरतला-रानी कमलापति विशेष ट्रेन, 12377 सियालदह-न्यू अलीपुरद्वार पदातिक एक्सप्रेस, 06105 नागरकोइल जंक्शन, डिब्रूगढ़ स्पेशल, 20506 नयी दिल्ली-डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस, 12424 नयी दिल्ली-डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस, 22301 हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस, 12346 गुवाहाटी-हावड़ा सरायघाट एक्सप्रेस, 12505 कामाख्या-आनंद विहार नॉर्थईस्ट एक्सप्रेस, 12510 गुवाहाटी-बेंगलुरु एक्सप्रेस, 22302 न्यू जलपाईगुड़ी-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस, 15620 कामाख्या-गया एक्सप्रेस, 15962 डिब्रूगढ़-हावड़ा कामरूप एक्सप्रेस, 15636 गुवाहाटी-ओखा एक्सप्रेस, 15930 न्यू तिनसुकिया-ताम्बरम एक्सप्रेस, 13148 बामनहाट-सियालदह उत्तर बंगा एक्सप्रेस, 22504 डिब्रूगढ़-कन्याकुमारी एक्सप्रेस, 13142 न्यू अलीपुरद्वार-सियालदाह तीस्ता तोरसा, 12344 हल्दीबाड़ी- सियालदाह दार्जिलिंग मेल, 12378 न्यू अलीपुरद्वार सियालदाह पदातिक एक्सप्रेस, 15651 गुवाहाटी-जम्मू तवी लोहित एक्सप्रेस और 15658 कामाख्या-दिल्ली ब्रह्मपुत्र मेल परिवर्तित मार्ग से चलेंगी।

## भीषण रेल हादसों से दहला साल 2024

पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी में सोमवार को मालगाड़ी ने सियालदाह जाने वाली कंचनजंघा एक्सप्रेस को पीछे से टक्कर मार दी। भीषण हादसे में अब तक 15 लोगों की जान जा चुकी है, जबकि 60 से ज्यादा लोग घायल हैं। हादसा इतना भीषण था कि टक्कर के बाद कंचनजंघा एक्सप्रेस की कई बोगियां पटरी से उतर गईं। साल 2024 में हुए भीषण रेल दुर्घटनाओं के बारे में आपको अवगत कराते हैं।

- 18 जनवरी 2024 को झारखंड के गम्हरिया रेलवे स्टेशन पर रेलवे ट्रैक पार कर रहे चार लोग उत्कल एक्सप्रेस की चपेट आ गए थे। सभी की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई थी। नई दिल्ली-पुरी उत्कल एक्सप्रेस टाटानगर स्टेशन जा रही थी। गम्हरिया रेलवे स्टेशन के पास घने कोहरे के कारण रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान चार लोग तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गए थे।
- 17 फरवरी 2024 को दिल्ली में जखीरा फ्लाईओवर के पास मालगाड़ी के 10 डिब्बे पटरी से उतर गए थे। इस मालगाड़ी में लोहे की शीट के रोल लोड थे। सराय रोहिल्ला रेलवे के पास एक मालगाड़ी के 10 डिब्बे पटरी से उतर गए थे। हादसे के बाद रेलवे की टीमों ने मरम्मत कार्य शुरू कर ट्रेनों का आवागमन सुगम किया। जानमाल का नुकसान नहीं हुआ था।
- 28 फरवरी 2024 को झारखंड के जामताड़ा और विद्यासागर स्टेशन के बीच कई लोगों पर ट्रेन चढ़ गई थी। इस हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई थी। डाउन लाइन में बेंगलुरु-यशवंतपुर एक्सप्रेस गुजर रही थी। इस बीच लाइन के किनारे डाली गई गिट्टी का डस्ट उड़ रहा था, डस्ट को देखकर चालक को अंदेशा हुआ कि ट्रेन में आग लग गई है और धुंआ निकल रहा है। ड्राइवर ने ट्रेन रोकी और कई यात्री ट्रेन से उतर गए, इसी बीच अप में जा रही ईएमयू ट्रेन की चपेट में कई यात्री आ गए थे।
- 2 जून 2024 को पंजाब के फतेहगढ़ साहिब में सरहिंद के माधोपुर के पास दो मालगाड़ियां आपस में टकरा गईं। इस टक्कर में दो ट्रेन ड्राइवर घायल हो गए थे। घायलों को श्री फतेहगढ़ साहिब सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें सिविल अस्पताल फतेहगढ़ साहिब से राजिंदर अस्पताल पटियाला रेफर कर दिया गया था।

# जहाजों की टक्कर के लिए फिलीपींस जिम्मेदार : चीन

- फिलीपींस की सेना ने चीन के तटरक्षक के दावे को भ्रामक और गुमराह करने वाला करार दिया

ताइपे, एजेंसी

दक्षिण चीन सागर में विवादित स्प्रैटली द्वीप समूह के निकट सोमवार को एक चीनी जहाज और फिलीपींस के एक आपूर्ति जहाज के बीच टक्कर हो गई। चीन ने इस घटना के लिए फिलिपींस को जिम्मेदार ठहराया है। चीन के तटरक्षक बल ने बताया कि फिलीपींस का एक आपूर्ति जहाज स्प्रैटली द्वीप समूह में जलमग्न चट्टान सेकंड थॉमस शोल के निकट जलक्षेत्र में घुस आया। स्प्रैटली द्वीप समूह पर, कई देश अपने-अपने क्षेत्र का हिस्सा होने का दावा करते हैं। फिलीपींस की सेना ने चीन के तटरक्षक के दावे को भ्रामक और गुमराह करने वाला करार दिया है।

चीनी तटरक्षक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म वीचैट पर एक बयान में कहा कि फिलीपींस का एक आपूर्ति जहाज चीन द्वारा बार-बार दी गयी चेतावनियों को नजरअंदाज करते हुए गैर-पेशेवर तरीके से एक चीनी जहाज के पास खतरनाक तरीके से पहुंच गया, जिसके परिणामस्वरूप टक्कर हो गयी। बयान के मुताबिक इस दुर्घटना के लिए पूरी तरह से फिलीपींस जिम्मेदार है। फिलीपींस सेना ने मनीला में कहा कि सेना मनुष्यों की वैध आवाजाही और आयंगिन शोल पर पुनःआपूर्ति मिशन को लेकर किसी तरह की परिचालन जानकारी पर चर्चा नहीं करेगी।

# नेतन्याहू ने प्रभावशाली वार कैबिनेट को भंग किया : इजराइली अधिकारी

तेल अवीव, एजेंसी

इजराइली अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने उस प्रभावशाली वार कैबिनेट (युद्ध मंत्रिमंडल) को भंग कर दिया है, जिसे गाजा में युद्ध का संचालन करने का काम सौंपा गया था।



अधिकारियों के मुताबिक, विपक्षी नेता बेनी गैंट्ज़ के सरकार से बाहर चले जाने के बाद इस वार कैबिनेट को भंग कर दिया गया। बेनी गैंट्ज हमास के खिलाफ युद्ध के शुरुआती दिनों में इजराइल की गठबंधन सरकार में शामिल हुए थे। गैंट्ज ने मांग की थी कि नेतन्याहू की सरकार में अति-दक्षिणपंथी सांसदों को दरकिनार करने के लिए एक छोटा मंत्रिमंडल बनाया जाए। गेंट्ज, नेतन्याहू और रक्षा मंत्री योआव गैलेंट इसके सदस्य थे और उन्होंने पूरे युद्ध के दौरान मिलकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए। इजराइली अधिकारियों ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर यह बात कही, क्योंकि उन्हें मीडिया के साथ इस बदलाव पर चर्चा करने का अधिकार नहीं है।

### गाजा में इजरायल के हवाई हमले में नौ की मौत

**गाजा, एजेंसी।** ईद-उल-अज़हा के एक दिन पहले मध्य गाजा में अल-बुरीज शरणार्थी शिविर पर इजरायल की ओर से किए गए हवाई हमले में कम से कम नौ फिलिस्तीनी मारे गए। फिलिस्तीनी चिकित्सा सूत्रों ने रविवार को नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया कि हवाई हमले में दो आवासीय घरों को निशाना बनाया गया, जिसमें छह बच्चों सहित नौ लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गाजा में हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि रविवार तक गाजा पट्टी पर चल रहे इजरायली हमलों में मरने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या 37,337 हो गई है, जबकि 85,299 लोग घायल हुए हैं। उधर, इजरायली सैन्य प्रवक्ता अविचाय एड्राई ने रविवार को कहा कि दक्षिणी गाजा पट्टी में लड़ाई जारी है, जिसमें गाजा के सबसे दक्षिणी शहर राफा भी शामिल है।

# राष्ट्र विरोधी गतिविधि बंद करे पीटीआई : सरकार

- कानूनी मामलों के प्रवक्ता अकील मलिक ने कहा पाकिस्तानी सरकार की ऐसे लोगों पर नजर

इस्लामाबाद, एजेंसी

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी से राष्ट्र विरोधी गतिविधियां एवं दुष्प्रचार को बंद करने की अपील करते हुए सरकार ने चेतावनी दी है कि वह मित्र देशों के साथ संबंधों को नुकसान पहुंचाने के प्रयास में सोशल मीडिया पर राष्ट्र विरोधी अभियान चलाने में शामिल लोगों पर शिकंजा कसेगी।

जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, रविवार को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कानूनी मामलों के प्रवक्ता अकील मलिक ने कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) विदेशों में जिस तरह पाकिस्तान विरोधी गतिविधि चला रही है, पूर्व में वैसी कोई मिसाल नहीं मिलती। उन्होंने कहा, पाकिस्तान एक स्वतंत्र देश है और किसी दूसरे देश से वह निर्देश नहीं लेता। हम सभी देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध चाहते हैं। हालांकि, 2022 के अविश्वास प्रस्ताव के बाद से विदेशों में पाकिस्तान के खिलाफ बदनामीकारक अभियान शुरू हो गया है, जिसने पाकिस्तान विरोधी दुष्प्रचार को बढ़ावा दिया है। मलिक ने आरोप लगाया कि पीटीआई ने दूसरे देशों में पाकिस्तान विरोधी अभियान को बढ़ावा देने के लिए लामबंदी करने वालों और जनसंपर्क कंपनियों को काम पर रखा है।

## बॉलीवुड हलचल

### 15 नवंबर को प्रदर्शित होगी शुजित सरकार की फिल्म

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड फिल्मकार शुजित सरकार की आने वाली फिल्म 15 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। शुजित सरकार की आने वाली फिल्म एक पिता और बेटी के बीच के रिश्ते की कहानी है। इस फिल्म में महानायक अमिताभ बच्चन के सुपुत्र अभिषेक बच्चन की मुख्य भूमिका है। शुजित सरकार ने कहा, पिता-बेटी के रिश्ते वाकई खास होते हैं। उनमें अपनी अजीबोगरीब चीजें और चुनौतियां होती हैं। साथ ही, मुझे लगता है कि यह सबसे कम चर्चित या प्रस्तुत किए जाने वाले रिश्तों में से एक है, जिसमें खूबसूरत कहानियों की बहुत गुंजाइश है। पीकू एक ऐसी कहानी थी जिससे मैं तुरंत जुड़ गया, और मैं इसे बहुत कुछ पेश कर सका। इसी तरह, मेरी अगली फिल्म भी एक पिता और बेटी के बीच के मधुर बंधन के इर्द-गिर्द घूमती है और आपको उनकी भावनात्मक यात्रा के साथ यात्रा कराती है और हम 15 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में दुनिया भर के दर्शकों के सामने यह दिल को छू लेने वाली कहानी लाने के लिए तैयार हैं।

### सूर्या की शूटिंग फिर से शुरू करेंगे सन्नी देओल



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के माचो हीरो सन्नी देओल अपनी आने वाली फिल्म सूर्या की शूटिंग फिर से शुरू करेंगे। सन्नी देओल ने हाल ही में बॉर्डर 2 अनाउंस की है। यह फिल्म 23 जनवरी 2026 को रिलीज होगी। सन्नी देओल की अब एक और फिल्म को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। सन्नी की इस फिल्म का नाम है सूर्या है ,जो वर्ष 2018 में रिलीज हुई मलयालम फिल्म जोसेफ का रीमेक है। सन्नी देओल ने वर्ष 2022 में फिल्म सूर्या का काम शुरू किया था, लेकिन काम खत्म नहीं हो पाया था . लेकिन अब इस फिल्म का काम एक बार फिर से शुरू होने वाला है। कहा जा रहा है कि सन्नी देओल फिर से फिल्म सूर्या की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। कहा जा रहा है कि इसी साल नवंबर तक फिल्म सूर्या की शूटिंग खत्म हो जाएगी।

### शबाना आजमी को पसंद आयी फिल्म चंदू चैंपियन

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री शबाना आजमी को कार्तिक आर्यन की फिल्म चंदू चैंपियन बेहद पसंद आयी है। कबीर खान के निर्देशन में बनी कार्तिक आर्यन की फिल्म चंदू चैंपियन हाल ही में सिनेमाघरों में रिलीज हुयी है। इस फिल्म को लोगों से मिली जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। शबाना आजमी ने अपने पति जावेद अख्तर के साथ फिल्म चंदू चैंपियन देखी। शबाना आजमी ने कार्तिक और कबीर खान के काम की तारीफ की। शबाना आजमी ने कहा कि चंदू चैंपियन बेहतरीन फिल्म है।मैं तो रो-रो के पागल हो गई और कार्तिक का काम बहुत अच्छा था। कबीर ने बहुत अच्छा काम किया। मैंने बहुत दिनों के बाद कबीर की फिल्म देखी। कहानी ने हमें सेकंड हाफ में भी बांधे रखा।फिल्म देखते हुए मैं रोना बंद नहीं कर पाई। चंदू चैंपियन प्रेरणादायक कहानी है।

**खगोल विज्ञान** उत्तरी गोलार्ध में शनिवार से लंबा होने लगेगा रात का समय


# 21 जून का दिन होगा वर्ष का सबसे बड़ा दिन

- जून संक्रांति पर उत्तरी गोलार्ध में 23.5 डिग्री के कोण पर झुका होता है सूर्य
- इसके बाद दिसंबर तक दिन की अवधि छोटी होती चली जाएगी और रातें लंबी होती चली जाएंगी

अमृत विचार, नैनीताल

दिन व रात का अपना सफर एक सामान्य प्रक्रिया होने के बावजूद हमारे जीवन में गहरी छाप है। 21 जून को वर्ष का सबसे बड़ा दिन होगा। इसके बाद रात का अंधियारा बढ़ना शुरू हो जाएगा। यह प्रक्रिया निरंतर दिसंबर तक जारी रहेगी।

21 जून को जून संक्रांति कहा जाता है। इस दिनसूर्य उत्तरी गोलार्ध में अपने सबसे उत्तरी बिंदु पर पहुँच जाता है। यह बिंदु आकाशीय कर्क रेखा पर है, जो आकाश के समानांतर होता है और भूमध्य रेखा से 23.5 डिग्री उत्तर में मौजूद होता है। या कहें कि जून संक्रांति पर सूर्य उत्तरी गोलार्ध में 23.5 डिग्री के कोण पर झुका होता है। कर्क रेखा में दोपहर के समय सूर्य सीधे सिर के ऊपर होता है। इसी दौरान दक्षिणी गोलार्ध में स्थिति उत्तरी गोलार्ध के विपरीत होती हैं। यानी दिन छोटा व रात लंबी होती है। पृथ्वी पर कोई भी संक्रांति पृथ्वी के अपनी धुरी पर झुके होने और सूर्य के चारों ओर अपनी कक्षीय गति के कारण होती है। पृथ्वी के अपनी धुरी पर 23.5 डिग्री झुकी होने के कारण न केवल दिन रात के समय में अंतर आता है, बल्कि मौसम परिवर्तन की सबसे बड़ी वजह भी यही है। सर्दी और गर्मी का एहसास इसी वजह से होता है। जून संक्रांति 20 से 22 जून के बीच पड़ती है। इस वर्ष 21 जून को है। इसके बाद दिसंबर तक दिन की अवधि छोटी होती चली जाएगी और रातें लंबी होती चली जाएंगी।



पृथ्वी पर दिन व रात का चित्र।

### इन दिनों सर्वाधिक दूर होता है सूर्य

**नैनीताल :** भले ही इन दिनों तपा देने वाली भीषण गर्मी पड़ रही हो, लेकिन हकीकत में सूर्य उत्तरी गोलार्ध में हमसे सबसे दूर होता है। इसकी तुलना में सर्दियों में हमारे सर्वाधिक करीब होता है और तब थरथराने वाली ठंड का सामना करना पड़ रहा होता है। पृथ्वी के अपने अक्ष में झुकाव के कारण यह परिवर्तन आता है, जबकि दक्षिणी गोलार्ध में स्थिति उत्तरी गोलार्ध के विपरीत होती है।